रांची
रविवार
28.08.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 01
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-205 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह
किसी भी मनुष्य की इच्छाशक्ति अगर उसके साथ हो तो वह कोई भी काम बड़े आसानी से कर सकता है। इच्छाशक्ति और दृढ़संकल्प मनुष्य को रंक से राजा बना सकती है।

यूपीए विधायकों को लेकर हेमंत सोरेन लतरातू डैम पहुंचे

○ लतरातू डैम में राजनीतिक थकान मिटा कर सभी विधायक वापस लौटे, फिर से रणनीति बनाने में जुटे

▸▸ जलाशय में बोटिंग और शानदार पार्टी के साथ तनाव कम करने की कोशिश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में बारिश के बावजूद राजनीतिक तापमान में लगातार वृद्धि होती जा रही है। सीएम हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राजभवन को अनुशंसा प्राप्त हो जाने के बाद अटकलों का बाजा गर्म है। वहीं, इस संकट की घड़ी में सीएम हेमंत सोरेन द्वारा लगातार बैठक कर यूपीए विधायकों की एकजुटता प्रदर्शित करने की कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को यूपीए के तमाम विधायकों के साथ लतरातू डैम पहुंचे। तीन लग्जरी बसों में बैठ कर एक साथ रांची-खूंटी सीमा पर कर्रा प्रखंड प्रखंड के लतरातू डैम पहुंचे। लतरातू डैम में बोटिंग और शानदार पार्टी के साथ तनाव करने की कोशिश की। वहीं, शाम में सभी विधायक वापस मुख्यमंत्री आवास लौट आये और देर शाम यूपीए विधायकों की बैठक में शामिल हुए। इसके अलावा झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय ने भी कांग्रेस विधायक दल की भी अलग से बैठक की। लतरातू डैम के निकट स्थित डुमरगढ़ी गेस्ट हाउस में यूपीए विधायकों के लिए शानदार टेंट की व्यवस्था की गयी थी। यहां अलग-अलग टेंटों में विधायकों को ठहराया गया था, खूबसूरत प्राकृतिक सौंदर्य के बीच लतरातू डैम में विधायकों के लिए बोटिंग की भी व्यवस्था की गयी थी। इस दौरान विधायकों के लिए लजीज व्यंजनों का भी प्रबंध था। यूपीए विधायकों की एकजुटता दिखाने के लिए मुख्यमंत्री सभी विधायकों के साथ लतरातू डैम रिजॉर्ट का सैर कराया गया। इस दौरान आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे और उस क्षेत्र में पत्रकारों के जाने पर भी पाबंदी लगा दी गयी थी। इससे पहले सीएम आवास से तीन लग्जरी वोल्वो बस में सवार होकर सभी विधायक लतरातू डैम पहुंचे थे।

हाल के दिनों में बेहतरीन पर्यटक स्थल के रूप में उभरा है लतरातू

राजधानी रांची से करीब 40 किमी दूर रांची-खूंटी सीमा पर अवस्थित लतरातू डैम का नजारा बारिश में काफी आकर्षक हो गया है। बारिश के कारण डैम का जलस्तर पर भी बढ़ा हुआ है और चारों ओर सिर्फ हरियाली ही हरियाली नजर आ रही है। गर्मी के मौसम में भी यहां बच्चों के साथ लोग पिकनिक मनाने आ सकते हैं। हाल के दिनों में लतरातू डैम एक बेहतरीन पर्यटक स्थल के रूप में उभरा है और पर्यटन का एक अच्छा केंद्र माना जाता है। लतरातू डैम में जल के विशाल भंडारण के कारण बारिश के दिनों में भी यहां आने वाले सैलानियों की संख्या भी बढ़ जाती है। रांची-खूंटी सीमा पर स्थित होने की वजह से लतरातू डैम घूमने के लिए दोनों जिलों के अलावा दूर-दराज और देश के विभिन्न राज्यों से भी पर्यटक यहां आते हैं। विशाल क्षेत्र में फैले इस डैम में पर्याप्त मात्रा में सालों भर जल का भंडारण रहता है। यही वजह है कि गर्मियों के दिनों में भी पर्यटक यहां घूमना पसंद करते हैं।

देश के 49वें सीजेआई बने जस्टिस यूयू ललित

नयी दिल्ली (एजेंसी)। न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित ने शनिवार को भारत के 49वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वरिष्ठतम न्यायाधीश को राष्ट्रपति भवन में मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलायी। वकालत करते हुए सीधे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बने मुख्य न्यायाधीश ललित का कार्यकाल 74 दिनों का होगा। वह आगामी आठ नवम्बर तक इस पद पर रहेंगे। न्यायमूर्ति ललित शीर्ष अदालत के ऐसे दूसरे मुख्य न्यायाधीश हैं, जिन्हें वकालत करते हुए सीधे यहां न्यायाधीश और फिर मुख्य न्यायाधीश के पद पर पहुंचने का गौरव प्राप्त हुआ। इससे पहले यह सौभाग्य न्यायमूर्ति एस एम सीकरी को मिला था और वह जनवरी 1971 से अप्रैल 1973 तक 13वें मुख्य न्यायाधीश रहे। नौ नवम्बर 1957 को महाराष्ट्र के सोलापुर में जन्मे न्यायमूर्ति ललित के पिता यूआर ललित बांबे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ में अतिरिक्त अतिरिक्त न्यायाधीश थे। जून 1983 में एक वकील के रूप में उनका पंजीकरण हुआ और दिसम्बर 1985 तक उन्होंने बॉम्बे उच्च न्यायालय में वकालत की थी। जनवरी 1986 में दिल्ली आकर वकालत जारी रखा। अप्रैल 2004 में उन्हें शीर्ष न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया।

▸▸ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संक्षिप्त समारोह में न्यायमूर्ति ललित को दिलायी शपथ

▸▸ 74 दिनों का होगा मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल

सदस्यता जाने पर प्रदेश अध्यक्ष बनाये जा सकते हैं बाबूलाल

▸▸ 30 अगस्त को स्पीकर के न्यायाधीकरण में दल-बदल मामले में होनी है सुनवाई

▸▸ स्पीकर के फैसले के बाद भाजपा आलाकमान संगठन में कर सकता है फेरबदल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री व झारखंड विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की सदस्यता खत्म हुई तो उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जा सकती है। भाजपा आलाकमान के द्वारा इस संबंध में मंथन की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, भाजपा आलाकमान व प्रदेश इकाई को अंदेशा है कि दल-बदल के मामले में 30 अगस्त को भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की सदस्यता विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा खत्म की जा सकती है। 30 को स्पीकर के न्यायाधीकरण में सुनवाई है। माले नेता राजकुमार यादव ने बाबूलाल मरांडी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

आजाद पार्टी बनायेंगे और चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा को होगा फायदा

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेताओं का गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे के बाद कहना है कि उन्होंने अपने फेयरवेल के दौरान पीएम के भाषण और आंसुओं का ऋण चुकाया है। जबकि भाजपा नेताओं का कहना है कि नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी नेताओं के बहुत बुरे दिन आनेवाले हैं। जम्मू-कश्मीर के एक भाजपा नेता का कहना है कि कांग्रेस लगभग विलुप्त हो चुकी है, प्रदेश में एनसी और पीडीपी के लिए सबसे बुरा दिन है।

कांग्रेस जम्मू क्षेत्र में भाजपा के वोट बैंक को खा रही है। कांग्रेस के कमजोर होने से भाजपा को जहां भी जगह मिलेगी, फायदा होगा। मुकाबला आजाद की नयी पार्टी और राकांपा और पीडीपी के बीच होगा और सभी अपने विशिष्ट वोट आधार को लक्षित करेंगे। हमारे पास कांग्रेस के मतदाताओं को लुभाने का मौका होगा, जो पीडीपी या अन्य क्षेत्रीय पार्टी को कभी वोट नहीं देंगे।

भाजपा नेता का कहना है कि आजाद, फारूक अब्दुल्ला की पार्टी के विकल्प के रूप में उभर सकते हैं, क्योंकि दोनों की छवि नरम राष्ट्रवादी है। साथ ही अब्दुल्ला ईडी के मामले का सामना कर रहे हैं और यूटी में एक अफवाह है कि दिल्ली में हमारे साथ उनकी कुछ सेटिंग है और उन्हें नुकसान हो ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

मधुबन में भाजपा का प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

संगठन की मजबूती के लिए प्रशिक्षण आवश्यक : दिलीप सैकिया

तीनों दिनों तक संगठनात्मक और वैचारिक मुद्दों पर होगी चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पार्टी के कार्यकर्ता ही पार्टी के मूलधन हैं और इन्हे पार्टी के रीति-नीति, विचार, संस्कार की गहराई तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक है। उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवम प्रदेश प्रभारी सांसद दिलीप सैकिया ने शनिवार को प्रदेश भाजपा द्वारा मधुबन, गिरिडीह में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि गौरवशाली भारत के अतीत के आधार पर व्यक्ति निर्माण, समाज परिवर्तन फिर राष्ट्र पुनर्निर्माण का कार्य जनसंघ से अबतक लगातार जारी है। इसके लिये प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जैसे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम आवश्यक है वैसे ही संगठन की मजबूती के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में मां भारती की सेवा का भाव अनवरत जागृत रहे, कभी किसी परिस्थिति में भटकाव न हो इसके लिये ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि उपदेश देने से अच्छा उदाहरण बनें। स्वयं आदर्श बनें और बनायें और इसका उदाहरण कार्यकर्ताओं ने कोरोना काल में प्रस्तुत किया है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्र सर्वोपरि विचार, प्रथम पुरुषी विचार, कार्यपद्धति, कार्यकर्ता विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकर्ताओं के सात मूल मंत्र सेवा भाव, समन्वय, संतुलन, संयम, संवेदना, सकारात्मकता और संपर्क संवाद को आत्मसात करते हुए संगठन कार्य को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री का नेतृत्व मिल रहा। जो देश केलिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में झारखंड के कार्यकर्ताओं ने विपरित परिस्थितियों में भी संगठन कार्य को मजबूती दी है और लंबा संघर्ष भी किया है। उन्होंने कहा कि हमे पार्टी की नीतियों के साथ मोदी सरकार की लोककल्याण की योजनाओं को भी जन जन तक पहुंचाना है।

▸▸ राष्ट्र सर्वोपरि विचार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की फौज जरूरी : सैकिया

नवनियुक्त संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का स्वागत

प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में भाजपा झारखंड के नवनियुक्त संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का स्वागत व अभिनंदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर नये संगठन महामंत्री का अभिनंदन किया। प्रशिक्षण शिविर का विधिवत उद्घाटन महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन, वंदे मातरम् गान के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री एवम नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री वी सतीश, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, मनोज सिंह, उपस्थित थे। संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने किया। जबकि अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, निर्भय शहाबादी, सुभाषचंद्र सिन्हा, श्यामा प्रसाद, अशोक उपाध्याय, सुरेश साव, चुन्नू कांत, दिनेश प्रसाद यादव ने किया। प्रशिक्षण शिविर में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, सांसद पीएन सिंह, यदुनाथ पांडेय, सांसद सुनील सिंह, महामंत्री सांसद आदित्य साहू, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विरंची नारायण, भानु प्रताप शाही, नवीन जायसवाल, केदार हाजरा, नारायण दास सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विभाग, प्रकोष्ठ, प्रकल्प के संयोजक, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष शामिल हैं।

जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा में प्रशिक्षण महत्वपूर्ण कार्यक्रम : दीपक प्रकाश

अध्यक्षीय संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा की राजनीतिक यात्रा में प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो मंडल स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विचार आधारित पार्टी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक अद्भुत आध्यात्मिक चेतना से युक्त स्थल पर हो रहा है जो कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 15 सत्रों में आयोजित है जिसमे वैचारिक पक्ष, सैद्धांतिक अधिष्ठान, देश की सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत, केंद्र सरकार की उपलब्धियों सहित कई विषयों पर चर्चा होगी। विषय के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह वर्ग कार्यकर्ताओं के लिए रिफ्रेशर कोर्स भी है और सीखने के अवसर भी हैं।

कैशकांड में फंसे विधायकों पर दल-बदल की तलवार

रांची। कैशकांड में फंसे झारखंड कांग्रेस के तीन विधायकों पर अब दल-बदल की तलवार लटक रही है। पार्टी ने इससे जुड़ी शिकायत झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के समक्ष दर्ज करायी है। वहीं, पार्टी की शिकायत पर स्पीकर न्यायाधीकरण ने तीनों विधायकों इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को नोटिस भी जारी कर दिया है जिसके अनुसार उन्हें एक सितम्बर को स्पीकर के सामने अपना पक्ष रखना है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी के तीन विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की और भूषण बाड़ा ने इससे जुड़ी शिकायत कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम को भेजी थी।

धनबाद के बाघमारा में गैस रिसाव, दहशत में हैं लोग

धनबाद। जिले के कतरास इलाके के छाताबाद के पास शनिवार को अचानक गैस रिसाव होने से इलाके में दहशत के साथ साथ हड़कंप मचा गया। गैस रिसाव की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस नेता, पार्षद प्रतिनिधि सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीणों ने गैस रिसाव की सूचना बीसीसीएल प्रबंधन को दी, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों की सूचना पर बीसीसीएल प्रबंधन का कोई अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा था। इससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। गैस रिसाव धीरे-धीरे बढ़ता ही जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार जहां गैस रिसाव हो रही है, वहां तकरीबन दस हजार की आबादी रहती है।

कारोबारी अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश और राजीव से ईडी ने की पूछताछ

○ साहिबगंज के कारोबारी भगवान भगत और डीएमओ विभूति कुमार से भी पूछताछ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल, अमित अग्रवाल के मामले में ही शिकायत के बाद कोलकाता पुलिस के द्वारा गिरफ्तार अधिवक्ता राजीव कुमार व अमित अग्रवाल के करीबी रहे प्रेम प्रकाश से पूरे दिन पूछताछ की। वहीं, साहिबगंज में अवैध खनन के मामले में ईडी ने वहां के डीएमओ विभूति कुमार और कारोबारी भगवान भगत से पूछताछ की। भगवान भगत के बारे में बताया जाता है कि वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा का करीबी है। बरहरवा में माइंस कारोबार में भगवान भगत पंकज मिश्रा का पार्टनर रहा है।

प्रेम प्रकाश से मनी लाउंड्रिंग के पहलुओं पर ईडी ने किये सवाल

जानकारी के मुताबिक, प्रेम प्रकाश से भी ईडी ने अवैध खनन, शराब कारोबार से हुई अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग के पहलुओं पर पूछताछ की। वहीं, अधिवक्ता राजीव कुमार की गिरफ्तारी में भी पीपी की भूमिका पर ईडी पड़ताल कर रही है। प्रेम प्रकाश के हरमू स्थित आवास से एके 47 की बरामदगी के मामले में ईडी ने जांच में पाया है कि जुलाई महीने के आखिरी सप्ताह में आरक्षी मुकेश व श्यामल की तैनाती सीएम के हाउस गार्ड के तौर पर की गयी थी। ईडी यह पड़ताल कर रही कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि सीएम हाउस के नाम पर वह प्रेम प्रकाश के साथ रह कर ही ड्यूटी कर रहे थे। इस संबंध में ईडी ने रांची के सार्जेंट मेजर से भी पूछताछ की है। वहीं, जवानों का बयान भी दर्ज कराया जायेगा।

अमित से पूछा- राजीव के संपर्क में कैसे आये

ईडी सूत्रों के मुताबिक, अमित अग्रवाल से ईडी के अधिकारियों ने कई घंटे पूछताछ की। अमित अग्रवाल के एजेंसी के पदाधिकारियों ने पूछा कि वह अवैध खनन व शेल कंपनियों के मामले में याचिकाकर्ता के वकील राजीव कुमार के संपर्क में कैसे आये थे। ईडी ने राजीव कुमार की गिरफ्तारी के संबंध में, गिरफ्तारी के पूर्व राजीव कुमार के संपर्क में आने, कब-कब बातचीत हुई, मध्यस्थता किसने की, इन पहलुओं पर पूछताछ की। हालांकि, अमित अग्रवाल ने इन सवालों के जवाब में क्या कहा, इसका खुलासा एजेंसी ने नहीं किया है।

खादी का एक-एक धागा आजादी के आंदोलन की ताकत बना : पीएम मोदी

अहमदाबाद (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7,500 बहनों-बेटियों ने एक साथ चरखे पर सूत कातकर नया इतिहास रच दिया है। श्री मोदी ने शनिवार शाम अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर गुजरात राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के नये कार्यालय भवन और एक फुटओवर ब्रिज अटल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर खादी उत्सव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साबरमती का ये किनारा आज धन्य हो गया है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर 7,500 बहनों-बेटियों ने एक साथ चरखे पर सूत कातकर एक नया इतिहास रच दिया है।

उन्होंने कहा कि अटल ब्रिज, साबरमती नदी को, दो किनारों को ही आपस में नहीं जोड़ रहा बल्कि ये डिजाइन और नवोन्मेष में भी अभूतपूर्व है। इसकी डिजाइन में गुजरात के मशहूर पतंग महोत्सव का भी ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि खादी का एक धागा, आजादी के आंदोलन की ताकत बन गया, उसने गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया। खादी का वही धागा, विकसित भारत के प्रण को पूरा करने का, आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

▸▸ साढ़े सात हजार बहनों-बेटियों ने एक साथ चरखे पर सूत कातकर रचा नया इतिहास

न्यूज गैलरी

एमए. मीड सेम की परीक्षा शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

रांची। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केन्द्र में विगत शुक्रवार को शुरू हुई स्नातकोत्तर मीड सेम टू की परीक्षा आज शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया. नागपुरी भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नन्द तिवारी, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो एवं डॉ रीझू नायक ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित इस परीक्षा में 58 परीक्षार्थी उपस्थित रहें. डॉ तिवारी ने बताया कि परीक्षा के दौरान कोविड के खतरे को देखते हुए एहतियात के तौर पर सोशल डिस्टेंस का पूरा ख्याल रखा गया. साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की थर्मल स्क्रीनिंग और सेनिटाइजर का भी प्रयोग किया गया. परीक्षार्थियों ने परीक्षा के पश्चात अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रश्न काफी आसन थे, जो भी पढ़ाई हुई थी उतने से ही प्रश्न पूछे गए.

दुर्गा पूजा समिति डकरा के अध्यक्ष बने अरुण कुमार सिंह

डकरा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाया जायेगा। दुर्गा पूजा धूमधाम से सम्पन्न कराने को लेकर स्थानीय शिव मंदिर के परिसर में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसमिति से अरुण कुमार सिंह को पांचवीं बार अध्यक्ष मनोनित किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गापूजा भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त ने विभिन्न मानकों में प्रगति लाने का दिया निर्देश

रांची। उपविकास आयुक्त रांची विशाल सागर द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत विभिन्न मानकों की समीक्षा की गई। उपविकास आयुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला अभियंता जिला परिषद, राँची, कार्यपालक अभियंता, एनईआरपी-1, राँची एवं आकांक्षी जिला फेलो आदि उपस्थित थे। बैठक में उपविकास आयुक्त् श्री विशाल सागर द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत विभिन्न मानकों में आने वाले योजनाओं में प्रगति लाने का निर्देश दिया। विशेषकर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित इंडिकेटर में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।श्री विशाल सागर द्वारा स्वास्थ्य अंतर्गत बच्चों का टीकाकरण शत प्रतिशत कराने का निदेश दिया।

बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को भेजा जेल

रांची। हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस ने आठ साल की बच्ची के साथ छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम ख्वाजा खान है और वह मदीना मस्जिद के पास का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार बच्ची घर के बाहर शुक्रवार की शाम खेल रही थी। इसी क्रम में आरोपी उसे चाकलेट के बहाने घर में बुलाया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने के बाद आसपास के लोग जमा हो गए। आरोपी की जमकर धुनाई की। इसके बाद हिंदपीढ़ी पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया।

स्कूटी चोरी और लूटपाट मामले में एक गिरफ्तार

रांची। अरगोड़ा थाने की पुलिस ने स्कूटी चोरी और लूटपाट मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मो साजिद अंसारी उर्फ छोटू है और वह कडरू बगीचा टोली का रहने वाला है। बताया जा रहा कि आरोपी ने बीते 26 अगस्त को अरगोड़ा इलाके से एक स्कूटी की चोरी की थी। इससे पहले आरोपी ने चुटिया इलाके में एक व्यक्ति से मोबाइल की छिनतई की। विरोध करने पर पीड़ित को चाकू मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अरगोड़ा पुलिस इस मामले में दूसरे आरोपी की तलाश में जुट गई है। उसके संबंधित

पीआईबी-सीबीसी रांची के एडीजी ने कार्यक्रम की रूप रेखा व अन्य विषयों पर दी जानकारी

आजादी के अमृत महोत्सव पर आज से पांच दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को प्रेस वार्ता के जरिए, देश भर में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, रांची द्वारा आज से रांची विश्वविद्यालय परिसर में स्थित दीक्षांत मंडप में 05-दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी अपर महानिदेशक, पीआईबी-सीबीसी रांची अखिल कुमार मिश्रा ने दी। इस मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन कल 28 अगस्त को जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के कर कमलों से संपन्न होगा। अपने संबोधन में एडीजी अखिल मिश्रा ने कहा कि मैं सभी आमजनों एवं मीडिया के साथियों से अनुरोध करूंगा कि आप परिवार के साथ इस प्रदर्शनी को देखने आएं ताकि बच्चों को हमारे स्वतन्त्रता आन्दोलन से जुड़ी रोचक जानकारियां प्राप्त हो। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, उसका आप सपरिवार आनंद लें। राष्ट्रीय तथा स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों का आजादी में योगदान, गरीबों और

वंचित लोगों की सेवा, नारी शक्ति, किसान कल्याण, आयुष व योग के जरिए स्वास्थ्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवा शक्ति आदि से जुड़ी प्रमुख योजनाओं पर आधारित मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनों का पारंपरिक उ?द्घाटन दीक्षांत मंडप, रांची विश्वविद्यालय में होगा । जिसमें शहर की कई प्रमुख हस्तियां एवं जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में लगे एलईडी वॉल एवं प्लाजमा टीवी के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां लगातार प्रसारित किया जाएगा। आयुष व योग के बारे में भी ऑडियो विजुअल द्वारा जानकारी दी जाएगी। इस प्रदर्शनी में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जिंगा इंडिया के साथ मिलकर ऑनलाइन मोबाइल गेम्स के माध्यम से एक मजेदार डिजिटल लर्निंग अनुभव विकसित किया गया है, जिसे इस प्रदर्शनी में दशार्या जाएगा। आजादी क्वेस्ट ऑनलाइन मोबाइल गेम्स की एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद सीरिज है, जिसका उद्देश्य एक मजेदार गेमप्ले के माध्यम से खिलाड़ियों को भारत की स्वतंत्रता की यात्रा और भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के वीरता के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए एक मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी के दौरान आयुष स्वास्थ्य विभाग रांची के द्वारा आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) से संबंधित स्टॉल भी लगाया जा रहा है। इस मौके पर विभाग के द्वारा कोरोना किट एवं आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया जाएगा। मौके पर पोस्ट ऑफिस, बैंक और एल आई सी के स्टॉल्स के द्वारा जनोपयोगी योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

साझा मंच की गतिविधियां तीव्र

रांची। आज साझा मंच, झारखंड की एक बैठक बजरंग बली मंदिर प्रांगण,रातू रोड में माननीय जय सिंह यादव के सौजन्य से आयोजित की गई जिसमें नफरत के मुहिम के खिलाफ समाज में आपसी सौहार्द और एकता पर चर्चा हुई! बैठक की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ हरमिंदर बीर सिंह जी ने किया। 3 अगस्त के जन-कन्वेंशन कार्यक्रम की समीक्षा के साथ साझा मंच के आगे का कार्यक्रम तय किया गया जिसमें स्कूल व कॉलेज में बच्चों को सद्भाव और आपसी एकजुटता पर छोटी फिल्म दिखाने व चर्चा करना , विभिन्न मोहल्ला में जन चेतना फैलाने का कार्यक्रम लिया जाय। विभिन्न जिलों में साझा मंच का कार्यक्रम के आमंत्रण को लेकर भी चर्चा हुई इससे मंच को पूरे झारखंड में विस्तारित किया जा सके। अगले रविवार 4 अगस्त को एक बैठक साझा मंच के साथ विभिन्न पूजा समितियों का आयोजित करने का प्रस्ताव जय सिंह यादव ने रखा जिसे कमिटी ने सहर्ष सहमति दी।

अनिल कुमार सिंह झारखंड स्टेट खो-खो एसोसिएशन समन्वय समिति के चेयरमैन बने

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड स्टेट खो-खो एसोसिएशन के चेयरमैन (सभापति) की अध्यक्षता में आयोजित हुई प्रथम नवनियुक्त कार्यकारिणी समिति की बैठक मैं सर्वसम्मति से झारखंड के पूर्व खेल निदेशक पूर्व आईएस अनिल कुमार सिंह को झारखंड स्टेट खो-खो एसोसिएशन का समन्वय समिति, जूरी एवं अपीलीय समिति का चेयरमैन नियुक्त करने का निर्णय लिया गया था और अनिल सिंह के सहमति के उपरांत नियुक्ति पत्र निर्गत करने के लिए संतोष प्रसाद (महासचिव) को अधिकृत किया गया था ' श्री सिंह का कार्यकाल 2022 से 2026 तक के लिए होगी' श्री सिंह के झारखंड स्टेट खो-खो एसोसिएशन में जुड़ने से खो-खो खेल के खिलाड़ी और खेल संघ के पदाधिकारी दोनों ही उनके देखरेख व दिशा निर्देश और उनके खेल अनुभव का लाभ लेते हुए नई दिशा व राह में और मजबूत होंगे तथा खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल होगा' श्री सिंह के समन्वय समिति, जूरी एवं अपीलीय समिति का चेयरमैन बनने पर रांची विधायक -सह-झारखंड स्टेट खो खो एसोसिएशन के चेयरमैन श्री सी. पी.सिंह, अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बीसी ठाकुर, वरीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश कश्यप, धनंजय कुमार सिंह, आरती कुजूर, प्रिंस अजमानी, उपाध्यक्ष सुनीत कुमार मल्लिक, राज कुमार साव, भूपेश कुमार, महासचिव संतोष प्रसाद, संयुक्त सचिव दीपक दुबे, सत्येंद्र प्रसाद, प्रिंस कुमार मिश्रा, रणवीर सिंह, मोहम्मद मोईम अंसारी, कोषाध्यक्ष अजय झा, रेफरी बोर्ड के चेयरमैन अनिल प्रसाद, कानूनी सलाहकार विनोद कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य लखन कुमार भगत, तपन कुमार राउत, अजय राम, गुडविन तोपनो, ज्ञान प्रकाश ठाकुर, विक्की रामानी, जय प्रकाश सिन्हा, विक्रम कुमार ठाकुर, आयुष कुमार ठाकुर, चंदन कुमार इत्यादि गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जमीन कारोबारी से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

रांची। पिठोरिया पुलिस ने जमीन कारोबारी से हथियार के बल पर रंगदारी मांगने पहुंचे अपराधी को कोकदोरो से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम महफूज अंसारी उर्फ सद्दाम अंसारी है। वह कांके थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसके बाद से पुलिस ने देसी पिस्टल के अलावा गोली भी बरामद की है। वहीं दूसरा अपराधी मौके से भाग निकला। पूरे मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि कारोबारी शाहीद को बाइक सवार दो अपराधियों ने कोकदोरो के पास रोका। हथियार सटाकर उनसे 12 लाख रुपए रंगदारी की मांग की। इंकार करने पर अपराधियों ने उनके साथ मारपीट की और उनके कार का शीशा भी तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग जमा हुए। उन्हें देखकर अपराधी भागने लगे। ग्रामीणों ने खदेड़कर एक आरोपी को दबोच लिया।

मासिक धर्म एवं महिलाओं के स्वास्थ्य पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

किशोरियों के बीच पैड का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

नामकुम। किशोरी फाउंडेशन और साइन चैरिटी (अमेरिका) के संयुक्त तत्वाधान में मासिक धर्म तथा महिलाओं के स्वास्थ्य पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ नामकुम प्रखंड के रामपुर पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में जिला परिषद सदस्य रीता होरो, प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा देवी, मुखिया सरस्वती देवी उपस्थित थी। कार्यशाला में किशोरियों को संस्थान के विशेषज्ञ ट्रेनर काजल तथा बुशरा नाज द्वारा मासिक धर्म एवं स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं अतिथियों ने भी अपने-अपने विचार रखें। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम द्वारा समाज में सकारात्मक संदेश

का संचार होगा। जागरूकता किसी भी कार्य की सफलता का मूल आधार होता है। संस्थान के सचिव राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि एक जागरूक किशोरी एक स्वास्थ्य समाज का निर्माण करती है। दो दिवसीय कार्यशाला में किशोरियों को नाश्ता एवं भोजन की सुविधा कार्यशाला स्थल में ही कराया गया। सभी किशोरियों के बीच पैड का वितरण हुआ। कार्यशाला में पूर्व मुखिया महादेव मुंडा, माधव कच्छप, पंसस कल्याण लिंडा, समाजसेवी संजय साहू सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

मारवाड़ी सहायक समिति ने एयर इंडिया की सेवाएं निरंतर चालू रखने का किया आग्रह

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मारवाड़ी सहायक समिति रांची के अध्यक्ष- अशोक कुमार नारसरिया, सचिव- कौशल राजगढ़िया एवं मीडिया प्रवक्ता- संजय सर्राफ ने झारखंड के गौरव टाटा समूह के पास एयर इंडिया वापस आने पर बधाई एवं शुभकामनाएं एयर इंडिया के प्रबंध निर्देशक को दी है तथा मारवाड़ी सहायक समिति ने एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक दिल्ली को एक पत्र प्रेषित कर कहा है कि सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि एयर इंडिया अपनी सेवाएं रांची से समाप्त करने जा रही है जो कि एक दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि लगभग 55 वर्ष पूर्व रांची एयरपोर्ट की शुरूआत ही इंडियन एयरलाइंस के द्वारा की गई थी। रांची में एवं इसके नजदीक एरिया में बहुत सारे औद्योगिक परिसर एवं माइंस है। एचईसी, मेकन, सीसीएल, सीएमपीडीआई, उषा मार्टिन, जिंदल इस्पात टाटा समूह के उद्योग बोकारो स्टील प्लांट के अलावे बॉक्साइट, अभ्रक, लाह, कोयले जैसे प्रमुख खनिज पदार्थों भी इसी इलाके में प्रचुर मात्रा में है।

रांची झारखंड राज्य की राजधानी है। इसके आसपास कोई भी बड़ा एयरपोर्ट एवं विमान सेवा उपलब्ध नहीं है। एयर इंडिया ही यहां के निवासियों को दिल्ली एयरपोर्ट टी-3 से अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा उपलब्ध कराती है राज्य की राजधानी होने के कारण बहुत सारे राजनेता अधिकारीगण व्यवसाई एवं नागरिकों को एयर इंडिया द्वारा दिल्ली एवं विदेशों की यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है। अतः आपसे आग्रह है कि कृपया अपने निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए रांची एवं जमशेदजी की कर्म स्थल टाटानगर जैसे शहरों के लिए रांची एयरपोर्ट एक अच्छी प्लानिंग एवं समय के साथ अपनी सेवाएं बरकरार रखें तथा उम्मीद करते है कि भविष्य में भी आपके द्वारा रांची एवं झारखंड राज्य को सहयोग मिलता रहेगा।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का हुआ कार्यक्रम

राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय व सेंट्रल एकेडमी के स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता व निबंधन का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केन्द्रीय संचार ब्यूरो रांची द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर रविवार से दीक्षांत मंडप, रांची विश्वविद्यालय परिसर में 05 दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। आज प्रेस वार्ता में पीआईबी-सीबीसी रांची के एडीजी ने कार्यक्रम की रूप रेखा एवं अन्य जानकारियां दी। केंद्रीय जनजातीय मामले मंत्री श्री अर्जुन मुंडा द्वारा प्रदर्शनी का 28-08-2022 को उद्घाटन होगा। इसी क्रम में शनिवार को प्री पब्लिसिटी प्रोग्राम के तहत राजकीय मध्य विद्यालय करमटोली बरियातू एवं सेंट्रल अकैडमी बरियातू रांची में बच्चों के बीच चित्रांकन रंगोली तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया। साथ ही हर घर तिरंगा 8 शाल सुशासन का एवं आजादी का अमृत महोत्सव को याद करते हुए बच्चों के लिए पेंटिंग, रंगोली

एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद के तकनीकी सहायक राज किशोर पासवान ने जानकारी दी और अपने अभिभावकों को भी इसके लिए प्रेरित कर जानकारी देने के लिए कहा उन्होंने झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, सिधो कान्हो, फूलो झानो, तेलंगा खड़िया आदि के बारे में भी बताया। इस मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय करम टोली के प्राचार्या शुफिया खातून शिक्षिका संगीता कुमारी संगीता टोप्पो डॉक्टर ए के लाल एवं श्रीमती मुन्नी तोपों आदि उपस्थित थी सेंट्रल एकेडमी बरियातू रांची के प्राचार्य सूतापा भट्टाचार्य शिक्षिका पल्लवी कुमारी लक्की कुमारी श्वेता फरीदा अंकिता चौरसिया मोहम्मद आमिर सैंडल आदि उपस्थित थे। कल 28 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम के दौरान सभी को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा होंगे पुरस्कृत। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय तथा झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों, आजादी क्वेस्ट ऑनलाइन मोबाइल गेम्स आदि के बारे में रोचक जानकारी दी जाएगी।

एक्सआईएसएस ने 1997 के एलुमनी रीयूनियन का किया आयोजन,कई बड़े अधिकारी हुए शामिल

आपके प्रोफेशनल और निजी जीवन में हासिल की गयी सफलताओं के लिए शुभकामनाएं देता हूं : डॉ. जोसफ मारियानुस

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची के ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) प्रोग्राम ने विगत शुक्रवार को संस्थान के फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट ऑडिटोरियम में पर्सनल मैनेजमेंट एवं इंडस्ट्रियल रिलेशनस (पीएम एवं आईआर) के क्लास ऑफ 1997 के लिए ग्लोरियस एलुमनी रीयूनियन का आयोजन किया। 1997 में ग्रेजुएट हुए इस क्लास के रजत जयंती समारोह में 22 विशिष्ट पूर्व छात्र जो वर्तमान में कई बड़े संगठनों में मानव संसाधन अधिकारी हैं, इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्ववर्ती छात्रों ने पुरानी यादों को संजोया और छात्रों के साथ अपनी जीवन यात्रा साझा की।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे, निदेशक, एक्सआईएसएस के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा, पीएम एवं आईआर के क्लास ऑफ 1997, आप सभी को मैं आपके प्रोफेशनल और निजी जीवन में हासिल की गयी सफलताओं के लिए शुभकामनाएं देता हूं, आपन संस्थान को गौरवान्वित किया है। आपका अल्मा मेटर आप सभी को अच्छे इंसानों, सुशिक्षित व्यक्तियों और शीर्ष संगठनों के पद धारकों के रूप में विकसित होते देखकर गर्व महसूस कर रहा है, जो अब समाज को बेहतर बनाने में योगदान करते हैं। अपने विशेष संबोधन में, डॉ अमर ई. तिग्गा, डीन एकेडमिक्स, एक्सआईएसएस,ने पूर्व छात्रों का कैंपस में स्वागत किया और कहा, संस्थान के पूर्व छात्र संस्थान की विरासत और गौरव को दशार्ते हैं और पीएम एवं आईआरके क्लास ऑफ 1997ने संस्थान को अपनी उपलब्धियों से गौरवान्वित किया है। आपके स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद से संस्थान में बहुत विकास हुआ है और अब आपके पास अपने अल्मा मेटर से जुड़े रहने के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ह्यअल्मा कनेक्ट है। एलुमनी एसोसिएशन ऑफ एक्सआईएसएस (आक्सिस)एक पूर्ववतीर्छात्र संघ और इसके विभिन्न शहरों में चैप्टर भी हैं जो दुनिया भर में संस्थान के पूर्व छात्रों को जोड़े रखेंगे। डॉ तिग्गा ने आगामी प्लेसमेंट सीजन के बारे में भी बात की और न केवल इंडस्ट्री को एक्सआईएसएसमें लाने की बात कि बल्कि आज संस्थानों की आवश्यकता के अनुसार छात्रों के प्रशिक्षण और विकास में भी उनके सहयोग पर जोर दिया। इससे पहले,एचआरएम प्रोग्राम के प्रोफेसर और कार्यक्रम के मॉडरेटर डॉ. रमाकांत अग्रवाल ने पूर्व छात्रों का कैंपस में गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि वे सभी अपने साथ ज्ञान और विशेषज्ञता का खजाना लेकर आते हैं और एक्सआईएसएस परिसरउन सभी को वापस देखकर बहुत खुश है। डॉ. श्यामल गोम्स, प्रोफेसर और एचआरएम प्रोग्राम के प्रमुख ने कार्यक्रम का सारांश प्रस्तुत किया और सभी एचआरएम संकाय सदस्यों को पूर्ववर्ती छात्रों से परिचित कराया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एचआरएम कार्यक्रम के विद्यार्थियों ने सामूहिक गीत व नृत्य प्रस्तुत किया।

संत साईकल +2 स्कूल मुरी में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया

नवीन मेल संवाददाता

मुरी। संत माईकल +2 स्कूल मुरी में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ये भाषण प्रतियोगिता 10 अगस्त 2022 को विद्यालय में बड़ी उत्साह के साथ आयोजित कि गई थी जिसमें सातवीं से बारहवीं तक के सभी बच्चे बढ़ चढ़?कर हिस्सा लिए थे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली का भी गठन किया गया था जिसमें रमेश गोराई, अरुण चंद्र कुमार एवं पूर्णिमा कुमारी ने जज की अहम भूमिका निभाई थी। इस प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय आने वाले सभी विजेताओ को विद्यालय निर्देशक राकेश कुमार एवं विद्यालय प्राचार्य श्री सि. एल. प्रजापति ने मेडल एवं प्रस्सिती पत्र दे कर सम्मानित किया।विद्यालय के निर्देशक राकेश कुमार ने कहा की इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चो में बोलने का कौशल, शब्दों का उच्चारण, धाराप्रवाह और आत्मविश्वास विकसित होता है।विद्यालय प्रबंधक डॉ रूपेश कुमार ने सभी विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाए दी। इस कार्यक्रम का संचालन मनीषा सिंह एवं शिक्षिका शिल्पी भगत ने किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाए अरुण चन्द्र कुमार, किशोर कुमार, किशोर कुमार महतो, रमेश गोराई,पूर्णिमा कुमारी, ममता गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

डॉ. मणिगोपा चक्रवर्ती को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

रांची। इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इकोलॉजी एंड एनवायरमेंट, कोलकाता ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग के मुख्य वैज्ञानिक सह यूनिवर्सिटी प्रोफेसर डॉ. मणिगोपा चक्रवर्ती को कृषि अनुसंधान एवं विकास में उनके विशिष्ट योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया है। उन्हें भरथियार विश्वविद्यालय, कोएम्बटूर (तमिलनाडु) में 22 से 24 अगस्त तक एनवायरमेंट एंड इकोलॉजी पर आयोजित 8वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर यह अवार्ड प्रदान किया गया। डॉ. मणिगोपा ने इस सम्मेलन में आनलाइन भाग लिया। कृषि वैज्ञानिक के रूप में शिक्षण और अनुसंधान का इन्हें 32 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। इन्होंने मक्का के 5 उन्नत प्रभेद जारी किया है। स्तरीय राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में इनके 150 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हैं। वर्ष 2017-18 में इन्हें बीएयू के बेस्ट टीचर का अवार्ड मिल चुका है।

अष्टम वर्गीय जैक बोर्ड परीक्षा-2022 में विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उम्दा प्रदर्शन

रांची। प्राचार्य अशोक प्रसाद सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व प्रबन्धन समिति के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। शनिवार को झारखण्ड अधिविद्द परिषद रांची द्वारा जारी अष्टम बोर्ड की परीक्षा में राजकीयकृत आदर्श मध्य विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर पंडरा क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विद्यालय से उक्त परीक्षा के दोनों टर्म की परीक्षा में शामिल होनेवाले 159 बच्चों में से सभी ने उत्कृष्टता के साथ उत्तीर्णता प्राप्त की है। 29 बच्चों ने तीनों टर्म -1, टर्म-2 और आंतरिक मूल्यांकन में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हुए तीन ए प्लस अर्थात एक्साइलेंट ग्रेड प्राप्त किया है ' वहीं 88 बच्चों ने उपर्युक्त दो प्रारूपों में ए प्लस एवं एक प्रारूप में ए ग्रेड प्राप्त कर डिस्टिंक्शन प्राप्त किया है। 38 बच्चों ने एक प्रारूप में ए प्लस और दो में ए ग्रेड वेरी गुड प्राप्त किया जबकि शेष 4 बच्चों ने तीनों प्रारूपों में अ ग्रेड प्राप्त किया है। सभी उत्तीर्ण बच्चों ने प्रथम श्रेणी के अंक 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। प्राचार्य अशोक सिंह ने बच्चों की लगनशीलता, विद्यालय के प्रति लगाव और नियमित उपस्थिति तथा विद्यालय के शिक्षकों द्वारा जैक के परीक्षा प्रारूप पर नियमित अभ्यास तथा जे सी ई आर टी के मॉडल प्रश्नपत्रों पर केन्द्रित अध्ययन अध्यापन को अच्छे परीक्षाफल का आधार बताया है।

मरवाडी कॉलेज फोटोग्राफी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

रांची। विगत 20 अगस्त को हुए मारवाड़ी कॉलेज का फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण विभाग द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस प्रतियोगिता में अत्यंत खराब मौसम के बावजूद मारवाड़ी कॉलेज के 14 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। फोटो प्रतियोगिता का थीम था 'बरसात के मौसम मे जीवन'। सभी प्रतिभागियों को थीम समझा कर दो घंटे का समय दिया गया कि कॉलेज कॅम्पस या आस पास के क्षेत्र मे ही फोटोग्राफी करनी है और अपने बेस्ट 5 फोटो का सॉफ्ट कॉपी जमा करना है। सभी ने निर्धारित समय सीमा के अंदर तस्वीरें जमा कर दिया। कुल 14 प्रतिभागियों के 70 फोटो जमा हुए। सभी एक से बढ़ कर एक तस्वीरें थीं। सभी तस्वीरों को तीन निर्णायक मण्डल के सदस्यों ने 5 पॉइंट स्केल पर देख कर मार्किंग की। निर्णायक मण्डल मे स्वयं डॉ सुशील कुमार अंकन, लेंस आई के जगदीश सिंह अमृत और वरिष्ठ फोटोग्राफर निरंजन कुमार थे। प्रथम स्थान पर डीपीएफएम विभाग के बलराम मिश्र, दूसरे स्थान पर बैचलर ऑफ आर्ट्स के सत्यम कुमार, तीसरे स्थान पर बैचलर ऑफ आर्ट्स सिमेस्टर टू के कौशल ताम्रकार और दो सांत्वना पुरस्कार डीपीएफएम के अंशुमन शर्मा तथा तुर्तन धान के नाम आया।

उपायुक्त ने की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

मनरेगा अंतर्गत पुरानी योजनाओं को अभियान चलाकर पूर्ण करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक अ स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता नक्सल, निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा, परियोजना पदाधिकारी एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सांसद आदर्श ग्राम योजना, रूर्बन, जल जीवन मिशन, पेंशन आदि की समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में पुरानी योजनाओं को अभियान चलाकर पूर्ण करने एवं लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं की स्वीकृति करा कर उन्हें पूर्ण कराने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि गाँव में सोक पिट एवं नाडेप पिट का निर्माण कराएं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में तरल एवं ठोस कचड़ा प्रबंधन हो सके। हर घर नल जल योजना अंतर्गत राँची जिले में 55 गांव के सभी घरों में शत प्रतिशत पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की गई है, जिसका सत्यापन 15 दिनों के अंदर कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा में आवास पूर्णता में लापुंग, मांडर, तमाड़, बुंडू और कांके प्रखण्ड में तेजी लाने का निदेश दिया। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवास पूर्णता के लिए एक्शन प्लान बनाकर आवास पूर्ण करवाने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने लंबित आवास वाले सभी पंचायत में संबंधित पंचायत सेवक और जनसेवक को लक्ष्य निर्धारित कर आवास पूर्ण करवाने का निदेश दिया। सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आदर्श ग्राम की मासिक प्रगति प्रतिवेदन से माननीय सांसद महोदय को भी अवगत कराएं। पेंशन योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर पेंशन स्वीकृति की गति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने शिक्षकों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, रांची शाखा के द्वारा क्षितिज डेफ एंड डंब स्कूल, निवारनपुर में सभी शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही नेत्र दान विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए बच्चों के बीच एक पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई एवं विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सभी बच्चों को ड्राइंग कॉपी एवं रुमाल दिए गए। हॉस्टल में रहने वाले बच्चों की जरूरत को देखते हुए एक बड़ा बक्सा, 31 थाली, 25 प्लेट, 32 ग्लास, 3 कैसरोल, 5 डब्बे ,5 छोटे भगोने, 1 बड़ा कुकर, 1 परात, 1 चम्मच , 1 चिमटा, 22 कटोरी, 1लोटा, 1 मग एवं 2 टॉवल दिये गये। दो जरूरतमंद महिलाओं को गृहस्थ जीवन में आर्थिक सहयोग करने के लिए सिलाई मशीन दी गईं। सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गीता डालमिया, राष्ट्रीय संपादिका अलका सरावगी, शाखा अध्यक्ष नैना मोर, सचिव रीता केडिया, रेखा जैन, सीमा टांटिया, सुधा अग्रवाल और भारती अग्रवाल का योगदान रहा। इसकी खबर मीडिया प्रभारी अलका अग्रवाल ने दी।

बीएयू में स्नातकोत्तर कृषि शिक्षा के पुनर्गठित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और परिषद के ब्रॉड सब्जेक्ट मैटर एरिया कमिटी द्वारा अनुमोदित 'स्नातकोत्तर शिक्षण कार्यक्रमों के पुनर्गठित और पुनरीक्षित पाठ्यक्रमों' के कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श एवं अनुशंसा देने के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक शनिवार को सीनेट हॉल में हुई। बैठक में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के आलोक में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की जरूरतों के मद्देनजर विभिन्न मास्टर और पीएचडी पाठ्यक्रमों में आवश्यक संशोधन-परिवर्धन करते हुए उन्हें अद्यतन किया गया। नए पाठ्यक्रमों का फोकस अच्छे, विचारवान, सर्वगुण संपन्न और रचनात्मक मानव संसाधन तैयार करना है। परिवर्धित पाठ्यक्रमों में व्यक्तित्व और उद्यमिता विकास, वैज्ञानिक जिज्ञासा, साइंटिफिक टेंपर और क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने के पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में प्रौद्योगिकीय विकास के मद्देनजर कृषि के छात्रों के लिए बेहतर रोजगार का परिदृश्य बने, इससे संबंधित सुधार भी पाठ्यक्रमों में किए गए हैं। कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि संबंधी शोध संस्थानों में शिक्षण, अनुसंधान के लिए आपसी तालमेल और आदान-प्रदान बढ़े यथा एतदर्थ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हो, इससे संबंधित प्रावधान भी नए पाठ्यक्रमों में रखे गए हैं। स्नातकोत्तर संकाय के अधिष्ठाता डॉ एमके गुप्त ने बताया कि कृषि संकाय के 13, पशु चिकित्सा संकाय के 15 तथा वानिकी संकाय के 3 विभागों के विभागाध्यक्षों ने संशोधित पाठ्यक्रम का प्रारूप प्रस्तुत किया, जिस पर देश के विभिन्न भागों से ऑफलाइन एवं ऑनलाइन जुड़े 62 विषय विशेषज्ञों ने अपना मंतव्य दिया।

मारवाडी कॉलेज महिला विभाग में पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को मारवाडी कॉलेज महिला विभाग में एलुमनाई एसोसिएशन मारवाडी कॉलेज व सामाजिक संस्था स्नेह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान से पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत मडवाड़ी कोलेज महिला विभाग में पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार आयोजित किया गया एवं रांची नगर निगम, रांची के सहयोग से सैंकड़ो वृक्षों का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार, डॉ. महामनि, प्रो इंचार्ज डॉ. आरआर शर्मा, डीएसडब्लू डॉ. बीबी महतो, अनुभव चकवर्ती, प्रेम लता चौरसिया, एलुमनाई एसोसिएशन अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सचिव शुभम मंत्री, स्नेह फाउंडेशन से आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन, एलुमनाई प्रवक्ता राफिया नाज, आफताब जमील, अनुभव चक्रवर्ती, डॉ. अमित, डॉ. कृष्णकांत, डॉ. सुनीति नायक,डॉ. रीना माथुर, गोपाल सिंह तथा राहुल दुबे ने संयुक्त रूप से कहा धन से ज्यादा जरूरी पर्यावरण संरक्षण है क्योंकि धन तत्काल प्रभाव से कमाया जा सकता है जबकि एक पौधों को पेड़ बनने में वर्षो का समय लगता है। अंत में एलुमनाई अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने वितरण किये गए पेड़ों को अपने पूर्वजों के नाम पर लगा कर संरक्षण करने की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरभि, पूजा, श्रवण, सौरभ आदि लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

श्री श्याम मंदिर का 25वां भंडारा हुआ संपन्न, भक्तगण भगवान की आराधना में डूबे रहे

पूरा मंदिर परिसर खाटू नरेश की जय-जयकारों से गूंज रहा था

नवीन मेल संवाददातमा

रांची। जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर शनिवार को प्रातः श्रृंगार आरती के बाद भोग के समय भक्तगण ताली बजाकर इस भजन का गायन कर रहे थे। पूरा मंदिर परिसर खाटू नरेश की जय जयकारों से गूंज रहा था। भाद्र अमावस्या के अवसर पर खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान का मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में आचार्य श्री अनूप दाधीच, आचार्य श्री रत्नाकर शर्मा व मंदिर के आचार्यों ने खाटू नरेश को दूध, दही, शहद, गंगाजल, चीनी, सुगंधित जल गंगाजल से स्नान कराया एवं मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नए वस्त्र धारण करवाए। सुगंधित इत्र से बाबा श्याम का विषेश मसाज किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब एवं सुगंधित रजनीगंधा फूलों की मोटी मालाओं से खाटू नरेश वह सभी देवी देवताओं को सजाकर पंचमेवा, काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश, अंजीर व फल का भोग समर्पित किया गया। श्री नारसरिया ने बताया कि एक भक्त परिवार ने श्रृंगार पंचमेवा फल की सेवा बाबा श्याम को समर्पित की। हरमू रोड के श्री सुरेश कयाल ने वस्त्र सेवा निवेदित की आज प्रातः से ही बड़ी संख्या में भक्तों ने श्री श्याम मंदिर पहुंचकर बाबा के दरबार में अपना माथा टेका। सुख समृद्धि की कामना निवेदित की। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को 25वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देखरेख में संपन्न हुआ। विगत शुक्रवार से भंडारे का प्रसाद को निर्मित किया जा रहा है। आज के भंडारे में केसरिया खीर, आलू चॉप, पूरी, आलोचना की मिक्स सब्जी। हरमू रोड निवासी विजयाश्री साबू ने चना गुड़ प्रसाद की सेवा निवेदित की। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने के लिए भक्तों की लंबी-लंबी लाइन लगी रही। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में सर्व विश्वनाथ नर्सरिया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू , श्रवण तोदी, विशांत तोदी, पंकज गाड़ोदिया, राजकुमार केडिया, चंडी प्रसाद डालमिया, सविता चौधरी, पूर्व सांसद अजय मारू, अमित अनूप दाधीच, निखिल नारनौली, रोशन खेमका, विशाल पोद्दार, सहित 90 से ज्यादा स्वयंसेवकों कार्यकर्ताओं ने श्री श्याम भंडारा वितरण में अपना सहयोग दिया। मंगलवार को मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर 15 श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन मंगलवार को 4:30 बजे से श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में होगा। किशोर गंज निवासी प्रदीप पोद्दार कुसुम देवी पोद्दार, आयोजन किए हैं। श्री माधव लौंडिया के द्वारा प्रसाद सेवा एवं श्री श्रवण द्वारा प्रसाद सेवा निवेदित की जाएगी। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

भगवान शिव विषयक का दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

भारतीय संस्कृति के कण-कण में भगवान शिव रचे बसे हैं : हरीन्द्रानंद

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति में भगवान शिव विषयक दो दिवसीय कार्यशाला अग्रसेन भवन रांची में आयोजित की गई। कालखंड के प्रथम शिव शिष्य और इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरीन्द्रानंद ने कहा कि भारतीय संस्कृति के कण कण में भगवान शिव रचे बसे हैं। भारत की मिट्टी में,हमारे संस्कारों में शिव समाहित हैं। सर्वाधिक रूप से पूजित हैं महादेव। देश के कोने कोने में इनकी महता से ही समझा जा सकता है कि इनकी जड़ें कितनी भीतर तक हैं। हरीन्द्रानंद ने कहा कि भगवान शिव के बिना भारत भूमि की कल्पना ही बेमानी है। भगवान शिव भारत भूमि की मिट्टी की सुगंध में रचे-बसे हैं तभी तो कहावत प्रचलित है ह्यह्यचंदा मामा सबके मामा शिव घर-घर के बाबा। शिव हमारी विरासत हैं। इतिहास को देखा जाए तो हमे पता चलेगा कि महादेव एक कल्पना नहीं अपितु एक सोच है, हमारी सोच हैं शिव। वरेण्य गुरु भ्राता ने कहा कि यही शिव गुरु का काम भी करते हैं। आज से नही बल्कि सदियों से। इस कार्यशाला में शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन की अध्यक्षा बरखा सिन्हा, न्यास के मुख्य सलाहकार अर्चित आनन्द, अनुनीता प्रो. रामेश्वर मंडल, अभिनव आनन्द, डॉ. अमित ने मुख्य रूप से अपने विचार प्रकट किए साथ ही विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने भी अपने-अपने विचार दिए। कार्यशाला में भारत के विभिन्न प्रांत से आए लगभग 450 लोगों ने भाग लिया।

हॉर्टिकल्चर कॉलेज के छात्रों को बीएयू कुलपति ने एजुकेशनल टूर पर किया रवाना, कहा-

बागवानी के लिए झारखंड प्रदेश की जलवायु काफी उपयुक्त है

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन राज्य में संचालित एकमात्र कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर के छात्रों को शनिवार को कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने एजुकेशनल टूर के लिए बैंगलोर रवाना किया। कुलपति ने छात्रों को मंगलमय यात्रा की शुभकामना दी। कहा कि बागवानी के लिए झारखण्ड प्रदेश की जलवायु काफी उपयुक्त है। इस क्षेत्र में प्रदेश में काफी संभावनाएँ एवं अवसर मौजूद है। अपने 5 दिवसीय एजुकेशनल टूर के दौरान छात्र अभिनव एवं लाभकारी तकनीकी का बारीकी से अध्ययन करें। भ्रमण में प्रत्यक्ष देखी गई तकनीकी एवं लाभप्रद जानकारियों को डायरी में कलमबद्ध जरूर करें। देश के राष्ट्रीय संस्थानों का यह भ्रमण छात्रों के लिए बहुउपयोगी साबित होगी। इस टूर में कॉलेज के दुसरे सत्र 2019-20 के छठे सेमेस्टर के 37 छात्राओं एवं 12 छात्रों सहित कुल 49 विद्यार्थी शामिल होंगे। इस दौरान छात्र यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चरल साइंसेज बगालकोट तथा बैंगलोर स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चरल साइंसेज, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चरल रिसर्च एवं लालबाग बोटनिकल गार्डन में मौजूद विभिन्न उद्यानिक प्रजाति के प्रायोगिक क्षेत्र, अनुसंधान केंद्र एवं लेबोरेटरी का भ्रमण करेंगे। छात्र दल का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन कॉलेज के शिक्षक डॉ अकेंदु घोष एवं डॉ अदिति गुहा चौधरी करेंगे। मौके पर एसोसिएट डीन डॉ पीबी साहा एवं अन्य शिक्षकगण भी मौजूद थे।

आजसू पार्टी की बैठक आज, वर्तमान राजनीतिक स्थिति और पार्टी के भावी कार्यक्रमों को लेकर होगी चर्चा

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में कल दिनांक 28 अगस्त को प्रातः 10 बजे से हरमू, राँची स्थित केंद्रीय कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में आजसू पार्टी के सभी विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष, महासचिव, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति एवं आजसू पार्टी के भावी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा होगी। इस दौरान सदस्यता अभियान, जनसंग्रह धनसंग्रह कार्यक्रम की भी समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो सभी नव-निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को सम्मानित भी करेंगे।

मानिक चंद्र महतो इंटर महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संजय सेठ व भाजपा नेता डॉ. राजाराम महतो ने किया पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची जिले के राहे प्रखंड के अंतर्गत बारूडीह- पारमडीह में अवस्थित मानिक चंद्र महतो इंटर महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ उपस्थित हुए तथा पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया, पौधरोपण कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम ढोल नगाड़ा आदि के साथ जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। स्वागत गान कवि देवेंद्र नाथ महतो एवं गंगाधर मुंडा के द्वारा किया गया। श्री सेठ ने पौधरोपण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के स्कूल-कॉलेज जो कार्य कर रहे हैं काफी सराहनीय हैं। मानिक चंद्र महतो इंटर कॉलेज एवं स्कूल के द्वारा इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है जो बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने अपने सांसद कोष से स्कूल में चारदीवारी निर्माण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित सदस्य, सलाहकार समिति राष्ट्रीय पुस्तकालय (भारत सरकार) के डॉ. राजाराम महतो ने कहा हर बच्चे और बच्चियों को माड़-भात खाकर पढ़ाई करना है। हमें इस पर भी ध्यान देना है, बाहरी संस्कृति से हमारा भला नहीं होगा। डॉ. महतो ने उपस्थित लोगों को आव्हान करते हुए लोगों को नशा पान से दूर रहने आग्रह किया, उन्होंने कहा इस से हमारा समाज बर्बाद हो रहा है। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव सिदाम महतो, समाजसेवी भुवनेश्वर महतो, रांची जिला भाजपा उपाध्यक्ष धीरज महतो, करम सिंह महतो, कॉलेज के प्राचार्य खुदीराम मुंडा, स्कुल के प्राचार्य दिवाकर मांझी, हीरालाल महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

आदिवासी मूलवासी संयुक्त मोर्चा की तत्वावधान में बैठक आयोजित

रांची। शनिवार को होटल गंगा आश्रम कचहरी रोड रांची में आदिवासी मूलवासी संयुक्त मोर्चा की तत्वावधान में स्थानीय एवं नियोजन नीति विषयक संयुक्त अभियान के तहत मोर्चा के प्रथम वर्षगांठ 31अगस्त 2022 मनाने की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक डा.करमा उरांव के अध्यक्षता एवं अंतु तिर्की के संचालन में संपन्न हुई । बैठका का धन्यवाद ज्ञापन विभय नाथ शाहदेव ने किया। इस दौरान 31 अगस्त 2022 को आदिवासी मूलवासी संयुक्त मोर्चा का प्रथम वर्षगांठ आयोजन और इस अवसर पर जागृति नामक स्मारिका का लोकार्पण करने करने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्मारिका में 21 वर्षों के झारखंड के काल खंड में स्थानीय एवं नियोजन नीति, स्थानीयों को उद्योग,व्यवसाय,रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्ववर्ती एवं वर्तमान सरकार ने क्या क्या किया है तत्संबंधी लेखा जोखा एवं सामाजिक अंकेक्षण प्रस्तुत किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से सुनील सिंह,शिवा कच्छप,एस अली, बलकू उरांव, आजम अहमद,बहुरा उरांव,धर्म दयाल साहू, विभय नाथ शाहदेव, प्रेम शाही मुंडा,रमजान कुरैशी,शिव शंकर महतो, सुबोध दांगी,इसराइल खालिद,नौशाद खान,उमेश मुंडा, शिव प्रसाद साहू उमेश लोहरा उपस्थित थे।

वार्ड नंबर 10 में निर्माणाधीन मार्केट का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

रांची। शनिवार को रांची नगर निगम के वार्ड नंबर 10 में डिक्शनरी के पास निर्माणाधीन मार्केट का नए नगर आयुक्त शशि रंजन जी एवं उप नगर आयुक्त कुंवर सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जितने लोग सड़क किनारे सब्जी एवं मुर्गा मछली बेच रहे हैं, इनका का व्यवस्था इसी जगह किया जाए। ऐसा करने से इस रोड में जो जाम लग जाता है, जाम नहीं लगेगा। सारे लोगों को इसी जगह व्यवस्था किया जाए। इसके बाद विवेकानंद पार्क का निरीक्षण किया। उनहोंने कहा कि कि यहां किसी प्रकार का पार्क के जैसा नहीं दिखता है। छोटे से तलाब में वोटिंग का व्यवस्था किया जाए ताकि यहां घूमने आए तो वोटिंग कर सके। अवसर पर अर्जुन यादव ने मांग रखा की इस पार्क को हटाकर यहां पर बड़ा सा तालाब बना दिया जाए ताकि यहां एक वाटर पार्क बन सके। वाटर पार्क बन जाने से इस जगह की खूबसूरती बढ़ जाएगी और यहां बहुत दूर-दूर से लोग इस वाटर पार्क में आएंगे। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसको भी थोड़ा नए सिरे से मॉडल बनाने की जरूरत है। इसके बाद वार्ड नंबर 10 में कुछ मोहल्लों में इन्होंने साफ सफाई पर निरीक्षण किया।

जलडेगा में फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर हुई बैठक

जलड़ेगा। जलडेगा दिव्या लुगुन के आवास में फुटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सुशील जड़िया के द्वारा किया गया बैठक में निर्णय लिया गया कि इस टूनार्मेंट में जलड़ेगा प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से एक महिला एवं दो पुरुष टीम भाग लेगी। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कौनगाड़ी के संरक्षण में इस टूनार्मेंट का आयोजन होगा टूनार्मेंट की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी बैठक में मुख्य रूप से जिला विधायक प्रतिनिधि नेलन कंडुलना, प्रखंड बिधायक प्रतिनिधि अवध साहु,अर्जुन होरो,प्रखंड सचिव पंकज कुमार साहू,20 सुत्री अध्यक्ष गबिरियल समद, रहीम खान, पतरस किस्पोट्टा, महसीदास तोपनो, निरल जोजो, सुनील, सुरीन, शिशिर लुगुन, कोर्निलियुस समद,सिलास समद, मो मोतिउर रहमान, सैमुएल तोपनो के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

रातू में विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण बच्चे की हुई मौत

रातू। थाना क्षेत्र के फुटकलटोली निवासी जुबेर मंसूरी के 9 वर्षीय पुत्र अल्फाज अंसारी की 11 हजार वॉल्ट की तार के संपर्क में आने से मौत हो गयी। घटना फुटककटोली स्थित मस्जिद की छत पर घटी। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर जुमे की नमाज पढ़ने के लिए बच्चा छत के ऊपर चढ़ा था। नमाज खत्म होने के लगभग तीन घंटे के बाद भी जब अल्फाज घर नही लौटा तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। इसी उपरान्त एक महिला ने देखा कि मस्जिद की छत पर बच्चा गिरा पड़ा है। 11 हजार के तार के संपर्क में आने से कंधा व पैर जला हुआ था। घटना के बाद लोग बिजली विभाग के प्रति आक्रोशित है। मस्जिद के बीचों बीच पार हुए तार को हटाने के लिए एक वर्ष पूर्व ही ग्रामीणों ने मंत्री अलामगिर आलम के माध्यम से बिजली विभाग को आवेदन भी दिया था। विद्युत विभाग के अधिकारीयो द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया गया था। परन्तु एक साल बीत जाने के बाद भी लापरवाह अधिकारियों के कारण अब तक तार नही हटाया जा सका। और शुक्रवार को बड़ी घटना घट गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

जमीन पर की गई चहारदीवारी को बदमाशों ने गिराया

रांची। खेलगांव थाना क्षेत्र के न्यू खटंगा स्थित जमीन पर की गई चहारदीवारी को बदमाशों ने गिरा दिया। इस संबंध में पीड़ित अजय कुमार सिंह, आशा देवी, मंगली देवी और अजित जायसवाल ने खेलगांव थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। पीड़ितों ने बताया कि उनकी जमीन न्यू खटंगा में है। उस जमीन की चहारदिवारी की गई थी। साथ ही कमरा भी बनाया गया था। बीते शुक्रवार की रात 15 से 20 की संख्या में बदमाश पहुंचे और उनकी जमीन पर की गई चहारदिवारी को गिरा दिया। इसकी जानकारी उन्हें अगले दिन शनिवार की सुबह हुई। इसके बाद वे सीधे थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में कृषि व संबंद्ध विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक, कहा

मत्स्य विभाग व भूमि संरक्षण विभाग के योजनाओं में प्रगति लाएं

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उप विकास आयुक्त प्रदीप प्रसाद की अध्यक्षता में कृषि एवं संबंद्ध विभागों की समीक्षा बैठक आअयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना के अलावे उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग एवं भूमि संरक्षण विभाग के योजनाओं में प्रगति लाने का निदेश दिया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी को पीएम किसान योजना के लाभुक किसानों को ई-केवाईसी, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना एवं झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना के तहत लाभुक किसानों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी करने का निदेश दिया गया। साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक को झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना के लाभुकों का लंबित डाटा जो अपलोड नहीं किया गया है जल्द से जल्द अपलोड करने का निदेश दिया गया । ताकि जिला कृषि विभाग द्वारा प्रखण्ड स्तरीय प्रसार कर्मियों के सहयोग से ई-केवाईसी का कार्य त्वरित गति से किया जा सके।

उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग एवं भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारी को अपने विभागीय योजनाओं से अभिसरण के माध्यम से महिला समूहों को जोड़ने का निदेश दिया दिया गया। भूमि संरक्षण विभाग के अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब के मेढ़ों पर वृक्षारोरण करने एवं मत्स्य विभाग के मत्स्य सहयोग समितियों में श्रैस्च्ै के महिला समूहों को जोड़ने का निदेश दिया गया। साथ ही जीरा उत्पादन में इच्छुक किसानों या कृषक समूहों का चयन कर उन्हें जीरा उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने का निदेश दिया।

जिला पशुपालन पदाधिकारी को चिकित्सा शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक पशुओं का टीकाकरण करने का निदेश दिया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी को रबी मौसम के पूर्व अल्प वृष्टि के कारण खेतों पर जिलों को आवंटित सरसों एवं तोरी का बीज के लिए लैम्पस के माध्यम से बीज विक्रय हेतु ड्राफ्ट लगाने का निदेश दिया गया ताकि अनाच्छादित धान के मध्यम एवं उपरी जमीन पर सरसों का बुआई कर धान से होने वाले आय का भरपाई कर सके।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, भमि संरक्षण पदाधिकारी घाटशिला कृषि विज्ञान केन्द्र एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के प्रतिनिधि, पणन सचिव चाकुलिया बाजार समिति एवं उप परियोजना निदेशक आत्मा गीता कुमारी उपस्थित थीं।

सेकण्ड ईस्ट सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट योगासना चैंपियनशिप का आयोजन

जमशेदपुर। जमशेदपुर मे सेकण्ड ईस्ट सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट योगासना चैंपियनशिप का आयोजन धतकीडीह स्थित सामुदायिक केंद्र मे किया गया, इसके उद्घाटन सत्र मे जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय मौजूद रहे।

ईस्ट सिंघभूम डस्ट्रिक्ट योगासना सपोटर्स एसोसिएशन के द्वारा इसका आयोजन किया गया है, दो दिवसीय इस आयोजन मे शहर तथा आस पास इलाकों से 150 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए. वर्तमान समय मे योगासन को खेल के श्रेणी मे शामिल किये जाने के बाद पुरे देश भर मे बच्चे और युवाओं का रुझान योगासन की ओर बढ़ रहा है। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय ने तमाम खिलाडियों को अपनी शुभकामनायें दी, साथ ही योग के महत्ता पर प्रकाश डाला। वही एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष सुधा झा ने कहा की जब से योगा को खेल मे शामिल किया गया है तब से इसके प्रति रुझान सभी का बढ़ा है। इस तरह के चौंपियनशिप के माध्यम से योगासन के खिलाडियों का हौसला बढेगा ओर लगातार वो आगे बढ़ेंगे।

शिशु विद्या मंदिर में वॉलीबॉल व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फुटबॉल और वॉलीबॉल का टूनार्मेंट शुरू हुआ।दल अनुसार हो रहे इस टूनार्मेंट में शनिवार को लीग मैच प्रारंभ हुआ प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने विधिवत टूर्नामेंट का उद्घाटन किया । छात्रों के लिए हो रहे वॉलीबॉल के लीग मैच में कुल अंकों के अनुसार भरत दल को 12 अंक शिवाजी दल को 8 अंक एकलव्य दल को 4 अंक प्राप्त हुआ है।छात्राओं के लिए हो रहे फुटबॉल मैच में शिवाजी दल को 4 अंक भरत दल को चार अंक, एकलव्य दल का 2 अंक तथा अरुणी दल को 2 अंक प्राप्त हुआ है। शेष लीग मैच सोमवार को कराया जाएगा तथा दोनों टूनार्मेंट का फाइनल भी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सोमवार को ही संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या तथा भैया बहन उपस्थित थे।

वीसी ने किया केसीबी कॉलेज बेड़ो का औचक निरीक्षण

सभी विभागों के लैब को दुरुस्त करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने शनिवार को करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो का किया औचक निरीक्षण। इस दौरान वीसी डॉ सिन्हा ने प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय व भवनों की स्थिति का मुआयना किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान कुलपति रसायन शास्त्र के लैब को देखकर काफी आगे बबूला हो गए। उन्होंने आदेश दिया की सभी विभाग के लैब को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने संस्थान के प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार को पठन पाठन की व्यवस्था सुधारने, पुस्तकालय में प्रत्येक दिन विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए एक घंटे का समय निर्धारित करने व भवनों का मरम्मत कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विज्ञान,कला व वाणिज्य विभाग के कक्षों,उपस्करों व सुविधाओं आदि का जायजा लिया। वहीं इस दौरान इंटरमीडिएट प्रभाग में कार्यरत शिक्षकों ने वीसी को एक मांगपत्र सौंपा। साथ ही विद्यार्थियों के व्यापक हित में इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रखने की मांग किया। वहीं वीसी ने शिक्षकों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर संस्थान के संस्थापक पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत के पुत्र सह विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रविन्द्र नाथ भगत व प्राचार्य डा राजा अजीत कुमार समेत महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र व कर्मचारी मौजूद थे।

वज्रपात से घर का कमरा क्षतिग्रस्त, एक युवती घायल

बेड़ो। प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक क्वाटर में आकाशीय बिजली गिरने से बेड़ो सीएचसी की एएनएम जूही मिंज घर का कमरा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कमरे में खड़ी 19 वर्षीय बेटी सिमरन लकड़ा घायल हो गईं। जिसे स्वजनों ने तत्काल उपचार के लिए घायल सिमरन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां डा मेघा भगत ने युवती का इलाज किया। एएनएम जूही मिंज ने बताया कि शनिवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे वर्षा के बीच अचानक जोर दार उसके कमरे में आकाशीय बिजली गिरा। जिससे मेरी बेटी सिमरन घायल हो गई। मकान पर आकाशीय बिजली के गिरने से दीवार व कुछ अन्य हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घर लगे इनवर्टर, टीवी, कूलर,फ्रिज,पंखा आदि सभी उपकरण भी जल गये। वहीं घायल सिमरन ने बताया कि उसे बांए हाथ को उठाने में परेशानी हो रही है।क्वाटर में रहने वाले लोगों का कहना है कि इस तरह का वज्रपात अब से पहले कभी नहीं देखा था। लोग तकरीबन डेढ़ घंटे तक डरे-सहमे रहे।

गणेश पूजा को लेकर पंडालों का निर्माण जोरों पर

सिल्ली। मुरी -सिल्ली आसपास के क्षेत्रों में गणेश पूजा को लेकर पंडालों का निर्माण जोरों पर चल रहा है। मिस्त्री पंडालों का निर्माण कार्य करने में लगे हुए हैं वहीं लोगों में पूजा के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है लोगों का कहना है कि कोविड-19 के चलते पूजा पाठ करना बंद पड़ा हुआ था ।दो साल तक इसी तरह का धार्मिक स्थल और पूजा करना पाबंदी था। इस वर्ष पूजा पंडालों में काफी भीड देखने को मिलेगी। जिसमें छोटा मुरी ए टाइप रेलवे कॉलोनी, हिंडालको कॉलोनी ,सिल्ली पुराना दुर्गा मंदिर आदि जगहों पर गणेश पूजा मनाया जाता है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिशु प्रवेश से प्रथम तक के बच्चों का गठन हुआ बाल सांसद

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में वाटिका भारती का गठन किया गया । प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के द्वारा कक्षा शिशु प्रवेश से प्रथम तक के बच्चों के लिए छात्र संसद वाटिका भारती का गठन किया गया। सभी छात्र छात्राओं को शनिवार को शपथ दिलाया गया। नवगठित वाटिका भारती में अध्यक्ष विष्णु मेहर, उपाध्यक्ष तन्मय कश्यप, मंत्री पूजा कुमारी, सह मंत्री विष्णु साहू, सेनापति लालमोहन सेनापति, सह सेनापति मधुसूदन बिंझिया, कोषाध्यक्ष राम गौंड़, वंदना प्रमुख भागीरथ सिंह, अरुण मांझी और आकाश प्रसाद, संगीत प्रमुख प्रिया कुमारी और श्वेता कुमारी सह संगीत प्रमुख सत्यम प्रसाद और मनीषा कुमारी, स्वच्छता प्रमुख स्मिता केरकेट्टा बसंती कुमारी, सह स्वच्छता प्रमुख भूषण सिंह और निधि कुमारी, चिकित्सा प्रमुख नवीन कुमार सिंह और प्रीति कुमारी सह चिकित्सा प्रमुख आजाद मांझी और समीक्षा कुमारी ,खोया पाया प्रमुख पुनीत मेहर और रचना कुमारी जल प्रमुख गंगा खेरवार और रूबी कुमारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख सागर सिंह और सरिता कुमारी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख मुस्कान कुमारी और रिया कुमारी, शंखनाद प्रमुख शाश्वत विश्वकर्मा और ज्योति कुमारी प्रमुख भूमिका कुमारी और बजरंग सिंह शारीरिक प्रमुख अनुग्रह केरकेट्टा और करिश्मा कुमारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख युवराज सिंह सूरजमुनी कुमारी क्रीडा प्रमुख रवि उरांव सह क्रीड़ा प्रमुख शिवा महतो और आध्या सिंह बागवानी प्रमुख आदित्य बहन एंजलीना लिंडा सह बागवानी प्रमुख दीनु बडिंग प्रियंका मिंज का पद मिला प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को अपने पद का पूर्ण सामर्थ्य से पालन करने का संकल्प दिलाया।

रातू में जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

नवीन मेल संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के रातू काठी टांड व टेंडर के अलावा रातू रोड, बरियातु रोड, बूटी मोड़,कचहरी, मोरहाबादी आदि जगहों में जिला परिवहन पदाधिकारी ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश के नेतृत्व में शनिवार की सुबह 4 बजे से ही चेकिंग अभियान शुरू कर दी गयी जो दोपहर तक चली। कई घंटे लगातार चले चेकिंग अभियान में लगभग 127 वाहनों की जांच की गई। जिसमे हाइवा ,407 ,709 ,909 , ट्रेक्टर व व्यवसायिक माल वाहक वाहन शामिल है। कागजातों में वाहनों का डिफाल्टर, ओवरलोडिंग, टैक्स,पॉल्युशन, परमिट आदि की जांच की गई। जिसमें 26 वाहनों से लगभग तीन लाख 30 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। नियमों को ताक पर रखकर व निर्देश का पालन नहीं करने तथा वाहन का कागजात प्रस्तुत नही करने पर 10 वाहनों को जब्त कर थाने के हवाले कर दिया गया।वाहन जांच अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, कार्यालय के लिपिक धान सिंह पूर्ति, ओमप्रकाश, दीपक, सुशांत व रातू थाना बल शामिल थे।

मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के तत्वाधान में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

सफलता का मूल मंत्र हैं अनुशासन: दीपाली पराशर

नवीन मेल संवाददाता

मांडर। भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन, कन्दरी, मांडर में सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के तत्वाधान में एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविधालय की अध्यक्ष श्रीमती छवि सिन्हा, शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित थी। साथ ही रिर्सोस पर्सन के रूप में दीपिका जॉन टोप्पो तथा मोनिका खाखा इक्का उपस्थित थी। सेमिनार के टॉपिक डिप्रेशन को स्पष्ट करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य विकारो का सर्वाधिक प्रभाव युवाओं पर पडता है और चूँकि भारत की अधिकांश जनसँख्या युवा है इसलिए यह एक बडी चुनौति के रूप में सामने आता है। ब्व्टप्क.19 के दौर में इस समस्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। आवश्यकता इस बात की है कि इससे निपटने के लिए उपर्युक्त क्षमताओ का विकास किया जाय।

रिर्सोस पर्सन दीपिका जॉन टोप्पो ने विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि डिप्रेशन सबसे ज्यादा होने वाला मनोरोग है जिसका इलाज संभव है बशर्ते सही समय पर पहचान कर निदान निकालने का प्रयास किया जाए। दुसरे रिर्सोस पर्सन मोनिका खाखा एक्का ने कहा कि डिप्रेकशन को हम अपने दैनिक कार्यो में बदलाव कर दूर कर सकते है, जैसे प्रतिदिन व्यायाम, योगा, संगीत एवं अपनी बातो का आदान प्रदान करके। सेमिनार के कन्वेनर के रूप में नर्सिग की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव तथ्य मंच संचालन अल्का कुमारी के द्वारा कहा गया कि सामान्यतः डिप्रेकशन का कारण मानसिक अस्थिरता है उम्र अनायास अस्थिर और सही या गलत का निर्णय नही ले पाते है। अतः च्वेपजपअम जीपदापदह ही एकमात्र उससे निजात पाने का उपाय है।मौके पर उपेन्द्र उपाध्याय,राकेश राय, मनोज कुमार गुप्ता, तुलसी दास, सुरेन्द्र सिंह, रेखा कुमारी, अलका कुमारी, कर्मचारी सुनिल कुमार, अंजुम रवां, चिन्ता उरांव, अमन, इरमा मिंज, चंदन कुमार, राहुल, सलमान, ईमरोज आदि उपस्थित थे।

किसी की आंखों की रौशनी बनकर किसी के अंधापन को दूर करें : डॉ सुलामी होरो

नवीन मेल संवाददाता

कुडू - लोहरदगा। जिला स्वास्थ समिति अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम लोहरदगा के तत्वावधान में कुडू प्रखंड में 37वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाडे का शनिवार को शुभारंभ हो गया। मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो ने बताया कि 25 अगस्त से आठ सितंबर 2022 तक नेत्रदान पखवाड़ा चलेगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की मौत के बाद उसके नेत्र किसी के काम आ सकते हैं। इसलिए अपने बाद भी किसी की आंखों की रौशनी बन किसी के अंधापन को दूर किया जा सकता है। नेत्र चिकित्सक डॉ हरियाली खाखा ने बताया कि इस अवसर पर जिला अंधापन नियंत्रण समिति के तत्वावधान में सोमवार 29 अगस्त को विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच नेत्रदान महादान विषय पर निबंध और चित्रांकन प्रतियोगिता कराई जाएगी। शुभारंभ के मौके पर डॉ मंजू गुप्ता, डॉ मरसा टोपनो' डॉ निरुपमा टोपनो, सरोजनी केरकेट्टा, एएनएम संध्या, उसुर्ला तिर्की' एएनएम रीना कुमारी, अमित कुमार भगत, चांद खान गुड्डू, मुमताज अंसारी, सहित कई स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

बीडीओ ने आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

मरकच्चो। बीडीओ पप्पु रज्जक ने शनिवार को प्रखंड के उपस्वास्थ केंद्र अम्बाडीह व आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 38 का निरीक्षण किया। उपस्वास्थ केंद्र में दवा की कमी पाया गया जिसको देखते हुए बीडीओ ने नाराजगी जाहिर की। मौके पर मौजूद एएनम अर्चना कुमारी व ममता यादव ने बताया कि केंद्र में लगभग डेढ़ महीने से दवा की कमी है जिससे इलाज कराने आये लोगो को दवा की पूर्ति नही होने से परेशानी झेलनी पड़ती है। वही बीडीओ ने आंगनबाड़ी में शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया। इस दौरान एमडीएम की भी जांच की। बच्चों को मीनू के अनुसार एमडीएम खिलाने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका को नियमानुसार केंद्र संचालन का निर्देश दिया। मौके पर पपलो मुखिया प्रतिनिधि संजू यादव, त्रिपुरारी रजक आदि उपस्थित थे।

राशन कालाबाजारी को लेकर पीडीएस दुकानदार पर प्राथमिकी दर्ज

जयनगर। थाना क्षेत्र के तेतरोन में संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान के संचालक परमेश्वर रविदास पिता स्वर्गीय नाथो रविदास पर अनाज की कालाबाजारी करने के मामले पर पणन पदाधिकारी कमल किशोर सिंह ने जयनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में पणन पदाधिकारी कमल किशोर सिंह ने कहा है कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार परमेश्वर रविदास पर ग्रामीणों ने अनाज हेराफेरी का आरोप लगाया था। इस बाबत 26 जुलाई को परमेश्वर दास के जन वितरण प्रणाली के दुकान की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया के जुलाई माह में एन एफ एस ए योजना के गोदाम से प्राप्त चावल 24.54 क्विंटल तथा 6.6 क्विंटल गेहूं में से मात्र 8.50 क्विंटल चावल तथा 1.50 क्विंटल गेहूं भंडार में शेष था जो प्राप्त राशन का भंडार मैं 18.18 प्रतिशत है अनाज था। सब दुकानदार परमेश्वर रविदास से अनाज कम होने की बात पूछी गई तो उसके द्वारा सही जवाब नहीं दिया गया। पता चलता है कि जनवितरण प्रणाली के दुकानदार परमेश्वर रविदास के द्वारा अनाज की कालाबाजारी की गई है। इधर जयनगर थाना में कांड संख्या 155/22 दर्ज कर परमेश्वर रविदास पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

आपस में उलझे शराब दुकान के कर्मचारी और ग्राहक, तीन घायल

चौपारण। चौपारण प्रखंड के चतरा रोड स्थित शराब दुकान में बीती रात दुकान के कर्मचारी और ग्राहक आपस में उलझ गए। दोनों के बीच मारपीट अधिक मूल्य पर शराब बेचे जाने को लेकर हुई। उसके बाद आक्रोशित लोगों ने शराब दुकान के सामने लगे कई दो पहिया वाहनों में आग लगा दी। इस घटना में दो बाइक पूरी तरह जल कर खाक हो गई। वहीं इस विवाद में तीन लोग बारा निवासी मंटू सिह, विवेक सिंह और जगरनाथ पांडेय घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि बिहार में शराबबंदी के बाद से शराब के शौकीनों ने अपना अड्डा चौपारण बना रखा है। इसी का लाभ लेने के उद्देश्य से शराब दुकान के कर्मचारी ज्यादा पैसे वसूलते हैं। इस कारण आए दिन इस शराब दुकान में झगड़ा होता रहता है। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बाइक को थाने ले आयी और मामले की जांच में जुट गई।

कानूनी जागरूकता शिविर आज

इचाक। जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा के तत्वावधान में लीगल एंपावरमेंट कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन आज एक 11 बजे ब्लॉक प्रांगण में आयोजित की गई है। जिसमें प्रखंड के पढ़े लिखे नौजवान, बुजुर्ग, महिला, पुरुष के अलावा सभी पंचायतों के प्रतिनिधि तथा उनके सदस्यों को भाग लेने की अपील की गई है। जानकारी बीडीओ रीना कुमारी ने पत्र जारी कर दी।

चोरदाहा चेकपोस्ट पर चेकिंग अभियान, तस्करों में हड़कंप

चौपारण। झारखंड-बिहार के समेकित चेकपोस्ट पर पुलिस की दबिश और सक्रियता से जीटी रोड के तस्करों में हड़कंप मच गया। पुलिस और खनन विभाग के लगातार छापेमारी अभियान चल रही है। शुक्रवार के आधी रात के वरीय पुलिस अधिकारियों के सूचना पर समेकित चेकपोस्ट चोरदाहा में अवैध पोड़ा कोयला एक पिअकप वैन संख्या बीआर 02क्यू/4576 तथा टाटा मैजिक संख्या जेएच02बीई/1281 रोक कर जांच की गई। दोनों वाहन पर पोड़ा कोयला लदा था। चालक ने कोयला को कोई वैध कागजात नहीं दिखाया और न ही संतोषजनक जबाव दिया। वाहन पर लदे कोयला बिहार जा रहा था।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

सतगावां। शुक्रवार को देर रात बासोडीह बीच बाजार में हुए मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों में कुंदन कुमार (28 वर्ष, पिता घनश्याम सिंह) तथा सुमन कुमार (25 वर्ष, पिता मुरली सिंह) दोनों ग्राम फतेहपुर जिला नवादा हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना सतगावां थाना पुलिस को दी। पुलिस के द्वारा घालों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया।

मानदेय वृद्धि की घोषणा पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका ने खुशी जाहिर की

बरकट्ठा। आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के मानदेय में वृद्धि की घोषणा होने पर बरकट्ठा प्रखंड के तमाम सेविका सहायिका ने खुशी जाहिर की है तथा सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बताते चलें कि झारखंड में 84 हजार आंगनबाड़ी सेविका सहायिका हैं जिनका राशि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा सम्मिलित रूप से दिया जाता है। मानदेय वृद्धि के पश्चात अब सेविकाओं को 9500 प्रति माह और सहायिकाओं को 4750 प्रत्येक माह मानदेय मिलेगा। शिलाडीह की आंगनबाड़ी सेविका कंचना अवधिया ने कहा कि यह मांग हम लोग पिछले कई वर्षों से कर रही थी। बीजेपी की सरकार में हम लोग धरना कार्यक्रम में मार भी खाए ,किंतु हेमंत सोरेन की सरकार ने हम लोगों की बात सुनी और हम लोगों का मानदेय बढ़ाया है इसके लिए प्रखंड के तमाम सेविका सहायिका मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करती हैं।

शारदा माईन्स पर बर्चस्व के लिए बना रहे थे योजना

अवैध हथियार व कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। शारदा माईका माईन्स पर बर्चस्व के लिए योजना बना रहे तीन लोगों को अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। कोडरमा एसपी कुमार गौरव ने देर शाम अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस को 26 अगस्त को गुप्त सूचना मिली कि डोमचांच थाना अन्तर्गत ग्राम सपही क्षेत्र के दोनों गुटो के अपराधियों द्वारा शारदा माईन्स पर बर्चस्व के लिए हथियार से लैस होकर बैठक किया जाना है। इन दोनो गुट के लोगो के द्वारा पूर्व में भी शारदा माईन्स पर गोली बारी घटना की गयी है। सम्भावना है कि पुनः इनलोगो के द्वारा किसी घटना को अंजाम दिया जा सकता है । उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार थाना प्रभारी डोमचांच के नेतृत्व में

क्यूआरटी टीम के साथ एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी टीम के द्वारा ग्राम सपही में छापामारी कर तीन अभियुक्तो को अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पूर्व में हुए गोलीबारी की घटना में कोडरमा पुलिस द्वारा इन दोनो ग्रुप के 14 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। साथ ही 5 अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में राजू यादव (उम्र 42 वर्ष, पिता चुरामन यादव, सा- चौधरीटोला सपही), फिरोज अंसारी (उम्र 40 वर्ष, पिता अब्दुल रजाक अंसारी, ढोढ़ाकोला, थाना डोमचांच) और किशोर यादव (उम्र 41 वर्ष, पिता बद्री यादव, पता चौधरीडीह, सपही, थाना डोमचांच) शामिल हैं।

उपरोक्त तीनों गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध बिहार एवं झारखण्ड में अवैध खनन से संबंधित कई काण्ड दर्ज है। जप्त समानो में एक कारबाईन (3 जिन्दा कारतूस के साथ), एक 9 एमएम पिस्टल (4 जिन्दा कारतूस के साथ), एक 9 एमएम पिस्टल (4 जिन्दा कारतूस के साथ), एक 7.65 एमएम पिस्टल (6 जिन्दा कारतूस के साथ), एक देशी कट्टा, एक 7.65 एमएम का पिस्टल का मैगजीन जब्त किया गया। मौके पर एसडीपीओ अशोक कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, एसआई संजय शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

हजारीबाग में कार से 24 किलोग्राम गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

बरही। बरही पुलिस ने शनिवार को भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। इस मामले में पुलिस तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। गांजा एक कार से उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। पुलिस ने गया रोड ओवरब्रिज के पास कार की तलाशी ली तो उसमें गांजा मिला। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। जब्त किए गए वाहन से 24.5 किग्रा गांजा, दो मोबाइल और एक नंबर प्लेट बरामद किया। एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया कि एसपी की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। बताया कि सूचना मिलते ही वह इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में एसआई आदित्य कुमार, ओम प्रकाश, निरंजन सिंह, सअनि नवीन कुमार पांडेय और बरही सशस्त्र बल की पुलिस टीम गठित कर जीटी रोड पर वाहन चेकिंग शुरू की। इसी क्रम में धनबाद की ओर से आती कार को रोका। उसकी जांच की और माल बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि अपराधी इतने शातिर थे कि माल को बैठने वाले सीट के पीछे वाले हिस्से में बॉक्स बनाकर छिपाकर रखे थे।

टीबी मरीजों को पोषण सहायता सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर बैठक का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। सीएसआर के तहत टीबी मरीजों को पोषण सहायता सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर शनिवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने सभी को जानकारी दी कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में टीबी मरीजों को सीएसआर के तहत पोषण सहायता सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी है जिसके लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही एजेंसियों को उनके उनके क्षेत्रों में टीबी मरीजों को गोद लेना है एवं उन्हें पोषण सहायता के रूप में विभिन्न राशन सामग्रियां उपलब्ध करानी है। साथ ही एजेंसियों के द्वारा टीबी मरीजों को आवश्यकतानुसार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं व अगर मरीज के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो उन्हें आजीविका भी उपलब्ध कराई जानी है। बैठक के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी विकास शाखा विशाल कुमार ने विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों सहित अन्य को भारत सरकार एवं राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में कार्य करते हुए टीबी मरीजों को योजनाबद्ध तरीके से सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, डीपीएम एनएचएम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

भीषण सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

रामगढ़। रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह 9 बजे के लगभग एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार गोला के तोयर का रहने वाला बाल गोविंद करमाली का लगभग 26 वर्षीय पुत्र अनुज करमाली रजरप्पा से अपने बाइक से घर लौट रहा था। चितरपुर से गोला आने के क्रम में भेड़ा नदी पुल के कुछ आगे एक बोलेरो गाड़ी ने अनुज करमाली को चकमा देते हुए तेजी से आगे बढ़ा। जिससे कि अनुज करमाली बाइक सहित सड़क पर गिर गया। पीछे से आ रहा एलपी ट्रक नजदीक होने के कारण नहीं रुक पाया और बाल गोविंद को अपने चपेट में ले लिया। जिससे कि उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि एलपी ट्रक को लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया है। वही गोला पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने की तैयारी कर रही है।

11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से सफाईकर्मी की मौत, 20 लाख मुआवजे की मांग

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग नगर निगम के वार्ड नंबर 36 के सफाईकर्मी आनंद कुमार राम की मौत मासीपीडी पंचशील मुहल्ला में सफाई करने के दौरान बिजली का करंट लगने से हो गई। सफाईकर्मियों ने कहा कि एके सनशाइन हॉस्पिटल के संचालक ने जबरन झाड़ी सफाई करने का दबाव बनाया। इसके बाद सफाईकर्मी आनंद बाउंडरी पर चढ़कर झाड़ी काटने लगा। इसी क्रम में सफाईकर्मी 11 हजार वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही निगम के सभी सफाईकर्मी घटना स्थल पर पहुंच गए। नगर निगम के महापौर रोशनी तिर्की और वार्ड 36 के पार्षद प्रतिनिधि अविनाश कुमार यादव समेत कई लोग पहुंचे।

हॉस्पिटल संचालक से मुआवजे की मांग

वार्ड के सभी जमादारों व सफाईकर्मियों ने शव का

पोस्टमार्टम कराकर अस्पताल के मुख्य गेट पर रखकर हॉस्पिटल संचालक व डॉक्टर अर्जुन कुमार पर सफाईकर्मी पर जबरन दबाव बनाकर काम कराने का आरोप लगाया। हॉस्पिटल संचालक के दबाव देने के कारण सफाईकर्मी को करंट लगा है, जिससे सफाईकर्मी की मौत हुई। मृतक सफाईकर्मी के परिजनों के लिए हॉस्पिटल संचालक से 20 लाख मुआवजे की मांग की गयी है। हॉस्पिटल संचालक सह डॉक्टर अर्जुन कुमार हॉस्पिटल में नहीं है।

इस घटना से बिजली विभाग की लापरवाही की पोल खुल गयी है। शव लेकर हॉस्पिटल गेट पर धरना दे रहे सफाईकर्मियों ने यह भी कहा कि बिजली विभाग के पदाधिकारियों से लेकर कर्मियों तक बिना घूस लिए कोई काम नहीं करता है। महापौर रोशनी तिर्की घटना के बाद स्थल पर पहुंची। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल संचालक और बिजली विभाग की लापरवाही के कारण घटना घटी है। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। हॉस्पिटल संचालक उसकी मदद करें। हॉस्पिटल संचालक से कोई बात नहीं होने पर सफाईकर्मियों ने हॉस्पिटल गेट पर शहर का कचरा गिरा दिया। मुफ्फसिल पुलिस रोकती रही, सफाईकर्मी किसी की बात नहीं सुने।

बैंक ऑफ इंडिया का दो अलग-अलग ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

ग्राहकों को सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता : मनीष कुमार मिश्रा

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के सलैया और तुर्कबाद में बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया। मौके पर शाखा प्रबंधक ने कहा की भारी जनसंख्या को देखते हुए नये ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया है। अब गरीब ग्रामीण जनता को बैंक के कार्य में दूरी की सामना नहीं करना पडेगा। उन्होंने कहा की बैंक के सभी कार्य जैसे अकाउंट ओपनिंग, सुकन्या समृद्धि, जमा निकासी, अटल पेंशन योजना, पीएमएसबीवाइ आदि कार्य अब बीसी प्वाइंट में किया जाएगा ।साथ ही सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्राहकों की सुविधा के लिए और भी ग्राहक सेवा केंद्र खोला जायेगा। वहीं

सलैया केंद्र संचालक राजेश कुमार और तुर्कबाद केंद्र संचालक छोटी यादव ने कहा की बैंकों में ग्राहकों की काफी भीड होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता था। साथ ही लंबी दुरी तय करना पड़ता था जिससे लोगों को निजात मिलेगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी,शाखा प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा, अभिपरा कंपनी के डीएम दिलीप कुमार अग्रवाल,समिलित कंपनी के डायरेक्टर एआरएम केंद्र कुमार, सलैया मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मनोज कुमार यादव, पंसस मुकेश रविदास, उप मुखिया किशोर मोदी, बरकट्ठा बीसी संचालक दिलीप कुमार नायक, नरेश कुमार, सलैया बीसी संचालक राजेश कुमार, तुर्कबाद बीसी संचालक छोटी यादव, उमेश प्रसाद, संजय शर्मा, इंद्रदेव कुमार यादव, चुन्नू मोदी, सुमन मोदी समेत कई लोग मौजूद थे।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रांची से गिरिडीह जानें के क्रम में शनिवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास का दुलमी प्रखंड के कुल्ही चौक में भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। विदित हो बीजेपी झारखंड प्रदेश द्वारा गिरिडीह के पारसनाथ मधुवन में तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। जिसमें बीजेपी झारखंड के सभी बड़े नेता, विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। वहीं, स्वागत के क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा की जिस आशा और उम्मीद से झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता ने महागठबंधन को सत्ता सौंपी उसे पूरा करने में राज्य सरकार विफल रही है। श्री दास ने कहा कि हमारी पूर्ववर्ती सरकार ने जिस रफ्तार से प्रदेश की विकास को गति प्रदान किया था वह थम गया है। कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से राज्य के लोगों में आक्रोश है। इस अवसर पर दुलमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, गोला प्रखंड उप प्रमुख विजय ओझा, कुल्ही मुखिया प्रतिनिधि रामकिशुन भोक्ता , कुल्ही पंचायत के उपमुखिया सुबोध महतो,दुलमी मंडल महामंत्री अरविंद जायसवाल, लक्ष्मीकांत महतो, गोपाल प्रसाद,विक्की महतो, नीतीश महतो, मुखलाल महतो, दिलदार हूसेन, बालेश्वर भगत, सुभाष महतो, कुंवर महतो, एहसान अंसारी, पवन पटेल, विनित यादव, देवा महतो आदि मौजूद थे।

नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने 200 केवीए के ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

रामगढ़। रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा शनिवार को 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। कुछ दिन पूर्व ट्रांसफार्मर खराब हो गया था । जिसकी सूचना मिलते ही नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने बिजली विभाग से सम्पर्क कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। ट्रांसफार्मर का उदघाटन करते हुए मनोज कुमार महतो ने कहा कि लोगों की सेवा ही मेरा लक्ष्य है । कहा कि नगर परिषद वासियों को दिक्कत है तो मुझे जानकारी दें मैं उनकी समस्या का निदान करूंगा। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष विनोद कुमार कुशवाहा, नगर परिषद सचिव राजेंद्र महतो, ज्ञानी कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा, दिलेश्वर कुशवाहा, नरेश कुशवाहा, गोविंद कुशवाहा, भोला कुशवाहा, लालू कुशवाहा, कोलेश्वर कुशवाहा, सुखदेव कुशवाहा, विनोद प्रसाद, मुरारी कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

झारखंड विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन आज

■ सभी प्रखंडों में आयोजित होंगे शिविर, सदर प्रखंड का कार्यक्रम टाउन हॉल में

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले जिले के सभी 16 प्रखंडों में रविवार को एक विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है। इसके लिए 16 अलग-अलग टीम बनाई गई है और हर एक टीम में न्यायिक पदाधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता एवं पारा लीगल वालंटियर मौजूद रहेंगे। जो संबंधित प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ के सहयोग से लोगों को कानूनी जानकारी मुहैया कराएंगे। सभी प्रखंडों में जिस प्रकार के मामले ज्यादा होंगे वहां उससे संबंधित कानूनी जानकारी भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही भारत सरकार, झारखंड सरकार, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार और झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जो लाभकारी योजनाएं लोगों के लिए चलाई जा रही है, उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी। इस विधिक सशक्तिकरण शिविर में सरकार के द्वारा समाज के वैसे योग्य लोगों को जो उस संबंधित स्कीम के तहत अपनी पात्रता रखते हैं, उन्हें वह प्रदान भी किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर प्रखंड के लिए जिले के टाउन हॉल को चिन्हित किया गया है। जहां मुख्य तौर पर प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा, जिला उपायुक्त नैंसी सहाय, जिला आरक्षी अधीक्षक मनोज रतन चौथे, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित व सदर प्रखंड की बीडीओ के साथ-साथ कई पदाधिकारियों की मौजूदगी होगी। इस कार्यक्रम के बाबत प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा एवं जिला उपायुक्त नैंसी सहाय ने संयुक्त तौर पर सभी से अपील की है कि 28 अगस्त को सभी लोग अपने-अपने संबंधित प्रखंडों में जाकर इस शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। यह शिविर साढ़े दस बजे से प्रारंभ होकर देर तक चलेगा। कार्यक्रम की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने दी। आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चो, महिलाओं एवम कुपोषित बच्चों को सही तरीके से लाभ मिले इस पर बल देते हुए कहा आंगनवाड़ी से देश के नौनिहालो का भविष्य निर्भर करता है। कुपोषण उपचार सहित जच्चा बच्चा को बेहतर तरीके से स्वास्थ्य शिक्षा मिले इसके लिए सरकार कटिबद्ध है हमे सामाजिक भागीदारी से और बेहतर बना सकते है। ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन के लिए संगठित करने, स्थानीय हुनर को प्रशिक्षित कर उनके कार्यों, उत्पादों की ब्रांडिंग करने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की दिशा में कार्य करने को कहा। नवाचार के तहत नए विचारों को बढ़ावा देने, युवाओं, महिलाओं को मौका देने, समाज के अच्छे के लिए काम करने वाले लोगों को चिन्हित कर उन्हे प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई। अधिकारियों को एक एक आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने की पहल करने की सलाह दी।

केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार का हजारीबाग दौरा

आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक और विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा चयनित देश के 115 अति पिछड़ा जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, कौशल विकास प्रशिक्षण आदि मानकों में देश के अन्य जिलों के स्तर में लाने के लिए केंद्र सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के द्वारा हजारीबाग जिला का दौरा किया गया। इस दौरान डॉ वीरेंद्र कुमार ने जिला में नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिला योजना के तहत निर्धारित मापदंडों के अनुरूप विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में हजारीबाग ने कई सेक्टर में अच्छा प्रदर्शन किया है। बाबजूद सम्पूर्ण आच्छादन अब सेवाओं में गुणवत्ता में सुधार की ओर फोकस करना होगा। कृषि के साथ साथ पशुपालन, बागवानी, दुग्ध उत्पादन, मछली पालन में जिला में अपार संभावनाएं हैं इस पर नए क्षेत्र में लोगों को जोड़ने, प्रोत्साहित करने के लिए कार्ययोजना तैयार किया जाए। कोविड टीकाकरण अभियान में नए सिरे से लोगों को जागरूक कर शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए सबका सहयोग और जागरूकता किया जाना आवश्यक है। स्वास्थ्य सेवा में उपलब्ध स्वास्थ्य केंद्र में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की दिशा में काम करने पर जोर देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कर्मियों चिकित्सको को ईमानदारी से लोगों की सेवा करने सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में मशीन बेकार नहीं हो इस पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

न्यूज गैलरी

बोलबा में सांप काटने के बाद महिला की स्थिति नाजुक, झाड़फूंक में पड़े थे परिजन

बोलबा। प्रखंड के कुन्दूरमुंडा सल्या टोली गांव में सोमरी तिर्की (45 वर्ष) की बीती रात के लगभग 12 बजे जहरीले सांप ने काट लिया उन्होंने लोगों को बताया तो झाड़-फूंक के लिए ओझा-गुनी एवं वैद्य लोगों को बुलाया गया झाड़फूंक करने के बाद भी सांप का विष नही उतरा तो बोलबा अस्पताल लाया गया। डॉ देबातोष भूटिया ने बताया कि मरीज का स्थिति बिल्कुल नाजुक हो गया था ।उन्हें बेहतर ईलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के बाद परिजनों से पूछताछ पर पता चला कि देर रात उसे जहरीले सांप ने डसा जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी जहां पर स्थानीय झाड़-फूंक करने वाले को बुलाया गया जो काफी देर तक झाड़फूंक करता रहा लेकिन किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई तब जाकर उसे बोल बास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था जहां से डॉक्टर ने सदर अस्पताल भेजा इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में उसकी इलाज चल रही है फिलहाल स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

बानो बीपीओ ने जाति प्रमाणपत्र निर्गत के लिए प्रधानाचार्य से की बैठक

बानो। प्रखंड सभागार में बीपीओ निर्मला लिंडा की उपस्थिति में प्रखंड के बिभिन्न विद्यालयो के प्रधानाचार्य की बैठक हुई। जिसमे सभी विद्यालयों में पढ़ रहे एस सी/एसटी एवं ओबीसी बच्चो का जाति प्रमाण पत्र अबिलम्ब बनवाने पर चर्चा हुई उन्होंने अविभावकों से सम्पर्क कर सम्बंधित सम्बंधित प्रज्ञा में आवश्यक कागजात जमाकर बच्चो का जाति प्रमाण पत्र बनवाने अपने सहयोग करे। जिससे प्रमाण पत्र जल्दी बन सकेगा, बैठक में स्मिथ कुमार सोनी, ओमप्रकाश ओहदार, सन्ध्या सिंह, मनोज यादव, केदार सिंह, सहित विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यक ने भाग लिया।

सड़क हादसे में दो युवक गम्भीर रूप से घायल

भंडरा/लोहरदगा। लोहरदगा भंडरा मुख्यपथ में नवडीहा चौक के समीप सड़क हादसे में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलों को भंडरा थाना के एसआई विकास विश्कर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों की पहचान कचमची निवासी आंनद उराँव 26 एवं फूलदेव उराँव उम्र 28 के रूप में किया गया। जनकारी के मुताबिक दोनो युवक भंडरा से टीवीएस मोपेड से खाद लेकर गांव लौट रहे थे इसी दौरान एक चट्टी की ओर से आ रही एक अज्ञात बुलेट चालक ने ठोक दिया और मौके से फरार हो गया इस घटना में दोनो युवक घायल हो गए। भंडरा पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

ठेठईटांगर दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक संजय प्रसाद बने अध्यक्ष

ठेठईटांगर। दुर्गा पूजा तैयारी को लेकर शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार देर शाम दुर्गा पूजा समिति ठेठईटांगर की बैठक संपन्न हुई। बैठक नरेंद्र बड़ाईक की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पुराने कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। नयी नये कमेटी में संजय प्रसाद को अध्यक्ष और अनिल कुमार गुप्ता परमानंद दास मिथिलेश कुमार अरविंद कुमार सिंह मुकेश केसरी को उपाध्यक्ष बनाया गया। संतोष कुमार सिन्हा को सचिव एवं पप्पू शाह को सह सचिव बनाया गया। शैलेश कुमार को कोषाध्यक्ष का पद सौंपा गया। इसके साथ ही राजू सिंह राजेंद्र बड़ाईक बंशी प्रसाद विजय ठाकुर प्रसन्न कुमार सिन्हा को संरक्षक बनाया गया। बैठक में विगत वर्षो का पूर्व कोषाध्यक्ष के द्वारा आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत कर बचत दिखाई गई वही दुर्गा पूजा समिति के मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया विगत 2 साल कोरोना काल के बाद 2022 दुर्गा पूजा पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने सेतु शिक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

कुडू-लोहरदगा। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड सरकार और हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के सहयोग से जिले में संचालित तेजस्विनी परियोजना अंतर्गत कुडू प्रखंड में चलाये जा रहे सेतु शिक्षा केन्द्र का जिला कार्यक्रम प्रबंधक महेन्द्र ने निरीक्षण किया। मौकेपर उन्होंने बताया कि इसके तहत 14 से 20 वर्ष की वैसी किशोरियां जो स्कूल छोड़ चुकी हैं उन्हें सेतु शिक्षा के माध्यम से शिक्षित बनाने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड समन्वयक गौरव पारीक, संकुल समन्वयक दीपाली कुमारी, सुमन कुमारी आदि उपस्थित रहे।

युवा सद्भावना मैच की विजेता बनी सलगी की टीम

कुडू-लोहरदगा। प्रखंड के पक्षमी सुदूरवर्ती पंचायत सलगी पंचायत मे युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, मंच के सदस्य सलीम अमीर मौजूद रहे। सलगी नावाडीह और छापर टोली के बीच खेले गए सद्भावना मैच में छापर टोली की टीम प्लाण्टी शूटआउट में 1 गोल से विजयी हुई। मौके पर गौरीश गौरव, प्रमोद साहू, पंचायत की मुखिया सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

कुडू में पुराने बीईईओ को दी गयी विदाई और नये का स्वागत

कुडू-लोहरदगा। राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू में शनिवार को स्वागत सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीपीओ परवेज शाह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में शिक्षकों और सभी कमीर्यो की ओर से नए बीईओ जयमंगल लोहार का स्वागत और पूर्व बीईओ सिमा कुमारी को अंगवस्त्र, पुष्पुच्छ एवं उपहार देकर विदाई दी गई। कार्यक्रम में मंच संचालन शभु कुमार शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन अली रजा अंसारी ने किया। बुनियादी विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से शुरू हुए समारोह के दौरान एक ओर पुरानी बीईईओ ने अपने सहयोगियों के साथ बिताए पालो को याद कर भावुक हो गयी वहीं दूसरी ओर नवनियुक्त बीईईओ ने उपस्थित सभी शिक्षकों का परिचय प्राप्त किया तथा आपस में मिल जुलकर प्रखंड को आगे भी नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहयोग का आग्रह किया। मौके पर प्रधानाध्यापक अर्सलानी होरो, प्रतिमा किंडो, संकुल साधान सेवी संतोश कुमार, अमृत लाल, संजीव कुमार, सुदामा चौधरी, जसीम अंसारी, बैद्यनाथ प्रजापति, अनिरुद्ध साहू, अर्सलानी होरो, उषा कुमारी, मोदस्सर नजर, बसंत राम, पवन कुमार, मीणा सिंह, राशिदा खातून सहित कई शिक्षक, संकुल साधान सेवी व संसाधन कर्मी और विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

उपायुक्त ने सेन्हा में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की, कहा

वर्ष 2019-20 के अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड सेन्हा में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना, कूप निर्माण, जिओ टैगिंग, एरिया ऑफिसर एप्प, मापी पुस्तिका, आंगनबाड़ी निर्माण नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, की समीक्षा की गई। बिरसा हरित ग्राम योजना में पंचायत भडगांव, सेन्हा, एवं तोड़ार में गडढ़ा भरने का कार्य तीन दिन में कर लेने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात पौधरोपण के कार्य किये जायें। नीलाम्बर पीताम्बर जल समृद्धि योजना की समीक्षा में सेन्हा, भडगांव,

अरु, डाडू पंचायत में कम टीसीबी लिए जाने के कारण रोजगार सेवक एवं पंचायत सेवक को (एनआरएम) प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन योजना का अध्ययन एवं योजना क्रियान्वयन की एक लिखित रिपोर्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा में सभी पंचायतो के वर्ष 2019-20 के अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्रति गांव में संचालित योजना, दीदी बाड़ी योजना, कुआं योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में अरु, सेन्हा, डाडू, भड़गांव तथा मुरकीटोडार में खेल मैदान के कार्य कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री पशु विकास योजना में लक्ष्य के विरुद्ध कम पशुशेड निर्माण पर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश जेई तथा एई को दिया गया। योजनाओं की जियो टैगिंग डाडू एवं उगरा पंचायत का पूर्ण करने, योजनाओं की पूर्णता, एरिया अफसर एप में बीडीओ/बीपीओ, एईई/जेईई का फील्ड विजिट कर 100 प्रतिशत इंट्री करने, मनरेगा मजदूरों का आधार कार्ड इंट्री में झलजमीरा तथा मुरकीटोडार में अधिक बाकी है जिसे पूर्ण करने का निर्देश, मापी पुस्तिका, जॉब कार्ड का सत्यापन आदि बिंदुओं की समीक्षा कर पूर्ण करने का निर्देश दी गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, जेएसएलपीएस के प्रकाश रंजन, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केके गुप्ता, सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

नगर परिषद बोर्ड की मासिक बैठक संपन्न

पान मसाला कार्यालय में खाने वालों पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा नगर परिषद की मासिक बोर्ड बैठक का आयोजन शनिवार को नगर परिषद कार्यालय सभागार में आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू के द्वारा की गई मौके पर एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी महेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू सभी वार्ड पार्षद एवं कनीय अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजना एवं कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कार्यों को तेजी लाते हुए कार्यों में सुधार लाने को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा सिमडेगा टैक्सी स्टैंड में मूलभूत सुविधाओं की कमी को जल्द से जल्द पूरा करने से संबंधित बोर्ड में निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि नगर परिषद में कार्य करने वाले कर्मचारी एवं अन्य कोई भी बाहर से आने वाले लोग पान मसाला गुटखा खाकर प्रवेश करते हैं तो उन पर 200 का जुमार्ना लगाया जाएगा एसडीओ महेंद्र कुमार ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कार्यालय को साफ सुथरा एवं शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए सभी लोगों के सहयोग की आवश्यकता है ताकि सही तरीके से संचालन हो सके। वहीं अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर चर्चा करते हुए सरकारी भूमि पर जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा होल्डिंग टैक्स ट्रेड लाइसेंस पेयजल साफ-सफाई सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास में जो अधूरे किए गए कार्यों को पूरा करने एवं जो कार्य नहीं कर रहे हैं उन्हें सरेंडर करने से संबंधित सभी चीजों पर चर्चा करते हुए बैठक की समाप्ति की गई।

गणेश पूजा को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में विधि व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

जुलूस पर डीजे पूरी तरह से रहेगी प्रतिबंध शांतिपूर्ण तरीके से किया जायेगा विसर्जन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। आगामी 31 अगस्त को होने वाले गणेश पूजा की तैयारियों को लेकर सिमडेगा एसडीओ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार की शाम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिमडेगा शहर क्षेत्र के सभी पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। मौके पर एसडीओ महेंद्र कुमार ने सभी समिति के पदाधिकारियों का बैठक में स्वागत करते हुए गणेश पूजा को लेकर बारीकी से सभी बिंदुओं पर समीक्षा की इस

दौरान उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान किसी प्रकार की कोई भी समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान रखें सभी पूजा समिति अपने वॉलिंटियर्स की सूची अनुमंडल कार्यालय में समर्पित करेंगे ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी में प्रशासन सहयोग कर सकें इसके अलावा पूजा पंडाल में डीजे का प्रतिबंध विसर्जन तक पूरी तरह से रोक रहेगी। शांतिपूर्ण तरीके से कम साउंड वाले बाजा के साथ पूजा को संपन्न करने के निर्देश दिये। इसके अलावा विसर्जन शोभायात्रा में किसी प्रकार की विवादित गाना ना बजे और एक साथ सामूहिक रूप से किसी भी पूजा पंडाल का विसर्जन ना हो इसका ध्यान देने की बात कही। बैठक में पूजा समिति के पदाधिकारियों ने भारी बारिश से अपने विसर्जन जुलूस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जिसके बाद उन्होंने सभी लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में गणेश पूजा संपन्न करने के लिए निर्देश दिए मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंकज भगत, सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर सुधीर बाड़ा उपस्थित रहे।

एसपी ने किस्को थाना का वार्षिक निरीक्षण कर दिए निर्देश

थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों को चिन्हित कर करें कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा आर रामकुमार के द्वारा किस्को थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोदय के किस्को थाना पहुँचने पर पुलिसकर्मी द्वारा स्वागत किया गया तथा जवानों के द्वारा सलामी दी गई। निरीक्षण के क्रम में किस्को थाना परिसर, मोर्चा, जवानों और पदाधिकारी के आवासन स्थल, थाना भवन, सिरिस्ता, विशेष कर दंगा नियंत्रण सामानों का मुयायना किये थाना को साफ सुथरा रखने का निर्देश दिये। तदोपरांत थाना के सभी अभिलेख अपराध संचिका, डकैती, लूट पंजी, दागी रजिस्टर, मालखाना पंजी, थाना खतियान, रोकड़ बही, फरारी पंजी, दागी पंजी, गुंडा रजिस्टर, जोनल पदाधिकारी से गांव के संबंध जानकारी प्राप्त करना, लंबित कांडो की समीक्षा आदि का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया। पाई गई त्रुटि को सुधार करने एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के थानों में सक्रिय अपराधियों को चिन्हित करते हुए करवाई करने का निर्देश दिया गया है। थाना सिरिस्ता के सफाई उच्य कोटी के पाये जाने पर पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाये रखने हेतु पुरुस्कृत भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में बी.एन.सिंह, अनु .पु.पदा, लोहरदगा, सन्नी कुमार थाना प्रभारी किस्को, अनि शम्भू प्रसाद सिंह, सअनि अविनाश सिंह, गोविंद सिंह, राजकिशोरी कुजूर एवं सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पहुंची जोकबहार, स्कूली बच्चों को दिया हॉकी के टिप्स

सिमडेगा। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोकबहार सिमडेगा में शनिवार को विद्यालय परिवार के आग्रह पर जिले की दो अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सुमराय टेटे एवं असुंता लकड़ा विद्यालय पहुंची जिनका स्वागत विद्यालय के बच्चों के द्वारा बुके एवं माला पहनाकर किया गया तत्पश्चात खेल शिक्षक ललित जुगनू मिंज के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उपस्थित दोनो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने विद्यार्थियों से कहा कि वे पढ़ाई के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं उन्होंने कहा कि हम भी एक गरीब परिवार से संबंध रखते हुए भी खेल के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करते हुए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बने है। इससे विद्यालय के बच्चे काफी प्रभावित हुए। इसके बाद विद्यालय के शिक्षक प्रेम कुमार शर्मा ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों को विद्यालय बुलाने का मकसद विद्यार्थियों में इनके जैसा महान खिलाड़ी बनने के लिए प्रेरित करना श्री शर्मा के द्वारा दोनो खिलाड़ियों को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दिया गया। इसके बाद दोनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने विद्यार्थियों को हॉकी के कुछ टिप्स भी दिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चें उपस्थित थे।

मुखिया से भंडरा के कार्डधारियों ने जविप्र दुकानदार पर अनाज व राशन तेल नहीं देने की शिकायत की

भंडरा/लोहरदगा। जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सुरेंद्र यादव के द्वारा कार्ड धारियों को अनाज एवं राशन तेल नहीं देने के मामले को लेकर कार्डधारियों ने भंडरा पंचायत के मुखिया इंद्रदेव उरांव को आवेदन देकर राशन का वितरण सुनिश्चित कराने की मांग किया। राशन कार्ड धारियों ने मुखिया को बताया कि महीने का आखरी दिन होने के बावजूद भी राशन दुकानदार सुरेंद्र यादव के द्वारा अनाज का वितरण नहीं किया जा रहा है। 15 दिनों से लगातार कार्डधारी राशन लेने के लिए दुकान में आते हैं परंतु उन्हें राशन नहीं दिया जाता है। कार्डधारियों को राशन नहीं देकर वापस भेज दिया जाता है। राशन दुकानदार के व्यवहार से परेशान होकर कार्ड धारियों ने मुखिया का आवेदन देकर मांग किया कि इस दुकानदार से कार्डधारियों को निजात दिलाया जाए। किसी दूसरे राशन दुकानदार से राशन दिलाने की व्यवस्था की जाए। कार्ड धारियों ने मुखिया को बताया कि राशन दुकानदार सुरेंद्र यादव कार्डधारियों से अच्छा व्यवहार नहीं करता है और राशन लेने के लिए कई दिनों तक चक्कर लगवाता है। अगर राशन व्यवस्था में सुधार नही किया जाता है तो कार्ड धारी आगे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में कार्डधारियों को मुखिया ने आश्वासन दिया कि सभी कार्डधारियों को किसी दूसरे जनवितरण दुकानदार से राशन दिलाने की व्यवस्था की जाएगी। कार्डधारकों में सूरज उरांव, कमला देवी, सिमा देवी, बसंती मुंडा, रीना देवी, पंचू उरांव, जीवन राम, गौरी उरांव, बिरसु उरांव, बसंत साहू आदि मौजूद थे।

बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा गुमला मुख्यपथ के बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर मंदिर में पूजा पाठ के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से पूजा शुरू हुई। पंचमुखी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर राम चरित मानस, सुंदरकांड आदि का अखंड पाठ किया गया। अखंड पाठ के बाद मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें लोक कल्याणार्थ नगर के समाज सेवियों व भक्तों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां अर्पित कीं। पुरोहितो ने कहा कि मनुष्य के जीवन में यश कृति सुख समृद्धि व शांति के लिए भगवान का पूजा आराधना जरूरी है। भगवान हनुमान के गुणगान से पूरे वातावरण में सुधता आ जाती है। वही दोपहर के तीन बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण हुआ। सबसे पहले भगवान हनुमान को भोग का प्रसाद लगाया गया। वही पूड़ी सब्जी, सेव, चटनी, बुंदिया आदि का भी भोग भगवान को लगाया गया। इसके बाद पुरोहितो को भंडारे का प्रसाद खिलाया गया। इसके बाद आम जनता के लिए प्रसाद शुरू किया गया। मंदिर के वार्षिकोत्सव का भंडारा का प्रसाद खाने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग कतारबद्ध होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इधर पंचमुखी हनुमान मंदिर में वार्षिकोत्सव के मौके पर विशेष पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। वहीं इस अवसर पर मंदिर परिसर को बहुत ही मनमोहक एवं आकर्षक तरीके से कृत्रिम एवं वास्तविक फूलों तथा लाल पताकों से सजाया गया था। जय श्री राम एवं जय हनुमान के नारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। इधर देर शाम तक भंडारे में दूर दराज से भारी संख्या में आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर इस कार्य मे सभी सनातनी धर्म समुदाय के लोगो का सहयोग मिल रहा था। सभी सनातनी राम भक्त, हनुमान भक्त अपनी क्षमता अनुसार मंदिर के वार्षिकोत्सव के लिए सहयोग राशि भी दिए। बता दें कि हर वर्ष प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है।

बारिश के दौरान हुए सड़क सहित अन्य चीजों के नुकसान पर प्रमुख ने लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। जिले में पिछले दिनों हुए अत्याधिक बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित थी जहां दूसरी ओर केरया पंचायत अंतर्गत रचाकोना जाने वाले मार्ग अत्यधिक बारिश के कारण तेज बहाव में पूरा मिट्टी बह चुका है साथ ही लोदरोबेड़ा जाने वाला मार्ग भी बारिश के पानी में पूरी तरह मिट्टी कटाव से बह चुका है एवं आंबापानी के रास्ते बरपानी, कुटनिया जाने वाले मार्ग पर एक विशाल बरगद का पेड़ रोड के बीचो बीच गिरा पड़ा है। इसकी सूचना प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को हुआ सुचना मिलते ही प्रमुख इन समस्याओं को देखने के लिए मोटरसाइकिल से संबंधित जगह पर पहुंचे एवं जल्द से जल्द समस्या का निदान करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। साथ ही साथ ग्रामीणों से आग्रह किया कि सर्पदंश होने पर झाड़-फूंक एवं अंधविश्वास में ना

पड़े तुरंत मरीज को अस्पताल पहुंचाएं। जिससे कि मरीज को बचाया जा सके उन्होंने कहा आय दिन सूचना मिलती है कि सर्पदंश में कई जाने जा चुकी है। इससे सबक लेकर ग्रामीण सुधर जाएं एवं झाड़-फूंक अंध विश्वास में ना फंसे, ग्रामीण प्रमुख से जुलाई एवं अगस्त माह का राशन ना मिलने का शिकायत कर रहे थे। प्रमुख ने आश्वासन दिया कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से बात करके इसका निदान किया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य नेहा कंडुलना वार्ड सदस्य अनिल सुरीन, प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।

कायाकल्प में बेहतर कार्य के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल को राज्य भर में मिला नंबर वन रैंक

सरकार की ओर से प्रथम पुरस्कार के रूप में सदर अस्पताल को दिया 50 लाख

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में कायाकल्प के क्षेत्र में सरकार की ओर से मानक तय करते हुए पूरे राज्य भर में पहला स्थान दिया है। बताया गया कि सरकार की ओर से आई हुई ऑडिट टीम के द्वारा पिछले चार महीना पूर्व किए गए ऑडिट के अनुसार 24 जिले में बेहतर कार्य करने के लिए सिमडेगा जिले को प्रथम स्थान में चुना है और सरकार की ओर से 5000000 रुपए की राशि भी दी गई है। हाईवे ऑडिट टीम के द्वारा सदर अस्पताल में बारीकी से निरीक्षण करने के पश्चात सरकार को रिपोर्ट सौंपी थी जिसके आधार पर समीक्षा हुई और समीक्षा के आधार पर सदर अस्पताल को बेस्ट हॉस्पिटल इन झारखंड का अवार्ड प्राप्त हुआ। बताया गया कि राज्य के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा कार्यक्रम आयोजित करते हुए उक्त अवॉर्ड फॉर दी जाएगी हालांकि घोषणा होने पर सदर अस्पताल सहित

पूरे स्वास्थ्य प्रबंधन के अंदर खुशी का माहौल है। मैनेजर अलका कुल्लू ने बताया की सदर अस्पताल को बेहतर से बेहतर सुख सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिन रात मेहनत करते हुए यहां पर रंग रोगन साफ-सफाई पार्किंग की व्यवस्था पीने की पानी लाइट सहित सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जिससे कि यहां पर आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कोई भी समस्या ना पिछले दिनों किए गए कार्यों के बाद सरकार के द्वारा मिली पहले स्थान से पूरे स्वास्थ्य दिमाग के अंदर खुशी का माहौल है।

किन किन क्षेत्रों में की गई थी ऑडिट : झारखंड राज्य के सभी सदर अस्पताल सहित छोटे अस्पतालों की भी ऑडिट की गई थी जहां पर सदर अस्पताल को चुना था सदर अस्पताल में ऑडिट के दौरान सबसे पहले सदर अस्पताल के रखरखाव सहित सभी प्रकार की चीजों की से जांच की गई इसके अलावा सैनिटाइजेशन हाइजीन की व्यवस्था, सपोर्ट सर्विस, वेस्ट मैनेजमेंट, इनफेक्शन कंट्रोल, हाइजीन प्रमोशन, हॉस्पिटल बाउंड्री आदि सभी चीजों को की गई जिसके आधार पर 93. 5% रैंक दिया गया जिसके बाद कायाकल्प क्लीन हॉस्पिटल अवार्ड के लिए चुना गया।

किन चीजों में होगी 50 लाख खर्च : सरकार द्वारा तय किए गए मानकों के अनुसार 50 लाख की राशि में से 25% नगद अवार्ड के रूप में स्टाफ एवं टीम के बीच में वितरण करने की बात कही गई है जबकि 75% है सदर अस्पताल के कायाकल्प में उसे लगाना है। कायाकल्प दिशानिर्देश के अनुसार। नकद पुरस्कार राशि का 75% रोगी कल्याण रखरखाव और सुविधाओं में सेवाओं के लिए स्टाफ रेस्ट रूम, ड्यूटी रूम जिसमे पर्दे कुर्सी, बिस्तर और बिस्तर कवर, माइक्रोवेव, एसी, रूम हीटर, इमरजेंसी लाइट आदि की सुविधाओं में सुधार, किताबों, पत्रिकाओं के साथ पुस्तकालय, डॉक्टर, नर्स के लिए अस्पताल की सुविधा रखरखाव में सुधार जैसे बागवानी, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर स्थिरता, अपशिष्ट, कीट और पशु नियंत्रण, पीने के पानी की उपलब्धता डिस्पेंसर आदि इसके अलावा रोगी के बैठने की जगह के लिए कुर्सी की खरीद कार्य स्थल सौंदर्य उपस्थिति साबित करना पेंट, चारदीवारी, साइनेज सिविल कार्य आदि एवं रसोई सेवा जिसमे खाद्य ट्रॉली, खाने की मेज और सुरक्षा सेवा आदि कुर्सी स्वच्छता सेवा शौचालय, बाथरूम की मरम्मत और सफाई द्वारा सहायता सेवाओं में सुधार कपड़े धोने की सेवा कोई भी नवीन गतिविधि जैसे रोगी प्रबंधन का उपयोग करना जिसमे टोकन सिस्टम, कैफेटेरिया, टीवी रूम में खर्च कर सकते हैं।

क्या कहते है सिविल सर्जन : इधर कायाकल्प क्लीन हॉस्पिटल अवार्ड मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार ने खुशी जताते हुए कहा कि यह कार्य सदर अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मी मैनेजर स्टाफ एवं डॉक्टरों के किए गए कार्यों का नतीजा है कि पूरे झारखंड राज्य में सिमडेगा जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है और इसका पूरा श्रेय उन्हीं को जाता है उन्होंने कहा कि यह कार्य आसान नहीं था लेकिन सभी लोगों के टीम वर्क के कारण पूरा हो सका है साथ ही उन्होंने कहा इसे बरकरार रखने के लिए आगे भी जो भी सुविधाएं होंगी उसे बेहतर करने का काम किया जाएगा।

आज होने वाले जमीअत उलेमा के तत्वावधान में सद्भावना मंच के लिए विशप को दिया न्योता

सिमडेगा। जमीअत उलेमा जिला इकाई के द्वारा रविवार की शाम 6 बजे से इस्लामपुर स्थित जमजम काम्पलेक्स में सदभावना मंच का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी धर्मसंप्रदाय के लोगों को आमंत्रित किया गया है। जमीअत उलेमा के सदर मौलाना मिन्हाज ने बताया कि कार्यक्रम आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में अमन का पैगाम दिया जाएगा। समाज में आपसी सदभाव कायम हो इस दिशा पर विचार व्यक्त किए जाएंगें। बताया गया कि कार्यक्रम में वक्ता के रूप में जैन मुनी महाराज, बिशप विंसेंट बरवा, पंडित वासुदेव, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र भगत मौजूद रहेंगें। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सदस्यों के बीच जिम्मेवारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जमीअत के पदाधिकारियों ने उक्त धर्मगुरूओ से मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया है। उक्त धर्मगुरूओ ने कार्यक्रम में शामिल होने की बता कही है। इधर कार्यक्रम को लेकर शनिवार को सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर मौलाना अय्याज काशमी, मौलाना आसिफुल्लाह, मो.ग्यास, खुबैब शाहिद, डा.इम्तियाज, शौकत अली अंसारी, सहित कई लोग मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

एशिया कप में भारत व पाकिस्तान का भिड़ंत

मेदिनीनगर। शाम 6 बजे से आज दुबई में एशिया कप क्रिकेट मैच में भारत व पाकिस्तान का भिड़ंत होगा। मैच को लेकर शहर के युवाओ में खासा उत्साह है। कई जगहों में मैच देखने के लिए प्रोजेक्टर का भी व्यवस्था किया गया है। गौरतलब है कि भारत व पाकिस्तान का क्रिकेट मैच रोमांच से भरा रहता है। देश सहित दूसरे देश के भी युवाओ में ऐसे मैच को लेकर उत्साह रहता है। स्थानीय बाजार क्षेत्र में भी मैच देखने के लिए युवाओ ने दुकानदारों को भी आमंत्रित किया है। भारत एशिया कप में 7 बार का विजेता है और इस बार फिर एशिया कप जीत कर आने की कोशिश करेगा।

पलामू में बिना परिमट के दर्जनों बसों का हो रहा संचालन

मेदिनीनगर। पलामू जिले की सड़कों पर 1 दर्जन से अधिक बसों का परिचालन बिना परमिट हो रहा है। इसके प्रति कोई भी परिवहन पदाधिकारी गंभीर नहीं। बेखौफ छत्तीसगढ़ से आने वाली बसें प्रतिदिन गढ़वा-पड़वामोड़ होते जपला, डालटनगंज, औरंगाबाद पटना आदि जगहों के लिए सरपट दौड़ लगा रही हैं। इतना हीं नहीं पांच बसों का परिचालन डालटनगंज से दिल्ली के लिए भी हो रहा है।सड़कों पर दौड़ रही इन बसों में किसी के पास परमिट नहीं है। सभी टूरिस्ट परमिट लेकर संचालन कर रहे हैं। दिल्ली जाने वाली बसों में जय मां, अश्विनी, आर्यन, सिंह, मनू आदि शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ से प्रत्येक दिन आने वाली बसों में दुबे, महेंद्रा, रॉयल, सिंह, बदन, नवीन, राजहंस आदि नाम है। इस नाम की एक नहीं दो-तीन गाड़ियां गढ़वा, गढ़वा रोड, बीमोड़, पड़वा मोड़, जपला, उंटारी रोड आदि जगहों से अलग-अलग चल रही है। नाम न बताते हुए एक बस कंडक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ से आने वाली अधिसंख्य बसों का परमिट रामानुजगंज बॉर्डर तक के लिए है। लेकिन वहां किसी प्रकार की जांच स्वरूप टोक नहीं होने के कारण बस्सी झारखंड में प्रवेश कर जाती है। झारखंड में देखने के लिए सभी जगह बस एजेंट को जिम्मेवारी सौंपी गई है। जो अपने स्तर से देख कर परिचालन करते रहे हैं। बताया कि बस औरंगाबाद तक नियमित जाती हैं। किसी भी बस का रेगुलर परमिट नहीं है कई बसें टूरिस्ट परमिट लेकर यात्री को ढो रहे हैं। कई बार जांच आदि की जानकारी मिलने पर बसों को बॉर्डर एरिया में ही खड़ी कर दी जाती है। बताया कि अगर बसों की जांच हो तो अधिसंख्य गाड़ियां बगैर परमिट की पकड़ी जायेगी। पड़वा मोड़ की एक बस एजेंट के द्वारा बताया गया कि दिल्ली जाने वाली बसों की भी यही स्थिति है। वह भी बिना परमिट टूरिस्ट परमिट लेकर यात्री को ढो रहे हैं। कई गाड़ियां बनारस तक परिवहन कर रही है। लेकिन इन्हें रोकने टोकने वाला कोई नहीं।

मुखिया ने स्कूल के प्रधानाध्यापक व आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ की बैठक

मेदिनीनगर। लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत हरतुआ पंचायत के मुखिया अरविन्द शुक्ला के द्वारा पंचायत सचिवालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिनमें पंचायत के सभी प्रधानाध्यापक एवम् आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित हुए। बैठक में प्रत्येक विद्यालय के समस्या सुना गया और निदान करने का आश्वासन दिया गया। आंगनवाड़ी सेविकाओ की भी समस्या सुनी गई। मुखिया जी के द्वारा निम्न निर्देश दिये गये जिस पर सभी प्रधानाध्यापक को अमल करने हेतु कहा गया। 1 किसी विद्यालय में जाली नामांकन नहीं करना हैं,वही बच्चे को विद्यालय में रखना हैं जो आपके विद्यालय में आते हैं। निजी विद्यालय के बच्चों का हटा देना हैं। 2 उपस्थिति गलत नहीं बनाना हैं। 3 एमडीएम अगर बंद होता हैं तो उसका जानकारी विभाग के अलावा मुखिया को भी देना हैं। बैठक में मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य,सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, पंचायत के आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित हुए।

लोक अदालत में 58 मामले का निस्तारण

दो लाख 82 हजार 501 रुपये का मामला सेटल

मेदिनीनगर। पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में शनिवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के दिशा निर्देश पर व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे व संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने की है। लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर 58 मामले का निस्तारण किया गया। वही दो लाख 82 हजार 501रुपये का मामला सेटल किया गया। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 10 का गठन किया गया था। प्रथम पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या दो में मामले का निस्तारण जिला अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार व अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने किया।इस पीठ में 19 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या तीन में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या चार में आपराधिक मामले का निस्तारण सी जे एम निरुपम कुमार व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने किया। इस पीठ में 35 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या पांच,पीठ संख्या छह व पीठ संख्या सात व पीठ संख्या आठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या नव में प्री लिटिगेशन से संबंधित चार मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष श्यामलाल सरोज व सदस्य महिमा श्रीवास्तव ने किया। व पीठ संख्या 10 में एक्सक्यूटिव व रेवन्यू से संबंधित एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। एक हेल्प डेस्क बनाया गया था जिसमें लोगों को मदद के लिए अधिवक्ता सतीश कुमार व पीएलभी मुनेश्वर राम को लगाया गया था। उत्पाद विभाग को एक लाख 42 हजार 400 रुपये व वन विभाग को 12 हजार 500 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ।

शांतिपुरी के लोगों ने की गाय व बछड़े की रक्षा

मेदिनीनगर। शहर के शांतिपुरी मोहल्ले के लोगो ने शुक्रवार की शाम मानवता का परिचय देते हुए एक गाय और उसके बछड़े की जान बचाई। एक गाय उस इलाके में भटकती हुई आई थी। सड़क किनारे उसने एक बछड़े को जनम दिया । फिर क्या था। आवारा कुत्तो ने गाय के बछड़े को देख। उसे नोचने की कोशिश करने लगे। इस घटना को देख समाजसेवी मनोहर कुमार लाली के भाई व अन्य मुहल्लेवासी आगे आकर कुत्तों को भगाया । बाद में मुहल्ले के और लोग भी जमा हुए। मानवता का परिचय देते हुए गाय तथा बच्चे को भोजन दिया । रात को पोस्टल कालोनी में ले जाकर रखा गया । वही सभी गाय वो बछड़े की देखभाल भी की । पोस्टल कालोनी के सुधीर सिंह ने इसकी अगुवाई की. शांतिपुरी निवासी अनिल सिंह, अतुल अखौरी, सुजीत सिंह, अनिरुद्ध सिंह की. सुबह गौशाला के सह सचिव व गौ सेवक शिव शंकर कुमार मिश्रा की देखरेख में गाय वो बछड़े को गौ सेवक सुदर्शन मेहता को दिया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मासिक लोक अदालत आयोजित

लोक अदालत में 40 वादों का हुआ निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण मे मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज श्री अखिल कुमार ने लोक अदालत के बेंचों का निरीक्षण किया तथा न्यायिक पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा मामले निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया।

इस लोक अदालत में कुल 06 बेंच बनाए गए थे। जिसमें कुल- 40 वादों का निष्पादन किया गया जिसमें कुल 343919 रू मात्र राजस्व की वसूली की गई। इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत में लंबित वादों के निष्पादन के उपरांत 07 लाभुकों को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार श्री अखिल कुमार द्वारा कुल रू0 1,25,000/- राशि के चेकों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रधान न्यायधीश, कुतुम्ब न्यायालय श्री राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार,, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, श्रीमती स्वाति विजय उपाध्याय, अनुमण्डल न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी श्री राहुल कुमार, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमणि प्रसाद, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रिका राम, सदस्य डॉ0 मुरारी झा, मो0 शकील अख्तर एवं अधिवक्तागण एवं व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

महुआडांड़ में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

महुआडांड़। मुख्य बाजार स्थित शास्त्री चौक के समीप सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लातेहार के निर्देश पर नाटकीय मंडली के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए क्षति पूर्ति हेतु आवेदन करने की बात बताई गई। इस दरमियान नाटक मंडली के द्वारा बताया गया कि जो भी व्यक्ति हैं सभी लोग आधार कार्ड बैंक पासबुक जमीन का रसीद एवं वंशावली बनवा कर प्रज्ञा केंद्र तथा अन्य स्थानों पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करें जिसके उपरांत सरकार के द्वारा प्रति एकड़ 4000 रुपए का प्रावधान किया गया है जोकि आवेदन स्वीकृत होने के बाद उस व्यक्ति के खाते में दिया जाएगा। इसे लेकर नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं गीत के माध्यम से के द्वारा लोगों का जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। ताकि लोग सरकार के द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्य का फायदा ले सके।

उपायुक्त ने किया स्वैच्छिक रक्तदान सीएस को दिये कई आवश्यक निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। जिले में रक्त की उपलब्धता को बनाए रखने हेतु उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर समाहरणालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। शिविर में उपायुक्त द्वारा रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन, जिला शिक्षक संघ, ताइक्वांडो एसोसिएशन, जिला फुटबॉल एसोसिएशन, सरकारी कर्मचारी एवं आम नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। उपायुक्त ने शिविर में रक्तदान करने के पश्चात थैलेसीमिया, सिक्कल सेल, ल्यूकेमिया, ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए रक्त केंद्र चतरा में ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर की सुविधा उपलब्ध कराने व जिले में जरूरतमंद नागरिकों को मुफ्त रक्त उपलब्ध कराने हेतु मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सदर अस्पताल में थैलेसीमिया डे केयर एवं आयरन चीलेशन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया। रेड क्रॉस में तकनीकी सहायता, ब्लड मोबाइल वैन, प्रयोगशाला प्रावैधिक, मानव संसाधन समेत जनहित में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिससे जिले में उन्नत तकनीक की सहायता से रक्त आधान सेवाओं का संचालन सुचारू रूप से हो सके। मौके पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी श्याम नंदन सिंह, रेड क्रॉस सचिव राजकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्नेह राज, रेड क्रॉस कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

चिनियां में हाथियों ने मचाया जमकर उत्पात, कई एकड़ में लगे फसल को रौंदा

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। प्रखंड मुख्यालय स्थित चिरका गांव में बीती रात 9 बजे दर्जनों की संख्या में हाथियों का 1 झुंड पहुंच कर फिर से जमकर उत्पात मचाया है। बताते चलें कि किसान हरिहर सिंह, हेरमोन बड़ा, राजमती देवी, अजीम अंसारी, के खेतो में लगा कई एकड़ में मकई की फसल धान के बिचड़े, अरहर की फसल को हाथियों ने पूरी तरीके से तहस-नहस एवं सफा-चट कर दिया । जिससे किसानों की कमर सी टूट गई है। किसान हरिहर सिंह, राजमती देवी सहित अन्य किसानों ने बताया कि हम लोग ईस अकाल क्षेत्र में भी किसी तरीके से कुएं का पानी एवं डैम में बची थोड़ी बहुत पानी के सहारे किसी तरीके से हल्की फुल्की खेती किए हुए थे, जिसे गजराज के द्वारा तहस-नहस एवं नष्ट कर दिया गया है। हम लोगों के ऊपर प्रकृति ने दोहरी मार मार कर पूरी तरीके से पस्त कर दिया । वही किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों से अपील करते हुए कहा है कि नुकसान हुए फसलों का आकलन कर हम लोगों को सहायता राशि प्रदान की जाए । जबकि मौके पर पहुंचे चिनिया बिट के वनपाल बिपिन बिहारी मेहता ने बताया कि ग्रामीण किसानों के द्वारा लगाई गई फसल को हाथियो के द्वारा बर्बाद किया गया है हम लोग बर्बाद हुए फसलों का आकलन कर रहे हैं जो भी नुकसान हुआ है मुआवजा जरूर मिलेगा।

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन आयोजित

संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता: रूचिर

नवीन मेल संवाददाता

रमना। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के गढ़वा जिला सम्मेलन रमना में कामरेड खलील खलीफा ने किया। सम्मेलन की शुरूआत भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह गढ़वा जिला प्रभारी रूचिर कुमार तिवारी ने किया। और सभी साथियों ने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित किया। उसके बाद राज्य कार्यकारिणी सदस्य गणेश सिंह ने शहीदों के प्रति शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिला सम्मेलन का उदघाटन राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने किया और उन्होंने कहा कि आज देश में मोदी जी के आम जनता पर मंगहाई का बोझ लाद कर कारपोरेटो को मालामाल करने में लगे हुए हैं। आम जनता को मिलने वाला रियायत में कटौती की जा रही है। भाजपा के नेताओं की संपत्ति बढ़ रही है और गरीबो को खाने के लिए दो वक्त की रोटी नहीं मिल रही है। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा नेता रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज देश को कारपोरेट राज कायम है और मोदी सरकार कारपोरेटो की रखैल के रूप में काम कर रही है। देश के आम जनता को देने के मोदी जी के पास केवल लम्बा लम्बा भाषण है। आम जनता को मिलने वाला कुछ रियायत पर भी इनका मंसूबा ढीक नही है और इसे बंद करने के लिए अभी से ही मुफ्त की रेवड़ी का नाम दे रहे हैं। ऐसे में कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है और उसके लिए हम सबको संगठन को मजबूत कर भाजपा और आरएसएस जैसा जहरीली संस्थाओ को गदी से हटाना होगा। सभा को राज्य कार्यकारिणी सदस्य गणेश राम ने संबोधित किया और पार्टी संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। सभा में राजकुमार राम,देवी दयाल, विधाराम पासवान,मुरती कुअर, मानमती देवी, मैत्री कुअंर, कुमारी देवी, मदन लाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

दुर्घटना में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल

गिद्धौर (चतरा)। शनिवार को गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मपुर के इस्लामपुर मोड़ के समीप ऑटो दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिसमें ऑटो चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि ऑटो पर बैठे दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आई है। घायल चालक राजपुर थाना क्षेत्र के जोरी गांव का संटू यादव है। बताया जाता है कि ऑटो पर मुर्गी दाना लाद कर इटखोरी की ओर जा रहा था। इसी क्रम में इस्लामपुर मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अन्य वाहन के चकमे से ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ग्रामीणों की ततपरता से घायल चालक को 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने दोनों मोड़ के समीप स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग उपायुक्त से किया है।

सेकंड ईस्ट सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट योगासना चैंपियनशिप आयोजित

जमशेदपुर। जमशेदपुर मे सेकण्ड ईस्ट सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट योगासना चैंपियनशिप का आयोजन धतकीडीह स्थित सामुदायिक केंद्र मे किया गया, इसके उद्घाटन सत्र मे जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय मौजूद रहे। ईस्ट सिंघभूम डस्ट्रिक्ट योगासना सपोटर्स एसोसिएशन के द्वारा इसका आयोजन किया गया है, दो दिवसीय इस आयोजन मे शहर तथा आस पास इलाकों से 150 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए. वर्तमान समय मे योगासन को खेल के श्रेणी मे शामिल किये जाने के बाद पुरे देश भर मे बच्चे और युवाओं का रुझान योगासन की ओर बढ़ रहा है, मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय ने तमाम खिलाडियों को अपनी शुभकामनायें दी, साथ ही योग के महत्ता पर प्रकाश डाला, वही एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष सुधा झा ने कहा की जब से योगा को खेल मे शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास में स्वयंसेवक पति के द्वारा अवैध राशि निकासी की गई, बीडीओ को दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी(गढ़वा)। प्रखंड के कूपा निवासी प्रधानमंत्री आवास लाभुक बबन राम ने गांव के ही महिला स्वयं सहायता समूह के स्वयंसेवक पिंकी देवी की पति प्रवीण गुप्ता पर आवास में अवैध रूप से मनरेगा का पैसा निकासी करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई करने का मांग किया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि गांव के ही महिला स्वयं सहायता समूह के पिंकी देवी स्वयं सेवक है। स्वयं सेवक पिंकी देवी गांव के प्रधानमंत्री आवास का मॉनिटरिंग सहित भौतिक सत्यापन भी करना है। लेकिन धौस देखकर स्वयं सेवक पिंकी देवी की पति प्रवीण गुप्ता अपनी पत्नी की सारे कार्य को कर रहे है। प्रधानमंत्री आवास लाभुक ने बताया वित्तीय वर्ष 17-18 में मुझे भी प्रधानमंत्री आवास मिला था। पहला किस आते ही आवास का निर्माण कार्य कराना कर दिया था। इसी बीच स्वयं सेवक पिंकी देवी की पति प्रवीण गुप्ता मेरे पास आये और बोले आप आवास का निर्माण कार्य कराते रहिए। मैं आवास का सभी मनरेगा मजदूर का पैसा डिमांड डलवा कर निकलवा देंगे। मैं उनके बात पर भरोसा कर लिया। प्रवीण गुप्ता ही अपने निजी चार मनरेगा मजदूर का आवास में डिमांड डलवाए। जिसका मास्टर रोल नंबर 1610 है। जैसे ही चारो मजदूर का 8 सप्ताह का पैसा 12600 रुपए आया। प्रवीण गुप्ता चुपके से सभी मजदूर का पैसा निकल लिए। जब मुझे इसका पता चला तो प्रवीण गुप्ता से कई बार पैसे को मांगा। लेकिन प्रवीण गुप्ता पैसा देने से साफ मना कर दिया। जब मजदूरों से पूछा तो उनलोग बताया की प्रवीण गुप्ता को सभी पैसा दे दिए है। इसकी जांच कर कार्यवाही की जाए। इस संबंध में प्रवीण गुप्ता ने बताया मुझे बबन राम के आवास का आईडी वगैरह कुछ भी मालूम नहीं है। मैं किसी मजदूर का उनके आवास में डिमांड नहीं किया हूं ना ही मैं पैसा लिया हूं। बबन राम द्वारा लगाया गया आरोप गलत है।

अगर महिला स्वयं सहायता समूह के स्वयंसेवक पिंकी देवी के पति प्रवीण गुप्ता के द्वारा इस तरह का कार्य किया गया है। तो इसकी जांच कराई जायेगी। जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी।

गणेश महतो, बीडीओ खरौंधी

साकची कब्रिस्तान में अवैध निर्माण के खिलाफ दर्ज किया गया विरोध

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर उपायुक्त कार्यालय पहुंच उपायुक्त से मुलाकात कर साकची कब्रिस्तान में हो रहे अवैध निर्माण, उसके अंदर खुलने वाले अवैध शिक्षण संस्थान, सभागार वा व्यापारिक प्रतिष्ठान के निर्माण पर विरोध दर्ज किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत कुमार के साथ एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय पहुंच सारी वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराया, प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विगत 1 साल पहले भी कब्रिस्तान में इस तरह के निर्माण की कोशिश की गई थी। जहां इस मामले को निवर्तमान उपायुक्त सूरज कुमार के संज्ञान में डालने के बाद सूरज कुमार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया था, पुनः भूमाफिया अपने मंसूबे पर कामयाब होते नजर आ रहे हैं अवैध रूप से कब्रिस्तान में शिक्षण संस्थान खोला जा रहा है बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जा रहा है, सभागार बनाया जा रहा है व व्यापारिक प्रतिष्ठान का निर्माण किया जा रहा है जो कि पूरी तरह से अवैध और गलत है उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पहले ग्रेजुएट कॉलेज के पीछे कब्रिस्तान का दरवाजा खोला गया। तत्पश्चात अब कब्रिस्तान के अंदर बहुमंजिला इमारत का निर्माण कर, शिक्षण संस्थान का निर्माण किया जा रहा है साथ ही साथ व्यापारिक लाभ हेतु प्रतिष्ठान का निर्माण किया जा रहा है जो कि गलत है । सामाजिक सौहार्द को भी बिगाड़ने की पूरी तरह से कोशिश की जा रही है। भारतीय जनता युवा मोर्चा इस मामले में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

दूषित सप्लाई पानी पीने को लोग मजबूर

पीएचईडी विभाग के द्वारा पानी को ब्लीचिंग से साफ नही किया गया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। निगम क्षेत्र में शनिवार की सुबह दूषित सप्लाई पानी आपूर्ति किया गया। पानी का रंग पूरी तरह मटमैला रहा। जिससे लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हो गए। पीएचईडी विभाग के द्वारा पानी को फिटकरी और ब्लीचिंग से साफ नही किया गया। जिसके कारण पानी दूषित रह गया है।ये लापरवाही लोगो के लिए हानिकारक हो सकता है। दूषित पानी पीने से लोगो को कई बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। निगम के द्वारा भी इसमे कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। वर्षा होने के कारण नदी में जल स्तर बढ़ गया है जिससे पानी टंकी में भी पानी का स्तर बढ़ा हुआ है। आमतौर पर पानी टंकी में पानी को फिटकरी के द्वारा साफ किया जाता है लेकिन इस बार पानी को साफ करने के बाद भी पानी मे मिट्टी का अंश रह गया है। इस संबंध में सप्लाई पानी का काम कर रहे संजय कुमार ने बताया कि पानी को साफ किया गया है लेकिन मिट्टी का अंश अधिक होने के कारण पानी मटमैला रंग का ही दिख रहा है। जल्द ही पानी को साफ करने की प्रक्रिया किया जा रहा है। उम्मीद है आज पानी साफ मिलेगा। वही, आजसू पार्टी के सचिव सतीश कुमार ने इसपर संज्ञान लेते हुए कहा किनगर निगम क्षेत्र में पानी की सप्लाई की तरह के गंभीर बिमारी पैदा करने के लिए काफी हैं। पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता से बात करने पर बिना फिल्टर पानी सप्लाई करने पर निगम और संवेदक पर टाल देते है। नगर निगम अपनी जबाबदेही लेने के लिए तैयार नही है। नगर निगम कठपुतली बन कर रह गई है। गंदा पानी की सप्लाई नियती बन गई है चिकित्सकों का कहना है कि बरसात के मौसम में निगम का सप्लाई पानी पीने से मौत को आमंत्रण देना है। गंदा पानी से हृदय रोग हो सकता है, स्किन रोग के शिकार जनता तेजी से हो रहे हैं। नगर निगम और पीएचईडी अस्वस्थ व अस्वच्छ मिशन पर चल रहे है। पानी सप्लाई की अनियमिता तो जनता के लिए अभिशाप बन गई है। बिना फिल्टर पानी सप्लाई निगम और पी एच ई डी के भ्रष्टाचार का बली चढ गई है। ब्लीचिंग पावडर और फिटकरी सप्लाई पानी के नसीब में नही है। जिला प्रशासन इस ओर अबिलंम्ब ध्यान दे। जनता का गुस्सा फटेगा तो आन्दोलन का कोपभाजन बनेंगे।

आशीष कंपटीशन सेंटर का एक ही लक्ष्य

गरीब भी पढ़ेंगे दिव्यांग भी पढ़ेंगे

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के बाईपास रोड सिंचाई विभाग के निकट चल रहे आशीष कंपटीशन सेंटर में सैकड़ो छात्रों को सफलता हासिल हुई है। सफलता दिलाने के बाद आशीष कुमार ने तय किया है की हम गरीब, दिव्यांग छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देकर सफलता दिलायेंगे। उन्होंने बताया कि हम सबसे कम फी लेकर छात्रों को कंपटीशन की तैयारी करवा कर उन्हें सफलता दिलायेंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 2 वर्षों में सैकड़ो छात्रों ने यहाँ से कम्पटीशन की तैयारी कर सफलता हाशिल कर अफसर बन गये। ऐसे ही छात्रों को कंपटीशन की तैयारी करवा कर आगे भी सफलता दिलाता रहूंगा। अभी पूरे झारखंड के छात्रों के लिए एक सुनहरा मौका है हमारे संस्थान में आए और तैयारी कर सफलता पाएं। सेंटर का स्मार्ट क्लासरूम 30 अगस्त को उद्घाटन कर शुभारंभ किया जायेगा और अब छात्रों को स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई शुरु होगी।

एक नजर इधर भी

बेलगाम सियासत

तेलंगाना के विधायक टी राजा सिंह के नफरती बोल ने भारतीय राजनीति के एक नये चरित्र को उजागर किया है। कुछ वर्ष पहले तक जन-प्रतिनिधियों का दागी होना उनको सुर्खियां दिलाता था, लेकिन अब विवादित बयान उनके लिए महत्व रखने लगा है। इस प्रवृत्ति के जन्म की कई वजहें हैं। दरअसल, लोकतंत्र में धारणा की राजनीति काफी मायने रखती है। जनता अब किसी नेता को इस आधार पर नहीं आंकती कि उसने क्या काम किया या कितने वायदे पूरे किये, बल्कि चुनाव जीतने का सबसे बड़ा हथकंडा यही है कि माहौल किस तरह का बनाया गया है। धारणा की यह लड़ाई सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों तरफ के नेता खेलते हैं। चूंकि कामकाज का जिक्र अब ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं होता, इसलिए नेताओं में जुबानी जंग तेज हो चली है, जिसमें कट्टर धार्मिक बयानबाजी के साथ-साथ विरोधी नेताओं का चरित्र-चित्रण भी शामिल है। स्थिति यह है कि कोई नेता जब अपना संदेश जनता तक पहुंचाता है, तो उसका 80 फीसदी हिस्सा विरोधी पर प्रहार होता है और शेष 20 प्रतिशत ही कामकाज का ब्योरा। हमारे माननीयों को लगता है कि जो जितना आक्रामक बोलेगा, जनता उसे उतना ही पसंद करेगी। यहां तक कि जिन मंचों पर सरकार की नीतियों की चर्चा होनी चाहिए, वहां भी विपक्ष को निशाने पर लिया जाता है। इससे चुनाव जीतने में मदद मिलती है। नफरती बोल शीर्ष नेतृत्व के मुंह से बमुश्किल सुने जाते हैं। ऐसे बयान आमतौर पर छुटभैये नेता देते हैं। दरअसल, बड़े नेताओं की अंतरराष्ट्रीय छवि होती है। उनके लिए अपनी इस छवि को बचाना आवश्यक होता है। इसीलिए बड़े-बड़े मंचों पर वे सामाजिक व धार्मिक सौहार्द संबंधी अच्छी-अच्छी बातें कहते हैं। मगर उनका मकसद चुनाव जीतना भी होता है। नतीजतन, मतदान के समय सद्भाव संबंधी तमाम अच्छी बातें किनारे कर दी जाती हैं और हर तिकड़म अपनाया जाने लगता है। ऐसे नेताओं के मुताबिक, अच्छी बातें चुनाव जीतने की गारंटी नहीं हैं, इसलिए वे तीखी व नफरती बयानबाजी या आरोप-प्रत्यारोप संबंधी बहस का हिस्सा बन जाते हैं। सामाजिक और धार्मिक सौहार्द संबंधी उनके तमाम तर्क धरे के धरे रह जाते हैं और हर धर्म, जाति व समुदायों का जिक्र होने लगता है। इससे उनको अपने समुदाय के वोटरों को गोलबंद करने में मदद मिलती है। यानी, उनके लिए खाने के दांत और होते हैं और दिखाने के और। दूसरी बात, जब पार्टियों का विस्तार होता है, तो शीर्ष नेतृत्व के लिए हर एक कार्यकर्ता अथवा नेता पर नियंत्रण करना मुश्किल होता है। ऐसे में, स्थानीय स्तर पर काम करने वाले नेताओं या कार्यकर्ताओं को अनर्गल बयान देने से रोक पाना काफी मुश्किल हो जाता है। फिर, छोटे नेताओं की जिम्मेदारी पार्टी के पक्ष में जन-समर्थन जुटाना भी होता है और इसके लिए वे माहौल को देखते हुए दूसरी जाति, धर्म या समुदाय पर प्रहार करता है । इन सबका मतलब यह न निकाला जाए कि जो नेता नफरती या धार्मिक बयानबाजी करते हैं, उनकी भावना भी बयान के मुताबिक ही होती है। कुछ नेता ऐसे भी हैं, जिनकी मानसिकता उनके बयानों के विपरीत होती है, लेकिन उनका मुख्य ध्येय जनादेश हासिल करना और अपनी पार्टी का विस्तार करना होता है, इसलिए वे अपने मतदाताओं की मानसिकता को भांपते हुए अनर्गल प्रलाप करते हैं। तो क्या फिजूल की बयानबाजी के लिए जनता दोषी है? पूरी तरह बेशक न हो, लेकिन काफी हद तक उसे कुसूरवार ठहराया जा सकता है। सच यही है कि जिस जनता के सामने इस तरह के बयान जारी किये जाते हैं, वे इनको पसंद करती है। आज के समय में अपने देश में ऐसे लोगों की संख्या काफी कम है, जो इस तरह के शब्दों को नापसंद करती है या उनको लगता है कि सामाजिक सद्भाव के लिए ऐसे बयानों से बचा जाना चाहिए। अलबत्ता, हमारे आसपास ऐसे लोगों की संख्या काफी है, जो सोचते हैं कि इतिहास की गलतियों को आज किसी भी कीमत पर सुधारा जाना चाहिए। इस मानसिकता को नेतागण बखूबी भांप गये हैं, इसीलिए जिस समुदाय का समाज में दबदबा होता है, उसी के अनुसार वे वक्तव्य जारी करते हैं। अतीत में हमने यह भी देखा है कि नफरती बयान देने वालों का किस तरह से स्वागत-सत्कार भी होता है।

■ संजय कुमार

देश में बंजर होती जमीन के खतरे

केंद्र सरकार ने मृदा क्षरण रोकने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाये हैं। इसके अलावा मृदा संरक्षण के दूसरे अभियान भी चलाये जा रहे हैं, लेकिन अगर किसान भूमि की उर्वरता बनाये रखने के लिए पहल नहीं करेगा तो ये सारे अभियान सफल नहीं हो पायेंगे। ऐसे में जरूरी है कि जिन कारणों से जमीन बंजर हो रही है, उन कारणों पर गौर किया जाए और जमीन की उर्वरता बढ़ाई जाए। खेती-किसानी में रासायनिक खाद का इस्तेमाल कब शुरू हुआ, इसका इतिहास शायद ही कोई जानता हो। माना जाता है कि सबसे पहले सन 1840 के आसपास जर्मन वैज्ञानिक लिबिक ने खेती में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश के उपयोग की बात दुनिया के सामने रखी थी। बाद में दुनिया के तमाम कृषि वैज्ञानिकों ने उनके शोध को स्वीकारा। लिबिक ने कहा था कि अगर नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) की खाद बना कर खेतों में डाली जाए तो इससे फसलें तेजी से बढ़ सकती हैं। इस नये प्रयोग को दुनिया भर के किसानों ने अपनाया। लेकिन इसके लगातार इस्तेमाल ने मिट्टी की उर्वरता तो घटा ही दी, बल्कि करोड़ों हेक्टेयर जमीन को भी बंजर बना डाला। दुनिया भर में रेगिस्तानी क्षेत्र तेजी से फैल रहे हैं। मिट्टी की उर्वरता भी कम होती जा रही है। ऐसे में निर्जन रेगिस्तान में जीवन कैसे वापस लाया जाए, यह एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। मृदा वैज्ञानिकों के मुताबिक मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट के चार बड़े कारण हैं। इनमें तेजी से होता औद्योगिकीकरण, कृषि में पानी का अत्यधिक इस्तेमाल, मवेशियों के लिए चरागाहों का जरूरत से ज्यादा दोहन और सूखे की बढ़ती मियाद। आंकड़े बताते हैं कि रासायनिक खाद के बढ़ते इस्तेमाल से उर्वर और हरे-भरे भूमि क्षेत्र भी बंजर इलाकों में तब्दील होकर दुनियाभर में करीब एक अरब लोगों की जिंदगी के लिए खतरा बन चुके हैं। इसकी वजह से लाखों जैविक और वनस्पति प्रजातियों का जीवन भी खतरे में पड़ गया है। पेड़-पौधों की कई प्रजातियों का तो हमेशा के लिए खात्मा हो चुका है। करोड़ों लोग जो खेती-बागवानी के जरिये जिंदगी बसर कर रहे थे, उन्हें पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है। आकलन बताते हैं कि इस सदी के मध्य तक धरती की एक चौथाई मिट्टी मरुस्थलीकरण से प्रभावित होगी। यह एक चिंताजनक पहलू है, लेकिन हालात और बिगड़ने के पहले ही स्थिति को संभालने के लिए यदि आगे आया जाए, तो इस विकट संकट से बचा जा सकता है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारी मात्रा में बचे गोला-बारूद की रायायनिक सामग्रियों को एनपीके खाद और कीटनाशक बना कर बेचने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने दुनिया भर में नया कारोबार खड़ा कर लिया था। इस कारोबार में कंपनियों को भारी मुनाफा होने लगा था और बाजार में इनकी जड़ें भी मजबूत हो चली थीं। ज्यादातर किसान इन कंपनियों द्वारा बनाई खादों पर इस कदर निर्भर होते गये कि इन खादों के बिना कोई फसल उगाते ही नहीं। भारत और एशियाई देशों में औद्योगिक क्रांति के बाद हरित क्रांति की शुरूआत हुई। खाद और कीटनाशकों का कारोबार करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि बेहतर उपज लेने के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल जरूरी है। इसके बाद देश के छोटे-बड़े किसान कीटनाशकों का इस्तेमाल इस कदर करने लगे कि जमीन की उर्वरता पर इसका बुरा असर पड़ने लगा। आज हालत यह है कि देश के लाखों किसानों की जमीन की उर्वरता इतनी कम हो गई है कि बिना बड़ी मात्रा में रासायनिक खादों और कीटनाशकों के कोई भी फसल होती ही नहीं। कृषि वैज्ञानिक भी मानते हैं कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों का प्रयोग कई तरह की समस्याएं पैदा करता है। जमीन में जो जहरीलापन बढ़ता जा रहा है, वह कई बीमारियों का कारण बन रहा है। इससे मिट्टी में पाए जाने वाले तत्त्वों का संतुलन भी बिगड़ गया है। इससे किसान नई-नई समस्याओं से घिरते जा रहे हैं। अब केंद्र सरकार ने नीम के लेप वाली यूरिया को रासायनिक खाद का विकल्प बताया है। लेकिन इस संबंध में यह जानना जरूरी है कि इसके इस्तेमाल से मिट्टी और जीव-जंतुओं पर कितना बुरा असर पड़ रहा है। मिट्टी को लेकर हुए तमाम शोधों से यह सामने आया है कि इसमें नाइट्रोजन, पोटेशियम, फास्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम, सोडियम, कार्बन, आक्सीजन और हाइड्रोजन थोड़ी मात्रा में रहना चाहिए। लेकिन न्यून मात्रा में इसमें लोहा, गंधक, सिलिका, क्लोरीन, मैगनीज, जिंक, कोबाल्ट, मोलिब्डेनम, तांबा, बोरान और सेलेनियम की मौजूदगी भी जरूरी है। गौरतलब है कि कुदरत अपने हिसाब से इन तत्त्वों की भागीदारी तय करती है, पर इंसान की गतिविधियों की वजह से इन सारे तत्त्वों का संतुलन गड़बड़ा गया है। दिलचस्प बात है कि मिट्टी में नाइट्रोजन कार्बनिक रूप में भी रहती है और अकार्बनिक रूप में भी। कार्बनिक पदार्थों के सड़ने से अमोनियम के साथ जीवाणु क्रिया करते हैं और अंततः जीवाणुओं से एंजाइम का निर्माण होता है। दूसरे तत्त्वों की भी अपनी खास भूमिका है। कैल्शियम पौधे के तने को मजबूत करता है, तो फास्फेट फूल और फल के लिए लाभदायक होता है। मैग्नीशियम क्लोरोफिल बनाने की प्रक्रिया में मदद करता है। हाइड्रोजन और आक्सीजन पौधों को मिट्टी में समाये हुए पानी से मिलता है। इन प्राकृतिक तत्त्वों के आधार पर ही तय होता है कि मिट्टी कैसी है। ज्यादा अम्लता और ज्यादा क्षारीयता, दोनों ही पौधों के लिए नुकसानदायक होते हैं। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल भूमि क्षरण की वजह से पच्चीस लाख टन नाइट्रोजन, तेंतीस लाख टन फास्फोरस और पच्चीस लाख टन पोटाश की क्षति होती है। यदि इस क्षरण को बचा लिया जाए तो हर साल करीब साठ हजार लाख टन मिट्टी की ऊपरी परत बचेगी और इससे हर साल करीब पचपन लाख टन नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश की मात्रा बचाई जा सकेगी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार किसानों की आय दुगना करने और उन्हें खुशहाल किसान बनाने की बात तो करती है, लेकिन सवाल यह है कि जमीन की घटती उर्वरता को बचाये बगैर क्या यह संभव हो सकता है? केंद्र सरकार की पहल पर मृदा संरक्षण बोर्ड का गठन सन 1953 में हुआ था। तब से लाखों हेक्टेयर भूमि को उर्बर बनाया जा चुका है, लेकिन अभी भी इससे ज्यादा भूमि ऐसी है जिसे उपजाऊ बनाने की जरूरत है। औद्योगिकीकरण, वनीकरण और विकास की दूसरी परियोजनाओं की वजह से जमीन का रकबा भी घटता जा रहा है, साथ ही भूमि का क्षरण भी तेजी से हो रहा है। केंद्र सरकार ने मृदा क्षरण रोकने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाये हैं। इसके अलावा मृदा संरक्षण के दूसरे अभियान भी चलाये जा रहे हैं, लेकिन यदि किसान भूमि की उर्वरता बनाये रखने के लिए पहल नहीं करेगा तो ये सारे अभियान सफल नहीं हो पायेंगे। ऐसे में जरूरी है कि जिन कारणों से जमीन बंजर हो रही है, उन कारणों पर गौर किया जाए और जमीन की उर्वरता बढ़ाई जाय। भारत में मिट्टी में मौजूद पोषक तत्त्वों में कमी गत चार दशकों से ज्यादा पाई गई। शुरूआत में केवल नाइट्रोजन की कमी थी, लेकिन कटाव, जलभराव, बहुत अधिक कीटनाशकों व रासायनिक खादों का प्रयोग और एक फसल चक्र में जरूरत से ज्यादा फसलों को उगाने जैसे तमाम कारणों की वजह से मिट्टी की उर्वरता घटती गई। आज हालात यह हो गई कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों के इस्तेमाल के बावजूद अच्छी पैदावार नहीं हो पा रही है। ऐसे में जागरूक किसानों ने मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाने वाली जैविक या प्राकृतिक खेती की तरफ रुख किया है। इसमें न तो कीटनाशकों का प्रयोग होता है और न ही रासायनिक खादों का। कंपोस्ट, हरी और जैविक खाद का प्रयोग कर देश के तमाम किसान मिट्टी की सेहत सुधारने में लगे हैं। लेकिन जहां प्राकृतिक खेती नहीं हो रही है, वहां मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने व संरक्षण का कार्य करना बड़ी चुनौती है।

> द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारी मात्रा में बचे गोला-बारूद की रायायनिक सामग्रियों को एनपीके खाद और कीटनाशक बना कर बेचने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने दुनिया भर में नया कारोबार खड़ा कर लिया था। इस कारोबार में कंपनियों को भारी मुनाफा होने लगा था और बाजार में इनकी जड़ें भी मजबूत हो चली थीं। ज्यादातर किसान इन कंपनियों द्वारा बनाई खादों पर इस कदर निर्भर होते गये कि इन खादों के बिना कोई फसल उगाते ही नहीं। भारत और एशियाई देशों में औद्योगिक क्रांति के बाद हरित क्रांति की शुरूआत हुई। खाद और कीटनाशकों का कारोबार करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि बेहतर उपज लेने के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल जरूरी है।

■ अखिलेश आर्येंदु

साइबर संसार में हर कदम पर बदलती तकनीक के खतरे

दुनिया के विकसित देशों में तकनीक बड़ी तेजी से बदल रही है। तकनीक केवल साधन बनाने तक सीमित नहीं है, यह एक प्रक्रिया है, जो पहले से अधिक ताकतवर तकनीक को जन्म देती है। इसलिए तकनीक के विकास की गति एक दशक में ही दोगुनी हो जाती है, पर तेजी से होते तकनीकी विकास के साथ इसके बेकाबू हो जाने का डर भी उतनी ही तेजी से फैला है। गूगल और एल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने कुछ हफ्ते पहले कहा था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने एआई को लेकर नियम बनाये जाने की मांग पर जोर दिया है। पिचाई कहते हैं, हम नई तकनीक पर काम करते रह सकते हैं, पर बाजार तंत्र को उसके किसी भी तरह के इस्तेमाल की खुली छूट नहीं होनी चाहिए। यह पहली बार नहीं है, जब पिचाई ने एआई के खतरों को लेकर दुनिया को आगाह किया है, न ही वह पहले ऐसे जानकार हैं, जिन्होंने ऐसा किया है। साल 2018 में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था, 'दुनिया पर एआई का जितना असर होगा, उतना शायद ही किसी अन्य आविष्कार का होगा।' उन्होंने कहा था, 'इंसान आज जिन चीजों पर काम कर रहा है, उनमें सबसे महत्वपूर्ण एआई है। शायद आग और बिजली जितना महत्वपूर्ण, लेकिन यह इंसानों को मार भी सकती है। साल 2017 में टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने कहा था, 'अगर आप एआई से चिंतित नहीं हैं, तो आपको होना चाहिए।' सोशल मीडिया पर मस्क ने जो तस्वीर पोस्ट की थी, उसमें लिखा था, 'जीत आखिर में मशीनों की होगी।' मस्क ने नेताओं से अपील की थी कि इससे पहले, बहुत देर हो जाए, एआई को काबू में लाने के लिए नियम बनाये जाएं। जाने-माने भौतिक वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग ने 2017 में ही कहा था, 'मैं मानता हूं कि एआई को मानवता की बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, मगर इंसान को इसे काबू करने का कोई न कोई रास्ता ढूंढना पड़ेगा।' एआई का अर्थ है, मशीनों को इंसान की तरह सोचने, करने और फैसले लेने की क्षमता देना। सिरी व अलेक्सा जैसे वॉएस असिस्टेंट, टेस्ला कारों की सेल्फ ड्राइविंग तकनीक, उपभोक्ताओं को पसंद के अनुसार कार्यक्रम परोसने वाली तकनीक या फिर आपकी आदतों को समझने वाली नेस्ट की तकनीक, ये एआई के इस्तेमाल के कुछ उदाहरण हैं। लेकिन हाल में जिस खास वजह से एआई चर्चा में रहा है, वह है चेहरे पहचानने की तकनीक। भारतीय पुलिस 'त्रिनेत्र' नाम के एक फेशियल रिकग्निशन एप का इस्तेमाल करती है, जिससे किसी अपराधी की तस्वीर से मिलान करके पता लगाया जाता है कि उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है या नहीं। अब गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस या भीड़भाड़ वाली जगहों पर पुलिस ऑटोमेटेड फेशियल रिकग्निशन सिस्टम का इस्तेमाल करने लगी है। भारत सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण और अपराधियों की पहचान करने के लिए इस तकनीक को महत्वपूर्ण मान रही है। इधर मीडिया में जब यह चर्चा तूल पकड़ रही थी, तब अमेरिका में कश्मीर हिल की एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई, जो क्लियरव्यू एआई नाम की एक कंपनी के बारे में भी थी, जो चेहरे पहचानने के लिए फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब जैसी हजारों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगाई गई तस्वीरों का इस्तेमाल करती है। कानून लागू कराने वाली एजेंसियों की ई-सॉफ्टवेयर में गहरी दिलचस्पी है और एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की करीब 600 एजेसियां इसका इस्तेमाल कर रही हैं। एक व्यक्ति की पहचान के लिए लाखों लोगों की निजता का हनन होने लगा है। हमारे देश में इसे लेकर फिलहाल कोई प्रत्यक्ष कानून नहीं है। बड़े पैमाने पर हो रहे इस तरह के निजता के उल्लंघन से निपटने के लिए पहले तो यह समझना होगा कि इसके लिए कानून के किन बिंदुओं को और मजबूत करना है।

> गूगल और एल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने कुछ हफ्ते पहले कहा था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने एआई को लेकर नियम बनाये जाने की मांग पर जोर दिया है। पिचाई कहते हैं, हम नई तकनीक पर काम करते रह सकते हैं, पर बाजार तंत्र को उसके किसी भी तरह के इस्तेमाल की खुली छूट नहीं होनी चाहिए। यह पहली बार नहीं है, जब पिचाई ने एआई के खतरों को लेकर दुनिया को आगाह किया है।

■ निरंकार सिंह

है न विचित्र बात !

रूस की दो बड़ी घटना

रूस पांच राष्ट्रों के सात करोड़ लोग ठीक से नमाज पढना भी नहीं जानते थे। वे रोजे भी ठीक से नहीं रखते थे। उन्होंने अपने तुर्की और फारसी नामों का भी रूसीकरण कर लिया था। जैसे आजम का आजमोव और रहमान का रहमानोव। रूस से संबंधित अभी-अभी दो घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिन्होंने सारी दुनिया का ध्यान खींचा है। पहली घटना है- दारिया दुगिना की हत्या। यह लड़की रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन के मुख्य रणनीतिकार अलेक्जेंडर दुगिना की बेटी थी। दूसरी घटना भारतीयों के लिए और भी ज्यादा गंभीर है। वह है आजमोव की गिरफ्तारी की ! आजमोव को रूसी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, क्योंकि उससे कई ठोस प्रमाण मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि उजबेकिस्तान का यह नागरिक किसी बड़े भारतीय नेता की हत्या के लिए तैयार किया गया था। यह 'इस्लामिक स्टेट आफ खुरासान प्राविंस' का कारिंदा है। यह मुसलमान युवक किसी पूर्व-सोवियत राज्य से आकर तुर्किए में प्रशिक्षित हुआ है। इसे जिम्मेदारी दी गई थी कि वह भारत जाकर किसी नेता पर आत्मघाती हमला करे। यह हमला नुपूर शर्मा के बयान के विरोध में होना था। अब से तीन माह पहले 'इस्लामिक स्टेट' ने 50 पृष्ठ का एक दस्तावेज इसी मुद्दे पर जारी किया था, जिस पर गाय के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र भी था। तुर्किए में प्रशिक्षित यह 30 वर्षीय उजबेक आजमोव रूस पहुंच कर भारत आने की फिराक में था। इसके पीछे काम कर रही 'इस्लामिक स्टेट' चाहती थी कि वह 'अल-कायदा' के उग्रवाद से भी आगे निकल जाए। जब रूसी गुप्तचर एजेंसी ने आजमोव को गिरफ्तार करके कड़ी पूछताछ की तो उसने बहुत-से रहस्यों को उगल दिया। मध्य एशिया के इन पूर्व-सोवियत देशों में इस्लामिक कट्टरवाद को रूसी कम्युनिस्टों ने कभी पनपने नहीं दिया था। इन पांच राष्ट्रों के सात करोड़ लोग ठीक से नमाज पढना भी नहीं जानते थे। वे रोजे भी ठीक से नहीं रखते थे। उन्होंने अपने तुर्की और फारसी नामों का भी रूसीकरण कर लिया था। जैसे आजम का आजमोव और रहमान का रहमानोव। लेकिन पड़ोसी मुस्लिम राष्ट्रों की मेहरबानी से वहां उग्रवाद और आतंकवाद की भट्टियां धधकने लगी हैं। इन स्वतंत्र हुए सभी प्राचीन आर्य राष्ट्रों में मुझे पहले और अब भी रहने का अवसर मिला है। मैं उनकी भाषा भी बोल लेता हूं। वे यदि उग्रवाद और आतंकवाद को नियंत्रित नहीं कर पायेंगे तो इन देशों को बर्बाद होने से कोई रोक नहीं पायेगा। रूस को इन देशों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी पड़ सकती है। जहां तक दारिया दुगिना की हत्या का सवाल है, रूसी अधिकारियों का कहना है कि एक यूक्रेनी औरत, जिसका नाम नतालिया वोक है, उसने दारिया की हत्या की है। वह भेजी तो गई थी अलेक्जेंडर दुगिना की हत्या के लिए लेकिन दारिया ही उसके हाथ लग गई। दारिया को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने उसे गहन राष्ट्रवादी और निर्भीक युवती बताया है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति तथा अन्य अधिकारियों ने इस हत्याकांड से अपना कोई भी वास्ता नहीं बताया है लेकिन यह घटना रूस-यूक्रेन युद्ध को और भी गंभीर रूप प्रदान कर सकती है। रूसी जांच एजेंसी को शक है कि हत्या करने के बाद नतालिया तुरंत भागकर एस्टोनिया में छिप गई है। एस्टोनिया एक पूर्व-सोवियत राष्ट्र है और आजकल रूस से उसके संबंध सामान्य नहीं हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अब यह रूसी युद्ध यूक्रेन के बाहर भी फैल जाए।

■ डॉ. वेदप्रताप वैदिक

चीन के सामने श्रीलंका ने डाले हथियार

श्रीलंका ने युआन वांग 5 को हंबनटोटा पोर्ट पर लंगर डालने की इजाजत देने के मामले में जिस तरह से चीन के सामने समर्पण कर दिया, वह भारत के लिए खतरे की घंटी है। अभी तक यह बात सिर्फ मानी जा रही थी, अब प्रत्यक्ष दिख गई है कि चीन अपने सामरिक हितों को बढ़ावा देने के लिए भारत के उन पड़ोसी देशों का इस्तेमाल करने में नहीं हिचकेगा, जो उसके कर्ज के जाल में फंस चुके हैं। इस मामले ने बता दिया है कि चीन वित्तीय कर्ज को भारत के खिलाफ हथियार का रूप देते हुए इस क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी जोखिम और आपसी अविश्वास दोनों बढ़ा सकता है। **वादे से मुकरा :** श्रीलंका जब आर्थिक संकट में फंसा तो सबसे पहले मदद का हाथ भारत ने ही बढ़ाया। पिछले आठ महीनों में भारत ने श्रीलंका को करीब 4 अरब डॉलर की मदद दी है। ऐसे में युआन वांग 5 मामले से भारत का परेशान होना स्वाभाविक हैः श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कूटनीतिक चैनलों के जरिये अगस्त की शुरूआत में भारत को आश्वस्त किया था कि युआन वांग 5 को हंबनटोटा बंदरगाह पर आने की इजाजत नहीं दी जायेगी। लेकिन जब श्रीलंका में चीनी राजदूत को यह पता चला तो वह बिफर पड़े। उन्होंने नई सरकार को याद दिलाया कि कैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का लोन रीस्ट्रक्चर करवाने में उसे चीनी मदद की जरूरत पड़ने वाली है। इस आक्रामकता से श्रीलंका में थोड़ी घबराहट थी, फिर भी साबरी 4-5 अगस्त को नोम पेन्ह में आसियान प्लस विदेश मंत्रियों की बैठक के दरम्यान चीनी विदेश मंत्री वांग यी से हुई मुलाकात में अपनी बात पर कायम रहे। इसके बाद चीन ने राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे पर दबाव बनाया जो संयोगवश 2017 में हंबनटोटा कंसेशन अग्रीमेंट पर दस्तखत होते समय प्रधानमंत्री थे। तब भारत और अमेरिका दोनों ने समझौते को लेकर चिंता जताई थी, लेकिन विक्रमसिंघे समझौते पर आगे बढ़ गये। युआन वांग 5 प्रकरण में भी ऐसा ही हुआ। विक्रमसिंघे चीनी दबाव के सामने झुक गये। शुरू में उन्होंने दलील दी कि इजाजत उनके राष्ट्रपति बनने से पहले दी गई थी, वह भी जूनियर ऑफिसरों द्वारा क्योंकि उन अराजकतापूर्ण दिनों में श्रीलंका में कोई सरकार ही नहीं थी। लेकिन जब चीन ने श्रीलंका सरकार का यह अनुरोध अस्वीकार कर दिया कि जहाज का आना आगे खिसका दिया जाय तो विक्रमसिंघे ढीले पड़ गये और साबरी से कहा कि भारत को इस नई स्थिति के बारे में सूचित कर दिया जाए। इस पूरे मामले से तीन प्रमख सवाल उभरते हैंः पहला, हंबनटोटा बंदरगाह का भविष्य में कैसे इस्तेमाल होगा? दोनों देशों के बीच समझौते के मुताबिक बंदरगाह का इस्तेमाल सिर्फ व्यावसायिक उद्देश्यों से हो सकता है। लेकिन युआन वांग 5 जैसे मामलों में क्या होता है? यह ऐसा स्ट्रैटेजिक सपोर्ट वेसल है, जो भारतीय सशस्त्र सेनाओं के फ्रीक्वेंसी बैंड पर भेजे जाने वाले इंटेलिजेंस सिगनल्स को पकड़ने की क्षमता से लैस है। अमेरिकी अधिकारियों ने अलग से भी कोलंबो में राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व को इस वेसल के सैनिक और तकनीकी पहलुओं से वाकिफ कराया था। लेकिन श्रीलंका ने उन्हें भी नजरअंदाज कर दिया। दूसरा, इससे श्रीलंका के साथ विश्वास का मसला खड़ा हो गया है। यह बड़ा सवाल इसलिए है क्योंकि इसका मतलब है कि अब श्रीलंका के हर आश्वासन को भारत में संदेह के साथ देखा जायेगा। सुरक्षा के मामले में श्रीलंका जो भी वादे करे, भारत को अपनी स्वतंत्र प्रतिरोध क्षमता विकसित करनी होगी। तीसरा, चीनी दबाव के सामने छोटे देश लाचार हैं, खासकर महामारी के बाद लगे आर्थिक झटके की वजह से। इस सवाल पर क्वॉड और अन्य समान सोच वाले समूहों को मिल-जुलकर कुछ करना होगा क्योंकि चीन श्रीलंका जैसे देशों का बड़ा कर्जदाता होने के नाते आईएमएफ का बेलआउट पैकेज रुकवा भी सकता है। यही नहीं, इसने बहुपक्षीय वित्तीय एजेंसियों से सहयोग की एवज में सैन्य कीमत वसूलने की प्रवृत्ति भी दिखा दी है। ऐसे में भारत को क्या करना चाहिए? जाहिर है, श्रीलंका को ऐसे ही छोड़ देना तो ठीक नहीं होगा। आखिर भारत आईएमएफ बोर्ड में श्रीलंका की नुमाइंदगी करता है। श्रीलंका का व्यापार और पर्यटन काफी हद तक उस पर निर्भर करता है जो भारत को प्रभावी स्थिति में ला देता है। लेकिन चीन के विपरीत भारत एक सौम्य शक्ति है, जो श्रीलंका को अस्थिर नहीं करना चाहेगा। इसलिए कोई भी जवाबी कदम उठाते समय भारत को उसके दूरगामी प्रभावों पर विचार कर लेना होगाः एक रास्ता यह हो सकता है कि ईंधन, ऊर्जा और कनेक्टिविटी (बंदरगाह समेत) के मामले में निर्भरता सुनिश्चित करते हुए श्रीलंका के साथ आर्थिक जुड़ाव को मजबूती दी जाए। हालांकि इसमें रिस्क है। यह संभवतः सामरिक उद्देश्यों से घाटा उठाने वाला निवेश होगा। बहुत संभव है यहां भारत सरकार प्राइवेट सेक्टर वाला मॉडल लाना चाहे खासकर इसलिए क्योंकि इसमें वित्तीय और व्यावसायिक फैसलों में लचीलेपन की काफी गुंजाइश रहती है। आखिर चीन ने भी इन्हीं वजहों से व्यावसायिक तौर पर लाभदायक न होने के बावजूद हंबनटोटा में निवेश किया। **भारतीय कंपनियों की तैयारी :** आगे देखें तो आईएमएफ श्रीलंका के सामने सरकारी एयरलाइन, इंश्योरेंस और टेलिकॉम कंपनियों में अपना स्टेक कम करने की शर्त रख सकता है। क्या भारतीय कंपनियां वे स्टेक ले सकती हैं? भारत सरकार को जल्द से जल्द इस स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हो जाना चाहिए क्योंकि दूसरी संभावना यह है कि चीन आकर नये कर्जों की पेशकश कर दे और फिर कोलंबो पर मुफ्त व्यापार समझौते के लिए दबाव डाले। वह स्थिति भारत के लिए खतरनाक होगी। साफ है, युआन वांग 5 प्रकरण को गंभीर चेतावनी की तरह लेने और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने की तैयारी तेज करने की जरूरत है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

> श्रीलंका का व्यापार और पर्यटन काफी हद तक उस पर निर्भर करता है जो भारत को प्रभावी स्थिति में ला देता है। लेकिन चीन के विपरीत भारत एक सौम्य शक्ति है, जो श्रीलंका को अस्थिर नहीं करना चाहेगा। इसलिए कोई भी जवाबी कदम उठाते समय भारत को उसके दूरगामी प्रभावों पर विचार कर लेना होगाः एक रास्ता यह हो सकता है कि ईंधन, ऊर्जा और कनेक्टिविटी (बंदरगाह समेत) के मामले में निर्भरता सुनिश्चित करते हुए श्रीलंका के साथ आर्थिक जुड़ाव को मजबूती दी जाए। हालांकि इसमें रिस्क है। यह संभवतः सामरिक उद्देश्यों से घाटा उठाने वाला निवेश होगा।

■ प्रणब ढल सामंता

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

डबल इंजन की सरकार बुलंदशहर का करती रहेगी विकास : योगी

बुलंदशहर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करे हुए कहा कि मैं आश्वस्त करने आया हूँ कि आपने जिस डबल इंजन की सरकार पर भरोसा किया है, वो आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने यहां मेरे पास विकास के बारे में ढेर सारी बातें रखीं हैं। उन्हीं के प्रयास का परिणाम है कि बुलंदशहर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हम यहां विद्युत परियोजना का नया संयंत्र लगा रहे हैं। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के रूप में खुर्जा की पॉटरी को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में भारत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा मिल रही है। बाह्य और आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है। बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कोरोना महामारी इसका बड़ा उदाहरण है। कोरोना के सामने बड़े-बड़े देश पस्त हो गए लेकिन भारत ने फ्री टीका, फ्री राशन देकर एक मॉडल प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल हुआ। डीबीटी के माध्यम से करोड़ों लोगों तक पैसा पहुंच रहा था। सारे कार्य सफलतापूर्वक पूरे हुए हैं। बुलंदशहर वासियों के लिए खुशी की बात है कि आपके बगल में अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट शुरू होने जा रहा है। यह एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। फिल्मसिटी बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर और अलीगढ़ के बीच डिफेंस कॉरिडोर का कार्य हो रहा है। अलीगढ़ में विश्वविद्यालय, बुलंदशहर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। गांव में लोगों को स्वामित्व का लाभ मिल रहा है। उससे लोन भी ले सकते हैं। अबतक 34 लाख लोगों को यह लाभ मिल चुका है। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत जिले के अधिकारी भी मौजूद रहे।

योगी ने किया गाजियाबाद में आवासीय योजनाओं का निरीक्षण

गाजियाबाद (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गाजियाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिये सस्ते आवास के निर्माण की तीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक गाजियाबाद के प्रताप विहार स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निमार्णीधन मकानों की गुणवत्ता जांचने के लिए पहुंचे। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को देर रात में शहर की राजनगर एक्सटेंशन सोसाइटी में अचानक पहुंच कर लोगों से मुलाकात की। गौरतलब है कि योगी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो दिन के प्रवास पर कल मेरठ और हापुड़ के दौरे पर थे। पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें रात्रि विश्राम गाजियाबाद में करना था। रात को लगभग 11:30 बजे योगी राजनगर एक्सटेंशन स्थित एक आवासीय सोसाइटी में पहुंच गये। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों से अनौपचारिक बातचीत कर उनका हाल चाल लिया। इस दौरान उन्हें बच्चों ने घेर लिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ बातचीत की और बच्चों ने योगी के साथ सेल्फी भी ली। योगी ने सुबह गाजियाबाद में विभिन्न आवासीय परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में वह सबसे पहले गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रताप विहार में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये जा रहे सस्ते घरों के निर्माणकार्य का जायजा लिया। गौरतलब है कि इस योजना के तहत यहां 720 ईडब्ल्यूएस मकानों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसे अगले साल 30 जून तक पूरा किया जाना है। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बन रहे ईडब्ल्यूएस फ्लैट के एक सैंपल आवास का भी निरीक्षण किया। गौरतलब है कि गाजियाबाद प्रशासन ने निरीक्षण के लिये 21 परियोजनाओं की सूची दी थी। इसमें योगी ने 03 परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद वह बुलंदशहर के लिये रवाना हो गये।

महागठबंधन सरकार पर रविशंकर प्रसाद का तंज, बोले- हम लोग 1990 का बिहार नहीं होने देंगे

सत्ता में लालू की पार्टी का मतलब खौफ का राज

पटना (एजेंसी)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पटना से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि लालू की पार्टी जब सत्ता में आती है तो बिहार में खौफ का राज कायम हो जाता है। आम लोग समझते हैं कि अब कार्रवाई नहीं होगी। लेकिन भाजपा मजबूती से खड़ी है। कार्यकर्ता और जनता के साथ संघर्ष करेंगे। बिहार को विश्वास दिलायेगें कि 1990 का बिहार नहीं बनने देंगे। भाजपा भारत, दिल्ली और बिहार में मजबूत है।

भाजपा उतर गई है जमीन पर : रविशंकर प्रसाद शनिवार को बांका जाने के पहले भागलपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साथ छोड़ा। पूरी भाजपा जमीन पर उतर गयी है। कार्यकताओं से मिल कर बैठक कर रहे हैं। सांगठनिक फीडबैक ले रहे हैं। शुक्रवार को नवगछिया में कोर कमिटी की बैठक हुई। शनिवार को बांका और रविवार को भागलपुर में बैठक होगी। कहा कि भाजपा का उद्देश्य बहुत स्पष्ट है। 2024 का लोकसभा चुनाव बिहार में पूरा जीतेंगे और 2025 का भी विधानसभा चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि फीडबैक देखा है जनता,कार्यकर्ता या शुभचिंतक हों सभी भाजपा की सरकार चाहते हैं। लोग सीएम नीतीश कुमार से थक गये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव-गांव में पिछड़ों और गरीबों की सेवा हुई है। सब जानते हैं कि अब भाजपा के अगुवाई में बिहार का विकास होगा।

कांग्रेस डूबता जहाज : पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है। यही होता है परिवारवाद में । भले ही योग्यता हो या नहीं। बनेंगे वही। हम चाहते हैं विपक्ष अच्छा हो लेकिन यह मेरा काम नहीं है। इससे पहले पूर्व मंत्री ने ने कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रोहित पांडेय, अभय वर्मन, शरद सलारपुरिया,कहलगांव और पीरपैंती के विधायक आदि उपस्थित थे।

कोयला तस्करी मामले में सीआईडी ने राज्य के तीन पुलिस अधिकारियों को किया तलब

कोलकाता (एजेंसी)। सीआईडी ने कोयला तस्करी मामले शनिवार को पूछताछ के लिए राज्य पुलिस के तीन और अधिकारियों को तलब किया है। इनमें माथाभांगा के सीआई अजय कुमार मंडल (पहले बाराबनी थाने और रानीगंज थाने के ओसी), बराकर के आईसी राजशेखर मुखोपाध्याय (पहले अंडाल थाने के ओसी) और रघुनाथगंज के आईसी पार्थ घोष (पहले अंडाल थाने के ओसी) शामिल हैं। गौरतलब है कि सीबीआई के अलावा सीआईडी भी कोयला तस्करी मामले की जांच कर रही हैं। सीआईडी एसआईटी का गठन कर 2021 से जांच कर रही है। कोयला तस्करी मामले की जांच के लिए सीआईडी के अधिकारी पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न खनन क्षेत्रों के प्रभारी और पुलिस अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुला रही है। इसी क्रम में सीआईडी अधिकारियों ने शनिवार को राज्य पुलिस के तीन और अधिकारियों को पूछताछ के लिए तलब किया है। मूल रूप से, उनसे पूछताछ करके, सीआईडी उस समय उनकी भूमिका जानना चाहती है। सीआईडी अधिकारी इन सभी सवालों के जवाब खोजने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या उन्हें कोयले की तस्करी के बारे में कुछ पता था, अगर उन्हें पता था तो उन्होंने इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई कोयला तस्करी मामले की कई अहम जानकारी इकट्ठा कर चुकी है। कई पुलिस अधिकारी केंद्रीय एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। इस बीच सीआईडी भी सक्रिय हो गई हैं। राज्य पुलिस के विभिन्न अधिकारियों को तलब किया जा रहा है।

भाकपा-माले का विरोध सप्ताह 28 अगस्त से 3 सितम्बर तक

भागलपुर (एजेंसी)। भाजपा शासन के 'अमृत काल' के इस दौर में दिल दहलाने वाली खबरों के आने का सिलसिला जारी है। आजादी के 75वें साल में ठीक 15 अगस्त के दिन बिल्कीस बानो के गुनहगारों की रिहाई और उससे दो दिन पहले मटके से पानी पीने के एवज में सवर्ण शिक्षक द्वारा की गयी बर्बर पिटाई से 9 वर्षीय मासूम, दलित छात्र इंद्र कुमार मेघवाल की हुई मौत ने स्पष्ट कर दिया है कि अमृत किसे हासिल है और विष किसके लिए है। बिलकिस बानो और इंद्र कुमार मेघवाल के न्याय के लिए राष्ट्रीय आह्वान पर भाकपा-माले का राज्यव्यापी विरोध सप्ताह 28 अगस्त से 3 सितम्बर तक है। उक्त जानकारी देते हुए शनिवार को पार्टी नगर प्रभारी और ऐक्टू के राज्य सचिव मुकेश मुक्त ने कहा कि एक तरफ, जहां लाल किले के प्राचीर से नारी सम्मान पर प्रधानमंत्री के प्रवचनों के खोखलेपन को बिल्कीस मामले ने उजागर कर दिया है, वहीं दूसरी तरफ सवर्ण शिक्षक छैल सिंह के घड़े से पानी पीने के एवज में इंद्र कुमार मेघवाल की बर्बर पिटाई, वास्तव में भारत के संविधान में निहित मूल्यों पर खुले हमले की ओर इशारा करता है। मजलूम दलितों, मुसलमानों महिलाओं और आम अवाम के लिए दिल्ली हुकूमत के पास विष ही विष है, जबकि अमृत के घड़े अडानी-अंबानी के लिए खोल दिए गए हैं।

नगर निगम के कर्मियों के हड़ताल के बाद सड़कों पर लगा कचरे का अंबार, अधिकांश कर्मी हड़ताल पर

पटना (एजेंसी)। बिहार के सभी नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के कर्मी स्थायी करने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। पटना नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है। पटना नगर निगम क्षेत्र में मिलाजुला असर है। अधिकांश दैनिक मजदूर कार्य पर नहीं आए हैं। पटना नगर निगम डोर टू डोर वाहनों को एजेंसी के माध्यम से तैनात आउटसोर्स कर्मियों के माध्यम से वाहनों को कचरा उठाव कराने के लिए यार्ड से निकलवा दिया है। इसके बाद भी डोर टू डोर कचारा उठाव व्यवस्था बाधित है। वार्डों में सभी घरों तक वाहन नहीं पहुंच पाया। जहां-तहां गाडियां रूक गई हैं। इस कारण कचरा उठाव कार्य बाधित हो गया है। सड़कों के किनारे से कचरे हटाए जा रहे हैं। वही पटना नगर निगम के प्रशासक अनिमेश कुमार पराशर खुद निगरानी कर रहे हैं। सभी अंचलों के कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक और मुख्य सफाई निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में कचरा उठाव कराने में जुटे हुए हैं। अब तक नोंक-झोंक की सूचना नहीं है। नगर निगम अधिकारी कचरा उठाव कराने में जुटे हुए हैं। वहीं हड़ताली कर्मचारियों का जुटान नगर निगम मुख्यालय मौयालोक कांपलेक्स में होने लगा है।

बारिश व कच्चे माल की समस्या के बावजूद कम नहीं हुई कुम्हारटोली की व्यस्तता



कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के सुप्रसिद्ध दुर्गा पूजा की बात हो और महानगर के कुम्हारटोली का जिक्र ना हो ऐसा नहीं हो सकता। दुर्गा पूजा के लिए बहुत ही कम समय शेष रह गया है। कोरोन काल के बाद ऐसा माना जा रहा था कि मूर्तिकारों के लिए इस बार परिस्थितियां काफी बेहतर होंगी लेकिन बारिश और कच्चे माल की कमी ने बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। बावजूद इसके कुम्हारटोली के मूर्तिकार प्रतिमा बनाने में काफी व्यस्त हैं। कुम्हारटोली में रहने वाले अपूर्व पाल के दादा कुम्हार थे। तब से, परिवार के सदस्य धीरे-धीरे मूर्तिकला की परंपरा में शामिल होते गये। 1990 के स्नातक अपूर्व अब एक पूर्ण मूर्तिकार हैं। अपूर्व ने बताया कि कोरोना काल के बाद बाजार अच्छा है। उन्होंने कहा कि मैंने 2020 और 2021 में लगभग 20 प्रतिमाओं का निर्माण किया था। इस साल मैं 34 प्रतिमायें बना रहा हूं। कोरोना काल के बाद कच्चे माल के दामों में हुई बढ़ोतरी ने कलाकारों को परेशान कर रखा है। मूर्ति बनाने वाले सभी सामानों के दाम बढ़ गए हैं। पिछली बार पांच बंडल घास 150 रुपये में बेची गई थी। इस बार यह 350 रुपये में मिल रही है। पिछले साल एक किलो कील 75 रुपए की आती थी लेकिन इस बार यह बढ़कर 90 रुपये तक पहुंच गई है। गौरीपुर की रस्सी 85 रुपये से बढ़कर 115 रुपये हो गई है। मूर्ति बनाने के लिए विशेष मिट्टी की कमी से भी मूर्तिकारों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इससे पहले उलुबेरिया में गंगा के नीचे से चिकनी मिट्टी आती थी जिसकी कीमत प्रति नाव 15 हजार रुपये थी। हर महीने करीब 80 नावें आती हैं। पुलिस-प्रशासन की सख्ती के चलते अब पांच नाव भी नहीं आ रही है। अब मूर्तियाा दक्षिण 24 परगना के खेतों की मिट्टी से बनायी जा रही हैं। कुछ साल पहले भारत के सबसे अच्छे मूर्तिकारों में से एक मिंटू पाल ने देशप्रिय पार्क में दुनिया की सबसे बड़ी दुर्गा प्रतिमा बनाकर धूम मचा दी थी। उनका कहना है कि इस बार उन्हें 35 मूर्तियां बनाने का ऑर्डर मिला है। इनमें से 14 बाहर की हैं। पिछले साल मूर्ति की औसत ऊंचाई लगभग 10''-11'' थी। अब ऊंचाई 18''-19 '' तक पहुंच गई है। हालांकि तमाम परेशानियों के बावजूद कुम्हारटोली के मूर्तिकार पूरी तल्लीनता से प्रतिमाओं के निर्माण में लगे हुए हैं।

बिहार में इंजीनियर के यहां छापेमारी में पांच करोड़ नकदी और आभूषण बरामद

पटन/किशनगंज (एजेंसी)। बिहार के पटना-किशनगंज में शनिवार को ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता के यहां हुई छापेमारी में निगरानी की टीम ने पांच करोड़ रुपये नकदी और आभूषण बरामद किए हैं। बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग में तैनात कार्यपालक अभियंता संजय कुमार राय के किशनगंज और पटना स्थित ठिकानों पर शनिवार को छापेमारी की गई। इस दौरान घर से करीब पांच करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। इसके अलावा भारी मात्रा में गहने और अन्य कीमती सामान भी मिलने की संभावना है। नोटों की गिनती जारी है। निगरानी टीम ने इंजीनियर संजय राय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। शनिवार को उसके किशनगंज और पटना के दानापुर स्थित दो ठिकानों पर छापेमारी की गई। संजय राय किशनगंज प्रभाग में तैनात है। घर से इतनी ज्यादा मात्रा में नोट देखकर एकबार तो निगरानी टीम के अधिकारी भी चौंक गए। निगरानी डीएसपी अरुण कुमार पासवान ने बताया कि किशनगंज में तीन स्थानों पर छापेमारी की गई। साथ ही पटना में भी दो स्थानों पर छापेमारी की गई है।अभी तक दोनों स्थानों से पांच करोड़ नकदी सहित गहने जेवर और दस्तावेज बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल जांच छापेमारी जारी है। छापेमारी पूरी होने के बाद ही पता चलेगा की कि कितना कालाधन इन्होंने छुपाकर रखा है।

वाराणसी में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर, 228.69 हेक्टेयर फसल को नुकसान

वाराणसी (एजेंसी)। यूपी के वाराणसी में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है, जिससे गंगा और वरुणा नदी के तटवर्ती इलाकों में आम जन जीवन प्रभावित हुआ है और फसलों को भी नुकसान हुआ है। घरों में बाढ़ का पानी घुस जाने से तटवर्ती क्षेत्रों के हजारों लोग राहत शिविरों में शरण लिए हैं। इस बीच, शनिवार को राज्य के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 228.69 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शनिवार सुबह 10 बजे तक गंगा का जलस्तर खतरे के निशान 71.26 मीटर को पार करते हुए 71.50 मीटर पर पहुंच गया, जिससे गंगा और वरुणा के घाटों के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में पानी घुस चुका है और हजारों लोगों का जन जीवन प्रभावित हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गंगा के बढ़ते जल स्तर और बाढ़ पीड़ितों के विस्थापन को लेकर बृहस्पतिवार को चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को फोन कर राहत शिविरों में रह रहे लोगों को हर सम्भव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि 18 राहत शिविरों में बाढ़ प्रभावित शरण लिये हैं और उनके रहने, खाने-पीने का बंदोबस्त किया गया है। राजातालाब तहसील के परशुपुर गांव निवासी राजन ने बताया कि बाढ़ का पानी गांव के खेतों में घुस चुका है। परशुपुर गांव के लगभग 15 बीघा धान का फसल पानी में डूब चुका है और खेतों में यदि कुछ दिन पानी लगा रहा तो फसल खराब हो जाएगी। नगवा निवासी नंदलाल ने बताया कि उनके पूरे घर में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिससे काफी सामान को नुकसान पहुंचा है। परिजनों को रिश्तेदार के घर रहने भेज दिया है और खुद आसपास के ऊंचे घरों में रहकर घर की निगरानी कर रहे हैं। बाढ़ के पानी से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश के जल शक्ति एवं वाराणसी मंडल के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल एवं जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के साथ बाढ़ राहत शिविर सरैया तथा नक्खी घाट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सिंह ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों को दूध के पैकेट एवं खाद्य सामग्री के साथ-साथ बच्चों को केला, बिस्कुट एवं दूध के पैकेट उपलब्ध कराए। सिंह ने अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी सदर हंसिका दीक्षित ने बताया कि वाराणसी सदर के 68 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 18 राहत शिविरों में अब तक 10104 बाढ़ पीड़ित शरण लिए हैं और उनके रहने खाने-पीने की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की टीम लगातार बाढ़ग्रस्त इलाको में गस्त कर रही है और वहां फंसे लोगों की सहायता की जा रही है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ में फंसे लोगों को राहत सामग्री और चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ ही महिलाओं को 'डिग्निटी किट' जिसमें सैनिट्री किट के साथ साबुन इत्यादि वितरित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गंगा में बढ़ते जल स्तर और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। उप जिलाधिकारी राजातालाब गिरीश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि अभी राजातालाब तहसील के गांवों में स्थिति नियंत्रण में है। कुछ खेत पानी में डूब चुके हैं और अगर गंगा का जलस्तर कुछ दिनों में घटने लगता है तो खेत से पानी निकल जायेगा और फसल को नुकसान नहीं पहुंचेगा। द्विवेदी ने दावा किया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पूरी तैयारी कर ली गयी है। राजातालाब तहसील क्षेत्र में छह राहत शिविर बनाये गए हैं।

जिला प्रशासन के अनुसार, जिले में गंगा और वरुणा की बाढ़ से नगर निगम के 18 वार्ड और लगभग 80 से ज्यादा गांव प्रभावित हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, जिले में अब तक 228.69 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है। जनपद में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए 18 राहत शिविर क्रियाशील हैं, जिनमें बाढ़ पीड़ितों को भोजन-पानी के साथ ही चिकित्सकीय सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है। वाराणसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 40 मेडिकल टीम का गठन किया गया है। टीम को जरूरी दवाओं के साथ ओआरएस के पैकेट, क्लोरीन की गोलियां उपलब्ध कराई गई है। सभी सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में जनता को चिकित्सकीय सुविधाओं का अभाव नहीं होने दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वाराणसी में गंगा और वरुणा नदी का जलस्तर बढ़ने से जनजीवन असामान्?य हो गया है और यहां के हरिश्चंद्र और मणिकर्णिका घाटों के पानी में डूब जाने से शवों का दाह संस्कार आस-पास की गलियों में और छतों पर करना पड़ रहा है। वाराणसी में गंगा और वरुणा का जल स्तर बढ़ने से सभी घाट और आस पास के निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग पलायन को मजबूर हैं।

न्यूज गैलरी

राजनाथ लखनऊ में करेंगे 158 योजनाओं का लोकार्पण व शिलांयास

लखनऊ (एजेंसी)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को 185 करोड़ से अधिक की 158 योजनाओं का लोकार्पण और शिलांयास करेंगे। इस कार्यक्रम में रक्षामंत्री के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश सरकार की छह माह में ग्रामीण इलाकों में 10 हजार निर्माण इकाईयां लगाने की तैयारी है जिसके कारण लगभग पांच लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। बडे कारोबारियों और डिफेंस कॉरिडोर से जुड़ी बड़ी बड़ी कंपनियों को भी इस योजना से जोड़े जाने की योजना है। लखनऊ जिलाधिकारी के प्रस्ताव पर कार्ययोजाना को अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल ने पहले ही सहमति दे दी है और इससे निर्माण इकाइयों के लिए निवेशकों को सब्सिडी दिये जाने का रास्ता भी खुला गया है। इसके तरह पुरूष निवेशकों को 25 जबकि महिला निवेशकों को 35 प्रतिशत सब्सिडी दी जायेगी। इन परियोजनाओं की मदद से लखनऊ प्रदेश का पहला औद्योगिक जिला बन पायेगा। आज के ही कार्यक्रमों के तहत रक्षामंत्री दिन में साढे ग्यारह बजे अटल बिहारी बाजपेई कंवेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

नशे में धुत बाप ने नौ महीने की बेटी को जमीन पर पटक कर मार डाला, गिरफ्तार

नवादा (एजेंसी)। बिहार के नवादा जिलें में नशे में धुत्त पिता ने अपनी 9 महीने की मासूम बेटी को जमीन पर पटक मार डाला। यह वारदात नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के बरनावा गांव के अनुसूचित टोला में हुई है। यहां एक बाप ने मां की गोद से 9 महीने की मासूम बेटी लेकर जमीन पर पटककर मार डाला। हत्या का आरोप होरिल मांझी पर लगा है। आरोप लगाने वाली कोई और नहीं उसकी पत्नी किरण देवी हैं। किरण की शिकायत के बाद पुलिस ने उसके पति को बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची सुंदरी कुमारी की मां किरण ने थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि पति होरिल मांझी ने गुरुवार को काफी शराब पी रखी थी। घर पहुंचकर पत्नी से गाली-गलौज करते हुए उसने खाना मांगकर खाया। पति के रवैए से तंग आ चुकी 27 वर्षीया किरण ने गाली देने से मना किया और बच्चों के साथ घर से जाने की बात कही। इस पर भड़के होरिल ने पत्नी की गोद से 9 महीने की मासूम बेटी को खींचकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बस्तर में पोला त्योहार हर्षोल्लास से साथ मनाया गया

जगदलपुर (एजेंसी)। बस्तर में पोला त्योहार शनिवार को हर्षोल्लास से साथ मनाया गया। पोला त्योहार मनाने के पीछे यह मान्यता है कि अगस्त में खेती-किसानी काम संपन्न होने के बाद इसी दिन धान के पौधों में दूध भरता है, अच्छी फसल की कामना कर यह त्योहार मनाया जाता है। इस दिन किसान अपने पशुधन के प्रति कृतज्ञता जाहिर कर पशुधन की भी पूजा करते हैं। आने वाली पीढ़ी को इससे जोडने के लिए छोटे बच्चे मिट्टी के खिलौने बैलों, पोरा जांता, मटका, कढ़ाई व अन्य खिलौने की पूजा करने की परंपरा का निर्वहन किया गया। कृषि प्रधान बस्तर में धान की प्रमुख फसल के साथ जुड़े हिंदू मान्यताओं एवं परंपराओं में से एक महत्वपूर्ण त्यौहार पोला अब भागती दौड़ती जिंदगी की व्यस्तता के कारण शहरी क्षेत्रों में धीरे-धीरे विलुप्तप्राय होता जा रहा है, लेकिन पोला के इस त्योहार को मिट्टी के खिलौने बनाने वाले मूर्तिकारों-कुम्हारों ने आज भी जीवंत एवं परंपरा के निर्वहन के लिए लोगों को बरबस ही आकर्षित कर रहे है। खिलौने बनाने वाले मूर्तिकारों-कुम्हारों के आकर्षक खिलौनों के कारण ही पोला त्योहार की परंपरा अनवरत जारी है। इसके लिए हिंदू धर्मावलंबियों को चाहिए कि खिलौने बनाने वाले मूर्तिकारों-कुम्हारों को प्रोत्साहित कर उनकी आमदनी के साथ इस महत्वपूर्ण पोला त्यौहार के निर्वहन को बनाए रखने का प्रयास किया जाए। बाजारों में मिटआी के खिलौने विक्रय करने पंहुचे मूर्तिकार-कुम्हार अंतुराम, रिंकू, आंनद, जीवन, पवन, भरत, महेंद्र, समदाई, शीला, रेखा, रैमती आदि ने बताया कि कोरोना संक्रमण के बाद इस बार कारोबार अच्छा रहा है।

नगद राशि और मादक पदार्थ समेत दो गिरफ्तार

गया (एजेंसी)। जिले के बाराचट्टी थाना अन्तर्गत बुमेर पंचायत के धनामा गांव से कृष्णा कुमार पिता स्व. महावीर महतो के घर से बाराचट्टी पुलिस ने शनिवार को नगद सहित बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। उक्त बातों की जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राम लखन पंडित ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कृष्ण कुमार के घर पर छापामारी की गई जिस दौरान उनके घर पर से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ एवं नगदी के साथ दो तस्कर कृष्णा कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष एवं पप्पू कुमार उम्र लगभग 28 वर्ष दोनों ग्राम धनामा को गिरफ्तार किया गया। जिसे थाना लाया गया जहां बाराचट्टी राजस्व पदाधिकारी आरती कुमारी की मौजूदगी में वजन करवाते हुए जब्त करने की कार्रवाई की गई। जब्त मादक पदार्थों में 5 किलोग्राम अफीम, एक किलोग्राम ब्राउन शुगर तथा 400 ग्राम डोडा था तथा 7 लाख 20 हजार रुपए नगद था।थानाध्यक्ष ने बताया गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है। इतनी बड़ी नगद राशि वह कहां से लाया इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा है। लेकिन पुछताछ से यह पता चलता है कि किसी बड़े माफिया के साथ इन लोगों का सांठगांठ है जिससे मादक पदार्थ का कारोबार करता है।उसी से मादक पदार्थ के एवज में यह राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि प्राप्त मादक पदार्थों को लेकर बेचे जाने की तैयारी थी। लेकिन कहां लेकर जाने की तैयारी थी यह अभी तक नहीं बताया है। फीलहाल पुछताछ की जा रही है। गिरफ्तार युवकों को पुछताछ के बाद कल यानी रविवार तक जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

गया (एजेंसी)। जिले के डोभी थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से बालू खनन व परिवहन का धंधा जोरों से चल रहा है। हालांकि शनिवार की सुबह को थाने की पुलिस ने डोभी-चतरा सड़क मार्ग के एनएच 99 धीरजा पुल के पास से गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष अजय कुमार को सूचना मिली थी कि नीलांजना नदी घोड़ाघाट से अवैध तरीके से बालू का उठाव ट्रैक्टर द्वारा किया जा रहा है। इसी दौरान धीरजा पुल के समीप एक बिना नंबर प्लेट का ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखते ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त करते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को लिखा है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र से किसी भी तरह के अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अवैध कारोबारियों पर नजर रख रही है।

न्यूज गैलरी

सात्विक-चिराग ने जीता ऐतिहासिक पदक

टोक्यो (एजेंसी)। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युवा पुरुष युगल जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में मलेशिया के ऐरोन चिया और सोह वूई यिक के हाथों 2-1 से हारने के बाद ऐतिहासिक कांस्य पदक हासिल किया। यह विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत का पहला पुरुष एकल पदक है। छठी सीड मलेशियाई जोड़ी ने सातवीं सीड भारतीय जोड़ी को 20-22, 21-18, 21-16 से हराया। सात्विक-चिराग ने मैच की अच्छी शुरूआत करते हुए पहला गेम 22-20 से जीता, लेकिन दूसरे गेम में उनके मलेशियाई प्रतिद्वंदियों ने अच्छी वापसी करते हुए मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में भारतीय युगल 8-6 से आगे चल रहे थे, मगर चिया-सोह ने लगातार तीन पॉइंट बनाते हुए 9-8 की बढ़त ली और फिर इसी में इजाफा करते हुए फाइनल में जगह बनायी। अब तक सात्विक-चिराग और चिया-सोह छह बार आमने-सामने आ चुके हैं, जहां हर बार मलेशियाई जोड़ी ने जीत हासिल की है। सात्विक-चिराग इस हार के बावजूद कांसे का तमगा जीतकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी और पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बन गये हैं। इससे पहले अश्विनी पोनप्पा और ज्वाला गुट्टा की महिला युगल जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप 2011 में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था।

एसपीएन को यूएस ओपन का एक्सक्लूसिव टेलीविजन व डिजिटल अधिकार मिला

मुंबई (एजेंसी)। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएन) ने अगस्त 2022 से यूएस ओपन का प्रसारण करने के लिए त्रिवर्षीय समझौता पर हस्ताक्षर किया है, जिससे इस ब्रॉडकास्टर को 2022-24 के बीच वैश्विक खेल का विशेष मीडिया अधिकार (टीवी और डिजिटल) प्राप्त हुआ है। यूएस ओपन के 2022 रिप्ले को भारतीय उपमहाद्वीप-पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और मालदीव में एसपीएन के खेल चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। मैच को उनके ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनीलिव पर लाइवस्ट्रीम किया जाएगा। इस वर्ष का अंतिम ग्रैंड स्लैम, 2022 यूएस ओपन, 29 अगस्त 2022 से 11 सितंबर 2022 तक होगा। 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और रोलैंड-गैरोस के सफलतापूर्वक प्रसारण के बाद, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया उस सफलता को दोहराना चाहता है। विशेष टूर्नामेंट के 142वें एडिशन का लाइव कवरेज 29 अगस्त 2022 को एसपीएन के खेल चैनलों पर रोजाना शाम 7:30 बजे शुरू होगा। भारत में पहली बार ब्रॉडकास्टर सोनी सिक्स, सोनी टेन 2 (अंग्रेजी), सोनी टेन 3 (हिंदी), और सोनी टेन 4 (तमिल और तेलुगु) चैनलों पर चार भाषाओं में इस विशाल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा।

अंडर -17 महिला विश्व कप 2022 की मेजबानी करेगा भारत

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल ने एआईएफएफ को किया निलंबन मुक्त

नयी दिल्ली (एजेंसी)। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से तत्काल प्रभाव से निलंबन हटा लिया है। जिसके बाद फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 का आयोजन भारत में तय कार्यक्रम के अनुसार (11-30 अक्टूबर 2022 तक) ही होगा। फीफा ने एक बयान में कहा कि परिषद के ब्यूरो ने 25 अगस्त, 2022 को एआईएफएफ के निलंबन को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया। इसके परिणामस्वरूप, 11-30 अक्टूबर तक फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप 2022 भारत में योजना के अनुसार आयोजित किया जा सकता है। फीफा ने कहा कि एआईएफएफ के कामकाज को संचालित करने के लिए नियुक्त तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति की बर्खास्तगी और एआईएफएफ प्रशासन द्वारा संघ के दैनिक मामलों पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने की पुष्टि होने के बाद इस बात का निर्णय हुआ है। कृपया ध्यान दें कि फीफा और एएफसी स्थिति की निगरानी करना जारी रखेंगे और समय पर चुनाव आयोजित करने में एआईएफएफ का समर्थन करेंगे।

एआईएफएफ ने गोकुलम केरल एफसी से माफी मांगी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गोकुलम केरल एफसी के एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप से बाहर होने पर शनिवार को क्लब से माफी मांगी। उल्लेखनीय है कि फीफा ने 16 अगस्त को एआईएफएफ में 'तीसरे पक्ष के अनावश्यक हस्तक्षेप' का हवाला देते हुए भारतीय फुटबॉल को निलंबित कर दिया था, जिसके वजह ये भारत की सभी फुटबॉल टीमें फीफा और एएफसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य हो गयी थीं। उच्चतम न्यायालय ने इसकी सनद लेते हुए 22 अगस्त को एआईएफएफ के संचालन के लिए गठित प्रशासकों की समिति (सीओए) को भंग किया और एआईएफएफ का कार्यभार महासंघ के महासचिव सुनंदो धर को सौंप दिया। नतीजतन, फीफा ब्यूरो ने 26 अगस्त को भारतीय फुटबॉल महासंघ पर से निलंबन हटाने की घोषणा की। एआईएफएफ ने गोकुलम केरल से माफी मांगते हुए ट्वीट किया कि एआईएफएफ से फीफा का निलंबन हटाए जाने के बाद भारतीय फुटबॉल पटरी पर लौट आया है। एक तरफ जहां हम स्थिति बदलने से खुश हैं, वहीं हम निलंबन के कारण एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप से गोकुलम केरल एफसी के बाहर होने पर बेहद निराश हैं। एआईएफएफ ने एक अन्य ट्वीट में कहा गया कि यह पिछले 11 दिनों में भारतीय फुटबॉल महासंघ का सबसे बड़ा खराब दौर रहा और भारतीय फुटबॉल उन प्रतिभावान लड़कियों से क्षमाप्रार्थी है जिन्होंने इस आयोजन के लिये कड़ी मेहनत की थी।

एशिया कप: पाक के खिलाफ मुकाबले को तैयार भारत

अबू धाबी(एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को दुबई में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने एशिया कप खिताब की रक्षा के लिए तैयार है। अब तक, दोनों टीमों के बीच 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं, जिसमें से भारत ने सात मैच जीते हैं, जबकि पाकिस्तान को सिर्फ दो में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच आखिरी बार आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 के दौरान मैच खेला गया था, जिसमें भारत को दस विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने भारतीय शीर्ष क्रम को ध्वस्त करते हुए 2 विकेट लिए थे। तत्कालीन कप्तान विराट कोहली (57) और ऋषभ पंत (39) के योगदान ने भारत को अपने 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 151रनों तक पहुँचाया, लेकिन मोहम्मद रिजवान (79 *) और पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम (68 *) की बेहतरीन पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने यह मैच 10 विकेट से जीता।

लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। भारतीय टीम वर्तमान में शानदार फॉर्म में है। भारतीय टीम ने एकदिवसीय और टी20ई श्रृंखला में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज

को उनके घरों में मात दी है। टीम टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर भी है।

पाकिस्तान के खिलाफ यह मैच कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण होगा। भारतीय प्रशंसक चाहेंगे कि ये तीनों बल्लेबाज अपने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन करें और टीम को जीत दिलाएं, विशेषकर सभी की निगाहें रोहित और विराट पर होंगी कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करें और मैच जिताने वाली पारी खेलें।

भारत के मध्य क्रम में नए सितारों का उदय हुआ है। सूर्यकुमार यादव और दीपक हुड्डा दो रोमांचक स्ट्राइकर हैं जो पहली गेंद से ही आक्रमण कर सकते हैं। इन दोनों हिटरों के पास इस मैच में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है। हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाज भी अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे।

भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में काफी गहराई है। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में सभी की निगाहें भुवनेश्वर कुमार पर होंगी जो आक्रमण की अगुवाई करेंगे। वह इस साल टी 20 आई में भारत के लिए शानदार रहे हैं, खासकर पावरप्ले के दौरान। यंगस्टर्स अर्शदीप सिंह और अवेश खान के पास भी प्रभाव डालने का मौका होगा।

स्पिन विभाग में अनुभवी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा आक्रमण की अगुवाई करेंगे। उन्हें युजवेंद्र चहल और युवा रवि बिश्नोई के साथ आक्रमण को अच्छी तरह से पूरा करना होगा और अपनी गेंदों से पाकिस्तानियों को परेशान करना होगा।

पाकिस्तानी टीम की बात करें तो वे आईसीसी टी-20 रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं और उन्हें हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। उनके शीर्ष क्रम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के रूप में दो इन-फॉर्म बल्लेबाज हैं। जहां तक टी20 का संबंध है, ये दोनों पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं, लेकिन पक्ष को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे केवल उन पर ही आधारित न रहें।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, आवेश खान।

पाकिस्तान: बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रउफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, हसन अली, नसीम शाह, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिर, मो. हसनैन।

15 साल की लिंथोई ने रचा इतिहास

वर्ल्ड कैडेट जूडो चैंपियनशिप में ब्राजीली खिलाड़ी को हरा कर जीता गोल्ड मेडल

साराजेवो (एजेंसी)। मणिपुर की जूडो खिलाड़ी लिंथोई चिकमाबेम ने इतिहास रच दिया है। उसने वर्ल्ड जूडो चैंपियनशिप में देश को पहला गोल्ड दिलाया है। यह मेडल अंडर-18 एज ग्रुप के विमेंस 57 किग्रा वेट कैटेगरी में आया है। 15 साल की लिंथोई ने फाइनल मुकाबले में ब्राजील की बियांका रीस को हराया है। वे किसी भी एज ग्रुप की वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीतनेवाली पहली भारतीय जूडोका बनी हैं। लिंथोई ने आखिरी सेकंड में 1-0 से फाइनल मुकाबला जीता है। उन्होंने वाजारी से मुकाबले की शुरूआत की और बढ़त बनाई। बता दें कि इसी महीने बर्मिंघम में आयोजित किए गए कॉमनवेल्थ गेम्स में भी भारतीय जूडोकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया था। वहां जूडो में भारत को 3 मेडल जीते थे। इनमें 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज शामिल हैं। लिंथोई ने लगातार चार जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई है। तब वे वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनी थीं। लिंथोई टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम का हिस्सा हैं। वे बेरूत (लेबनान) में एशिया-ओशियाना कैडेट जूडो चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर चुकी हैं। उन्होंने एशियाई कैडेट और जूनियर जूडो चैंपियनशिप 2022 में गोल्ड भी हासिल किया। लिंथोई ने 2017 में सब-जूनियर नेशनल और 2021 में नेशनल कैडेट जूडो चैंपियनशिप में एक-एक गोल्ड जीते हैं।

नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग खिताब जीता



लुसाने (एजेंसी)। ओलिंपिक चैंपियन जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में इतिहास रच दिया है। चोपड़ा ने अपने पहले ही थ्रो में 89.08 मीटर दूर जैवलिन फेंककर जीत दर्ज की। इसके साथ ही वे डायमंड लीग मीटिंग खिताब जीतनेवाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने डायमंड लीग फाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। यह 7 और 8 सितम्बर को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होगा। वे अगले साल होनेवाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर गए हैं। नीरज चोपड़ा को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवलिन फाइनल के दौरान चोट लगी थी। वे अपनी जांघ पर पट्टी लपेटते भी नजर आए थे। तब भी उन्होंने 88.13 मीटर दूर जेवलिन फेंककर सिल्वर मेडल जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स इवेंट के बाद नीरज चोपड़ा का एमआरआई स्कैन हुआ था, जिसमें ग्रोइन एंजरी की बात पता लगी। ऐसे में नीरज चोपड़ा को एक महीने के आराम की सलाह दी गई। इसके चलते वे कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाए थे। तब उन्होंने एक पोस्ट लिखकर कहा था कि वे निराश हैं कि कॉमनवेल्थ की ओपनिंग सेरेमनी में तिरंगा नहीं थाम पाएंगे।

■ 89.08 मीटर दूर भाला फेंका, लीग जीतनेवाले पहले भारतीय बने

स्टॉकहोम डायमंड लीग में बनाया था नया रिकॉर्ड : नीरज चोपड़ा ने स्टॉकहोम में हुई डायमंड लीग में 89.94 मीटर के थ्रो के साथ नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। यह उनका पर्सनल बेस्ट रिकॉर्ड भी था। वैसे तो नीरज चोपड़ा ने देश को कई मेडल दिलाए हैं। उनके पास सभी बड़े टूर्नामेंट के मेडल हैं।

भारत-पाकिस्तान का मुकाबला सिर्फ एक मैच है: गांगुली

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने एशिया कप-2022 की शुरुआत से पहले कहा है कि भारत-पाकिस्तान का मुकाबला सिर्फ एक मैच है और भारतीय टीम के पास दबाव से निपटने का अनुभव है। बीसीसीआई अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि भारत बनाम पाकिस्तान मैच सिर्फ एक और मैच है। ऐसे मैच हम नियमित रूप से खेलते हैं... या जब मैं खेलता था तो मैं पाकिस्तान के साथ मैच को कोई खास मैच नहीं मानता था।

बीसीसीआई के अध्यक्ष ने कहा कि नॉकआउट मैचों में अतिरिक्त दबाव रहता था, लेकिन ग्रुप लीग में ऐसा कोई दवाब नही था। गांगुली ने एशिया कप में पसंदीदा टीम को लेकर कहा कि कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के पास किसी भी दबाव की स्थिति से निपटने का पर्याप्त अनुभव है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल अनुभवी खिलाड़ी हैं और वे किसी भी दवाब से निपटना बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। यह उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। गांगुली ने विराट कोहली की फॉर्म के बारे में कहा कि विराट बहुत बड़ा खिलाड़ी है। उनके पास रन बनाने का अपना एक फॉर्मूला है। वह बहुत जल्द अपनी पुरानी फॉर्म में आयेंगे। हम सभी को यही आशा है। उन्होंने विश्व कप और एशिया कप में भारत की संभावना पर कहा कि मुझे उम्मीद है कि आने वाले विश्व कप में भारत अच्छा प्रदर्शन करेगा।

विराट ने स्वीकार की मानसिक कमजोरी की बात

10 साल में पहली बार एक महीने तक बैट नहीं छुआ, दिमाग ब्रेक के लिए कह रहा था

दुबई (एजेंसी)। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने स्वीकार किया कि खराब फॉर्म से गुजरते हुए वह मानसिक तौर पर थोड़े कमजोर हुए थे। कोहली एशिया कप से वापसी कर रहे हैं और वह 41 दिन के आराम के बाद मैदान में उतरेंगे। कोहली ने खुलासा किया है कि उन्होंने 10 साल में पहली बार एक महीने तक अपने बैट को टच तक नहीं किया। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली इन दिनों क्रिकेट करियर में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। इस बात को वह भी कई बार समझ चुके हैं कि फैंस निराश हैं और अब उन्हें रन बनाने ही होंगे। ढाई साल से ज्यादा वक्त हो गया है, लेकिन कोहली के बल्ले से शतक नहीं आया। वह छह महीनों से एक इंटरनेशनल फिफ्टी भी नहीं लगा सके हैं।



आखिरी वनडे में फ्लॉप रहे थे विराट : विराट कोहली एशिया कप से वापसी कर रहे हैं और वह 41 दिन के आराम के बाद सीधे पाकिस्तान से मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेंगे। यह मैच रविवार (28 अगस्त) को खेला जायेगा। हालांकि, यह भारतीय टीम के लिए एक बड़ा रिस्क भी हो सकता है। कोहली ने पिछला मैच 17 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर वनडे खेला था। उस मैच में भी कोहली 22 बॉल खेलकर सिर्फ 17 रन ही बना सके थे।

दिमाग भी मुझसे ब्रेक लेने के लिए कह रहा था : कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले स्टार स्पोर्ट्स से बात की। ब्रॉडकास्टर ने कोहली का यह वीडियो शेयर किया, जिसमें कोहली ने कहा, '10 साल में पहली बार है, जब मैंने एक महीने तक अपने बैट को टच तक नहीं किया। मुझे यह अहसास हुआ कि मैं अपनी इंटेंसिटी को थोड़ा गलत समझ रहा था। मैं अपने आप को समझा रहा था कि आप में इंटेंसिटी है। मगर आपकी बॉडी आपसे रुकने के लिए कह रही थी। दिमाग भी मुझसे ब्रेक लेने और कदम पीछे खींचने के लिए कह रहा था।

वक्त ने मुझे काफी कुछ सिखाया

पूर्व भारतीय कप्तान कोहली ने कहा, 'मुझे हमेशा ही ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो दिमागी तौर पर काफी मजबूत है। मैं ऐसा हूं, लेकिन हर किसी की एक लिमिट होती है और आपको उस लिमिट को पहचानने की जरूरत होती है। अन्यथा चीजें आपके लिये गलत हो सकती हैं। इस वक्त ने मुझे काफी कुछ सिखाया है, जिन्हें मैं समझ नहीं पा रहा था। यह चीजें जब आयीं, तो मैंने उन्हें स्वीकार किया।'

न्यूज गैलरी

22 एमएसएमई समेत 32 कंपनियों ने किये आवेदन

नयी दिल्ली। आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप दूरसंचार उपकरण निर्माण के लिए ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। सरकार को डिजाइन आधारित पीएलआई योजना के लिए 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं। दूरसंचार क्षेत्र में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 2021 में शुरू की गई थी। पीएलआई योजना के तहत वर्तमान में कुल 31 कंपनियां विभिन्न दूरसंचार उपकरणों का निर्माण कर रही हैं। दूरसंचार निर्माण में संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए, डिजाइन आधारित पीएलआई योजना को जून, 2022 में लॉन्च किया गया था। इसके तहत भारत में डिजाइन किए गए उत्पादों के लिए मौजूदा प्रोत्साहनों के अलावा 1 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किया। कुल 32 कंपनियों (22 एमएसएमई, 5 गैर-एमएसएमई घरेलू और 5 वैश्विक) ने आवेदन जमा किए हैं। इन 32 में से 17 कंपनियों द्वारा डिजाइन आधारित निमार्ताओं के रूप में आवेदन किये गए हैं। 18 नई कंपनियों ने आवेदन जमा किए हैं। भारत दूरसंचार और नेटवर्किंग उपकरणों के लिए डिजाइन तथा विनिर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है।

विदेशी मुद्रा भंडार 6.7 अरब डॉलर घटकर 564.05 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 6.7 अरब डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 564.05 अरब डॉलर रह गया। इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में 2.24 अरब डॉलर की कमी आई और यह घटकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 570.74 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.8 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 501.21 अरब डॉलर रह गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार भी 70.4 करोड़ डॉलर घटकर 39.91 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर 14.6 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.98 अरब डॉलर पर रहा। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 5.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 4.93 अरब डॉलर पर आ गई।

वर्तमान आर्थिक स्थिति की रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड ने की समीक्षा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड ने आज देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही वैश्विक एवं घरेलू चुनौतियों के बीच वर्तमान वैश्विक भू राजनैतिक संकट के प्रभाव का आंकलन किया।रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में जयपुर में हुयी 597 वीं बैठक में यह समीक्षा की गयी। इसके साथ ही बोर्ड ने रिजर्व बैंक के परिचालन के विभिन्न क्षेत्रों पर भी विचार विमर्श किया। इसके साथ ही स्थानीय बोर्ड की कार्यप्रणाली और गतिविधियों पर चर्चा की गयी। इस बैठक में डिप्टी गवर्नर महेश कुमार जैन, डॉ माइकल देबब्रत पात्रा, एम रोजेश्वर राव, टी रविशंकर के साथ ही केन्द्रीय बोर्ड के अन्य निदेशकों सतिश के मराठे, एस गुरूमूर्ति, रेवती अय्यर, प्रो सचिन चतुर्वेदी, आनंद गोपाल महिंद्रा , वेघु श्रीनिवासन, पंकज रमनभाई पटेल और डॉ रविन्द्र एच ढोलकिया मौजूद थे। इसमें वित्तीय सेवाओं के सचिव संजय मल्होत्रा भी उपस्थित थे।

अमेरिका ने 26 चीनी उड़ानों को किया निलंबित

नई दिल्ली / वाशिंगटन। अमेरिकी परिवहन विभाग ने कहा कि अमेरिका ने चीनी वाहक द्वारा संचालित 26 यात्री उड़ानों को निलंबित कर दिया क्योंकि बीजिंग की विमानन एजेंसी ने कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रसार को कम करने के लिए अमेरिका की कई उड़ानों को स्थगित कर दिया था। विभाग ने गुरुवार को अपने एक आदेश में कहा, ह्लहमें जनहित में एक और संशोधन की आवश्यकता है, जिससे चीनी वाहक की निर्धारित सेवाओं को सीमित किया जा सके। हमने 26 यूएस से चीन यात्री उड़ानों को निलंबित करने का निर्णय लिया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7.4 फीसदी की दर से बढ़ेगी : सीतारमण

नई दिल्ली (एजेंसी)। चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी की विकास दर को लेकर अलग-अलग संस्थाओं के भिन्न-भिन्न अनुमान है। अब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दावा किया है कि कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7।4 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह नहीं अगले वित्त वर्ष में भी भारत की जीडीपी का विकास इसी दर से होगा। विगत शुक्रवार को एफई बेस्ट बैंक अवॉर्ड समारोह के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अभी भी परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं। इसलिए अब लापरवाही से कोई कदम नहीं उठाया जा सकता। लापरवाही घातक साबित हो सकती है। वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास धीमा पड़ने का सबसे ज्यादा असर देश के एक्सपोर्ट सेक्टर पर हुआ है। सीतारमण ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले समय में तेजी से विकास करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे अपने अनुमानों ने भी परिस्थितियों के आधार पर दिखाया है कि हम निश्चित रूप से 7।4 फीसदी की विकास दर हासिल कर लेंगे। यही नहीं जीडीपी के विकास की यह दर अगले साल कायम रहेगी। सीतारमण ने कहा कि इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड और वर्ल्ड बैंक का भी अनुमान है कि अगले दो वित्त वर्षों में भारत की विकास दर सबसे तेज रहेगी। इन दोनों वैश्विक संस्थाओं का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से मेल खाता है। उन्होंने वैश्विक परिस्थितियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह समय लापरवाही में कदम उठाने का नहीं है। वित्त मत्री ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी आने की वजह से निर्यात क्षेत्र को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। सरकार इन संस्थाओं के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि वे विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकें। वित्त मंत्री ने मुफ्त योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनको लेकर एक ठोस बहस की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चुनाव से पहले वादे करने वाले राजनीतिक दलों को खर्चों का ध्यान रखने के लिए बजटीय प्रावधान करना चाहिए, न कि अन्य संस्थाओं पर बोझ डालना चाहिए।

मीशो ने अपना किराना कारोबार बंद किया दो सौ से अधिक लोगों ने गंवाई नौकरी

नई दिल्ली । घरेलू सोशल कॉमर्स कंपनी मीशो ने कथित तौर पर भारत में अपना किराना कारोबार बंद कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सुपरस्टोर नाम की इस सेवा को भारत के 90 प्रतिशत से अधिक शहरों (नागपुर और मैसूर को छोड़कर) में बंद कर दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर लोगों की नौकरी चली गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी के इस फैसले से तकरीबन 300 मीशो कर्मचारियों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी है। कंपनी ने इस बारे में अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बता दें कि बीते अप्रैल में मीशो ने मीशो को सुपर स्टोर के नाम से रीब्रांड किया था, जिसका उद्देश्य टियर 2 बाजारों में दैनिक उपभोग की वस्तुओं की उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करना था। अप्रैल महीने में कंपनी ने 150 से अधिक कर्मचारियों को निकाल दिया था जिनमें से ज्यादातर फारमीशो से थे, क्योंकि इसका उद्देश्य कंपनी का अपने किराना व्यवसाय को मुख्य प्लेटफॉर्म के भीतर एकीकृत करना था। उससे पहले सोशल कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने कोरोना महामारी की पहली लहर के दौरान भी 200 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ज्यादातर शहरों में कंपनी ने अपने किराना कारोबार का परिचालन बंद करने का फैसला कम राजस्व और अधिक खर्च को देखते हुए लिया। बता दें कि मीशो सुपरस्टोर छह राज्यों - कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में चल रहे थे।

मुकेश अंबानी ने दुबई में खरीदा सबसे महंगा घर, शाहरुख व बेकहम होंगे पड़ोसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी ने दुबई में एक आलीशान बीच साइड बंगला खरीदने के लिए करार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मुकेश अंबानी दुबई में बीच साइड विला के मिस्टी खरीदार हैं। बताया जा रहा है कि इस विला की कीमत 80 मिलियन डॉलर (6,396,744,880 रुपये) है। अंबानी इस शहर में अब तक के सबसे बड़े रेसिडेंसियल संपत्ति खरीदने वाले शख्स हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाम जुमेराह बीच पर इस संपत्ति को इस साल की शुरूआत में मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी के लिए खरीदा गया है। अंबानी के इस नए विला में एक बेडरूम, एक निजी स्पा और इनडोर व आउटडोर पुल हैं। बता दें कि दुबई शहर अल्ट्रा रिच लोगों के लिए एक पसंदीदा बाजार के रूप में उभर रहा है। बता दें कि वहां की सरकार ने लंबी अवधि के लिए गोल्डन वीजा की पेशकर कर विदेशियों के लिए घर खरीदना आसान बनाया है। इस लोकेशन पर ब्रिटेन के फुटबॉलर डेविड बेकहम और हिंदी सिनेमा के बादशाह शाहरुख खान जैसे दिग्गज अंबानी के नए पड़ोसी होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुबई में हुई संपत्ति डील को सीक्रेट रखा गया है। बताया जा रहा है कि अंबानी इसे अपने मुताबिक बनाने के लिए और इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाखों डॉलर खर्च करने की तैयारी कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक अंबानी के सहायोगी परिमल नाथवानी समूह में कॉरपोरेट मामलों के निदेशक इस विला का प्रबंधन करेंगे। हालांकि, अंबानी का प्राथमिक निवास मुंबई में 27 मंजिला गगनचुंबी इमारत एंटीलिया ही रहेगा।

यूपीआई सेवाओं पर शुल्क लगाने का अभी सही समय नहीं, वित्त मंत्री बोलीं- इससे हो रहा जनता का भला

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को मुफ्त बनाए रखने के सरकार के रुख को दोहराया है। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा है कि सरकार का यह मानना है कि डिजिटल भुगतान प्रणाली से आम लोगों को सहूलियत मिल रहा है, इससे जनता का भलाई हो रहा है इसलिए यह जरूरी है कि यह सेवा आम लोगों को मुफ्त में मिलती रहे। वित्त मंत्री ने कहा हम डिजिटल भुगतान को सार्वजनिक हित के रूप में देखते हैं। लोगों को इन सुविधाओं का स्वतंत्र रूप से उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था का डिजिटलीकरण उनके लिए आकर्षक बना रहे। निर्मला सीतारमण ने कार्यक्रम के दौरान कहा, ह्यहम डिजिटलीकरण के माध्यम से उच्च स्तर की पारदर्शिता हासिल करना चाहते हैं। इसलिए, हमें लगता है कि अभी वढक सेवाओं के लिए शुल्क लेने का उचित समय नहीं आया है। वित्त मंत्री की टिप्पणी वित्त मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट किए जाने के कुछ ही दिनों बाद आई है कि वढक पर कोई शुल्क लगाने की कोई योजना नहीं है। बता दें कि वढक एक जनवरी 2020 से जीरो चार्ज फ्रेमवर्क पर आधारित है। मंत्रालय ने कहा था कि सेवा प्रदाताओं की ओर से वहन की जाने वाली लागत को अन्य माध्यमों से वसूल किया जाएगा। बता दें कि पिछले हफ्ते भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी एक डिस्कशन पेपर में सुझाव मांगा गया था कि यूपीआई और अन्य भुगतान प्रणालियों के माध्यम से लेनदेन पर शुल्क लगाया जाना चाहिए या नहीं।

भारत, स्वीडन के बीच स्वस्थ विमानन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग का करार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और स्वीडन की समकक्ष एजेंसी एलएफवी एयर नेविगेशन सर्विसेज ने विगत शुक्रवार को उत्सर्जन को कम करने वाली नयी पीढ़ी की विमानन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के करार पर हस्ताक्षर किए। यहां राजीव गांधी भवन में एएआई कार्यालय में हुए इस समझौते के तहत भारतीय विमानन क्षेत्र के कई भागीदार इस करार के तहत मिल कर और अगली पीढ़ी की स्वस्थ विमानन प्रौद्योगिकी के विकास और संचालन में प्रमाणिक क्षमताओं के साथ स्वीडन के सहयोग से विमानन के दक्ष समाधानों की खोज करेंगे। बयान में कहा गया है कि इस करार से दोनों देशों के बीच विमानन विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी के द्विपक्षीय आदान-प्रदान का रास्ता आसान होगा। भारतीय कंपनियां स्वीडिश नवाचार और विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए विकास की गति बढ़ाएंगी। करार के तहत कंपनियां आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग कर सकती हैं। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस करार पर एएआई के श्री एम सुरेश (सदस्य, एयर नेविगेशन सर्विसेज) और एलएफवी स्वीडन के उप महानिदेशक मैग्नस कोरेल ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारत में स्वीडन के राजदूत एच.ई क्लास मोलिन और स्वीडन में भारत के राजदूत एच.ई. तन्मय लाल मौजूद थे। विज्ञप्ति के अनुसार इस करार के तहत दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ विमानन क्षेत्र के बारे में नयी जानकारियों और प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान, दोनों एजेंसियों के बीच प्रगाढ़ और मैत्रीपूर्ण संबंध को बढ़ावा देने, विमानपत्तनों के लिए प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने, विमानन क्षेत्र के सुरक्षित, सुनिश्चित, पारिस्थितिकी की दृष्टि से स्वस्थ और कुशल विकास को मजबूत आधार प्रदान करने में सहयोग और द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संवर्धन में सकारात्मक योगदान करने का लक्ष्य रखा है।

अदाणी एग्री फ्रेश ने हिमाचल में खरीदा 7500 टन सेब

हिमाचल प्रदेश देश का सबसे बड़ा सेब उत्पादक है, यहां सालाना आठ से 10 लाख टन सेब का उत्पादन होता है

शिमला (एजेंसी)। अदाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड (एएएफएल) ने हिमाचल प्रदेश में मात्र 10 दिनों में 7500 टन सेब की खरीद की है। माडर्न स्टोरेज की सुविधाओं से लैस अदाणी एग्री फ्रेश के हिमाचल प्रदेश के सेब बाजार में प्रवेश करने के बाद सेब के बेहतर दाम मिलने से सेब उत्पादकों का रुझान एएएफएल के प्रति बढ़ा है। एएएफएल ने तीन स्थानों पर खरीद शुरू की है। हिमाचल प्रदेश देश का सबसे बड़ा सेब उत्पादक है, यहां सालाना आठ से 10 लाख टन सेब का उत्पादन होता है। एएएफएल के हिमाचल प्रदेश के सेब बाजार में प्रवेश करने से भारत और विदेशों में हिमाचल के सेब के लिए बाजार का विस्तार किया है। खराब मौसम और पहाड़ी राज्य में भूस्खलन की घटनाओं ने हालांकि सेब के परिवहन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है, लेकिन एएएफएल सहित निजी कंपनियों द्वारा खरीद जारी रही है। पिछले कुछ वर्षों से, किसानों ने कई कारणों से निजी खरीद कंपनियों का पक्ष लेना शुरू कर दिया है, जिसके पीछे बेहतर मूल्य, बेहतर भुगतान प्रक्रिया और आसान व्यापार प्रक्रिया शामिल है। अदाणी एग्री फ्रेश के प्रवक्ता ने इस उपलब्धि पर कहा, हमने अगस्त के मध्य में अपनी खरीद शुरू होने के पहले दो दिनों के भीतर 2,000 टन सेब की खरीद की थी और परिवहन के साथ चुनौतियों के बावजूद आपूर्ति दिन-ब-दिन बढ़ रही है। किसान संगठित प्लेयर्स की ओर आकर्षित होते हैं क्योंकि हम उन्हें उनकी उपस्थिति में सेब की छंटाई के अलावा समय पर भुगतान के साथ व्यापार की उचित शर्तों की पेशकश करते हैं। बाकी साल हम किसानों को खाद, कीटनाशक, ओलावृष्टि और कृषि के लिए जरूरी अन्य चीजें कम कीमत पर उपलब्ध कराकर उनके साथ अपने संबंधों को पोषण प्रदान करते हैं। हिमाचल प्रदेश की स्थानीय मंडियों में सेब की खरीद, जून के अंत या जुलाई के आरंभ में शुरू होती है, लेकिन प्राइवेट प्लेयर के अगस्त के मध्य या देर तक इंतजार करते हैं और बेहतर कीमतों की पेशकश कर रहे हैं।

वुरम इस वर्ष भारत में 500 से अधिक लोगों को नौकरी देगी

नई दिल्ली। कारोबारी प्रक्रियाओं के स्वचालन संबंधी सेवाएं देने वाली कंपनी वुरम इस वर्ष भारत में तकनीकी क्षेत्र के 500 से अधिक लोगों को नौकरी पर रखेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह बताया। वुरम के निदेशक (कर्मचारी एवं परिचालन) सुरेश कुमार चित्रालयम ने कहा, तेजी से उभरते हाइपर ऑटोमेशन कारोबारों के साथ भारत के पास वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र बनने का अवसर है। 2021 में हमारे साथ 468 लोग जुड़े थे जो 112 फीसदी की वृद्धि के साथ 973 हो गए। इस वर्ष हम 500 लोगों को नौकरी देंगे जिनमें से कम-से-कम 100 नए होंगे जबकि 400 अनुभवी लोग होंगे। कंपनी के चेन्नई, बेंगलुरु और त्रिचुरिपल्ली में कार्यालय हैं और अब वह जयपुर, कोयंबटूर तथा तिरुचिरापल्ली में भी दफ्तर खोलने वाली है।

पुलिस को अडानी तट की सुरक्षा करने का निर्देश

कोच्चि (एजेंसी)। केरल उच्च न्यायालय ने पुलिस से विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह के लिए पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा जहां चर्च समर्थित मछुआरे आजीविका के मुद्दों से संबंधित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। न्यायाधीश अनु सीवारमन ने यह निर्देश अडानी विझिंगजम बंदरगाह प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनी होव इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट द्वारा उनकी सम्पतियां और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर दायर याचिका पर विचार करने के बाद जारी किए। अदालत ने जवाबदेहों के जारी नोटिस में थाना प्रभारी और पुलिस आयुक्त को क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कहा। इससे पहले मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विधानसभा में कहा कि विझिंगम में बंदरगाह निर्माण गतिविधियों में किसी की आजीविका को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने लोगों की वास्तविक समस्याओं का हल निकालने के लिए सरकार के प्रतिबंद्ध होने का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदर्शन कर रहे मछुआरों से विचार विमर्श किया जा सकता है। इस बीच चर्च के पादरियों के समर्थन से मछुआरे परियोजना स्थल के सामने लगातार विरोध करते रहे। अडानी समूह ने निर्माण गतिविधियां को अस्थाई रुप से रोक दिया है।

कृषि क्षेत्र का विविधीकरण ऊर्जा, बिजली क्षेत्र में करने की जरूरत: नितिन गडकरी

मुंबई (एजेंसी)। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि ऊर्जा की कमी का सामना कर रहे भारत को अपने कृषि क्षेत्र का विविधीकरण ऊर्जा एवं बिजली क्षेत्रों में भी करने की जरूरत है। गडकरी ने यहां आयोजित नेशनल कोजनरेशन अवार्ड 2022 समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हर साल बड़ी राशि आयात पर खर्च करनी पड़ती है। उन्होंने कहा, हम हर साल पेट्रोल, डीजल एवं अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर 15 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। ऐसे में अब समय आ गया है कि हम कृषि क्षेत्र का विविधीकरण ऊर्जा एवं बिजली क्षेत्र की तरफ भी करें। उन्होंने उद्योग जगत से वैकल्पिक ईंधनों पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि भविष्योन्मुख प्रौद्योगिकी की सहायता से कृषि क्षेत्र का विविधीकरण किया जा सकता है। गडकरी ने कहा, हमारी 65-70 प्रतिशत आबादी कृषि पर ही निर्भर है लेकिन हमारी कृषि वृद्धि दर सिर्फ 12-13 प्रतिशत है। अगला कदम सह-उत्पादन का होना चाहिए ताकि चीनी से मिलने वाले राजस्व को बढ़ाया जा सके। उद्योग को कम चीनी और अधिक उप-उत्पादों का उत्पादन करना चाहिए जिसमें भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी के लिए दृष्टिकोण और ज्ञान को पूंजी में बदलने वाला नेतृत्व भी हो। उन्होंने कहा कि इस साल के लिए देश को 280 लाख टन चीनी के उत्पादन की ही जरूरत थी लेकिन 360 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिक चीनी उत्पादन के बजाय एथेनॉल पैदा करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही उद्योग जगत को एथेनॉल की मांग बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान देना चाहिए। गडकरी ने कहा कि सरकार ने देश में फ्लेक्स ईंधन से चलने वाले इंजन लाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ह्यह्यबजाज, हीरो और टीवीएस जैसी वाहन कंपनियां पहले से ही फ्लेक्स इंजन बना रही हैं और कई कार कंपनियों ने भी फ्लेक्स इंजन से चलने वाले मॉडल लाने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि ऑटोरिक्शा को भी बायो-एथेनॉल से चलाया जा सकता है। इसके अलावा निर्माण क्षेत्र के उपकरण भी वैकल्पिक ईंधन से चलाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, जर्मनी ने बायो-एथेनॉल से ट्रेन के संचालन वाली प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा बेहद परिष्कृत एथेनॉल का इस्तेमाल विमानन उद्योग में भी किया जा सकता है।

> ■ उन्होंने कहा कि इस साल के लिए देश को 280 लाख टन चीनी के उत्पादन की ही जरूरत थी लेकिन 360 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है।

पेज एक के शेष

सदस्यता जाने पर...

पर दल-बदल की शिकायत की थी। गौरतलब है कि झाविमो के टिकट पर चुनाव लड़ने के बाद बाबूलाल मरांडी ने अपनी पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया था। उस विलय को तब चुनाव आयोग ने भी मंजूरी दी थी।

विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देना चाहते थे बाबूलाल : भाजपा के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, बाबूलाल मरांडी दल-बदल मामले में स्पीकर के फैसले के पूर्व विधायकी से इस्तीफा देना चाहते थे। इस संबंध में उन्होंने पार्टी के आला नेताओं से पेशकश भी की थी, लेकिन पार्टी आलाकमान ने उन्हें ऐसा करने से रोका है। जानकारी के मुताबिक, स्पीकर के फैसले के बाद आगे कई विकल्पों पर विचार किया जायेगा।

क्यों प्रदेश अध्यक्ष बनाने के संकेत : साल 2020 के फरवरी महीने में दीपक प्रकाश को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। दो सालों से अधिक का दीपक प्रकाश का कार्यकाल पूरा हो चुका है। हाल ही में यूपी, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष बदले हैं। झारखंड में भी साल 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव के पहले बाबूलाल को पार्टी सशक्त चेहरे के तौर पर देख रही है। आदिवासी व गैर आदिवासियों के बीच जनप्रिय होने के कारण बाबूलाल मरांडी पर पार्टी दांव खेल सकती है। यही वजह है कि प्रदेश में संगठन को मजबूत व एकजुट करने के लिए पार्टी उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके नेतृत्व में ही झारखंड में अगामी चुनावों की तैयारी की पार्टी की योजना है।

आजाद पार्टी बनायेंगे...

सकता है। जम्मू-कश्मीर में एक और कारक है जैसा कि हमने अब्दुल्ला के साथ देखा है, केंद्र के करीब मानी जानेवाली पार्टी या पीएम को कुछ क्षेत्रों में फायदा मिलता है। कई नेताओं का कहना है कि आजाद अलग पार्टी बनाकर लड़ेंगे तो कांग्रेस, पीडीपी व फारूक की पार्टी को नुकसान पहुंचायेंगे। इसका फायदा भाजपा को होगा। यदि आजाद को कुछ सीटें मिल गयी तो वह भाजपा के सहयोग से मुख्यमंत्री भी हो सकते हैं।

खादी का एक...

करने का प्रेरणा-स्त्रोत बन सकता है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले से मैंने पंच-प्रणों की बात कही थी। साबरमती के तट पर, इस पुण्य जगह पर मैं पंच-प्रणों को फिर दोहराना चाहता हूं। पहला- देश के सामने विराट लक्ष्य, विकसित भारत बनाने का लक्ष्य, दूसरा- गुलामी की मानसिकता का पूरी तरह त्याग, तीसरा- अपनी विरासत पर गर्व, चौथा- राष्ट्र की एकता बढ़ाने का पुरजोर प्रयास और पांचवा-नागरिक कर्तव्य।

श्री मोदी ने कहा कि आजादी के आंदोलन के समय जिस खादी को गांधी जी ने देश का स्वाभिमान बनाया, उसी खादी को आजादी के बाद हीन भावना से भर दिया गया। इस वजह से खादी और खादी से जुड़ा ग्रामोद्योग पूरी तरह तबाह हो गया। खादी की ये स्थिति विशेष रूप से गुजरात के लिए बहुत ही पीड़ादायक थी। उन्होंने कहा कि हमने खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन में खादी फॉर ट्रांसफॉर्मेशन का संकल्प जोड़ा। हमने गुजरात की सफलता के अनुभवों का देशभर में विस्तार करना शुरू किया। देशभर में खादी से जुड़ी जो समस्याएं थीं उनको दूर किया। हमने देशवासियों को खादी के प्रोडक्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

सीमा के पास चीनी सेना कर रही कंस्ट्रक्शन का काम, कैद हुई तस्वीरें

नयी दिल्ली (एजेंसी)। चीनी सेना की कंस्ट्रक्शन गतिविधियों का अरुणाचल प्रदेश में सीमा के पास चल रहे काम को कैमरे में कैद किया है, जिले के स्थानीय लोगों ने कंस्ट्रक्शन में काम आनेवाली मशीनों के काम करते हुए वीडियो बना ली हैं। चागलागम में हाडिगारा-डेल्टा 6 के पास चीन की सेना ये कंस्ट्रक्शन काम चला रही है। चागलाम के बारे में सूत्रों ने कहा कि यहां तक पहुंचने के लिए आम आदमी को करीब चार दिन का समय लग जाता हैं, वहीं भारत-चीन सीमा (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) के पास चागलाम भारत की आखिरी एडमिनिस्ट्रेटिव पोस्ट है। कंस्ट्रक्शन के काम की यह वीडियो 11 अगस्त को बनायी गयी है। भारत-चीन सीमा के निकट स्थित शी योमी जिले के निवासी का कहना है कि एलएसी के पास चीन की बढ़ती कंस्ट्रक्शन गतिविधियां परेशानी का कारण बन रही है, इसलिए भारतीय सेना अब किसी को भी इंटरनेशनल सीमा की तरफ नही जाने देती, हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि भारत की ओर खड़ा किया गया इन्फ्रास्ट्रक्चर बहुत कमजोर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमा सड़क संगठन यहां धीमी गति से काम कर रहा है, जबकि चीन ने सीमा तक पहुंचने के लिए 4-लेन का रास्ता तैयार कर लिया है।

बीएसएफ ने घुसपैठ को नाकाम किया, पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

जम्मू (एजेंसी)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है और जम्मू क्षेत्र के रणबीर सिंह पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि घटना 26-27 अगस्त की दरमियानी रात की है। प्रवक्ता ने कहा कि घुसपैठिया भारतीय सीमा में घुस गया और बाड़ की ओर बढ़ने लगा। जब सैनिकों ने उसे ललकारा तो उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आक्रामक तरीके से बाड़ की ओर बढ़ता रहा। प्रवक्ता ने कहा कि उस पर गोलियां चलाई गईं, जिसके बाद वह गेट के पीछे छिप गया, लेकिन सैनिकों ने गेट खोल दिया और उसे पकड़ लिया। पाकिस्तानी नागरिक की पहचान मोहम्मद शबद (45)के रूप में हुई। वह सियालकोट का रहने वाला है।

पढ़ाई करने विदेश नहीं जा पायेंगी अफगान छात्राएं

तालिबान सरकार ने काबुल छोड़ने पर लगाया बैन, सिर्फ छात्रों को देश छोड़ने की इजाजत

काबुल (एजेंसी)। तालिबान ने छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए विदेश जाने पर बैन लगा दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तालिबान ने छात्राओं को काबुल से कजाकिस्तान और कतर जैसे देशों में हायर एजुकेशन के लिए जाने से मना किया है। सिर्फ छात्रों को ही काबुल से बाहर जाने की इजाजत दी गयी है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद सबसे पहले तालिबान ने एजुकेशन सिस्टम में बदलाव करने शुरू किये। तालिबानी हुकूमत ने लड़कियों के लिए हाई स्कूल और कॉलेज बंद कर दिये थे। महिलाओं के विरोध के बाद क्लास छह तक स्कूल खोले गये। हाल ही में अफगानिस्तान के होम मिनिस्टर और तालिबान के को-डिप्टी लीडर सिराजुद्दीन हक्कानी ने हाई स्कूल खोलने का वादा किया था, लेकिन अब हायर एजुकेशन के खिलाफ नया फरमान जारी कर दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, काबुल से कुछ लड़के और लड़कियां पढ़ाई के लिए विदेश जाना चाहते थे। लेकिन लड़कियों को रोक दिया गया और लड़कों को जाने दिया गया।

लड़कों की तुलना में लड़कियों को कम भोजन : अफगानिस्तान में सत्ता काबिज करने के बाद तालिबान ने कहा था कि वो महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा आजादी देंगे, लेकिन पिछले एक साल में अफगानिस्तान में रहनेवाली महिलाओं की स्थिति दुनिया से छिपी नहीं है। यहां महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। परिवार की लड़कियों को लड़कों की तुलना में कम भोजन मिल पा रहा है।

महिला अधिकारों को लगातार सीमित कर रहा है तालिबान

तालिबान ने काबुल पर कब्जा करने के बाद कहा था- हम 1996 के शासन की तरह इस बार महिलाओं के अधिकारों के साथ किसी कोई खिलवाड़ नहीं करेंगे। वे इस्लाम के दायरे में रहकर महिलाओं की शिक्षा और रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। लेकिन हर दिन तालिबान महिला अधिकारों को सीमित कर रहा है। चाहे वो स्कूल बंद करना हो, सरकारी दफ्तर के दरवाजे महिलाओं के लिए बंद करना हो। तालिबान अपने पुराने रूप में वापसी कर रहा है।

शराब घोटाले में एमसीडी-डीडीए की भूमिका की भी हो जांच : कांग्रेस



नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने दिल्ली के शराब घोटाले को हजारों करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार बताते हुए शनिवार को कहा कि इस मामले में पिछले दो महीने से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया इधर-उधर की बातें खूब कर रहे हैं, लेकिन घोटाले को लेकर पूछे गये सवालों पर चुप्पी साधे हुए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अजय माकन ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (उइक) को इस मामले में सिसोदिया की गहराई से जांच पड़ताल करने के साथ ही दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की भूमिका की भी जांच करनी चाहिए।

उनका कहना था कि जब दिल्ली में शराब की दुकानें खुल रही थीं तो डीडीए तथा एमसीडी ने इस मामले में कार्रवाई क्यों नहीं की। प्रवक्ता ने कहा कि आप दो महत्वपूर्ण मुद्दों स्वराज लाने और भ्रष्टाचार मिटाने को लेकर के सत्ता में आयी, लेकिन दिल्ली के रिहायशी इलाकों में शराब की दुकानें खोलकर उन्होंने अपने इन दोनों बुनियादी बातों को तार-तार कर दिया। कमाल यह है कि एमसीडी-डीडीए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के तहत आते हैं, लेकिन उसने इन शराब की दुकानों को सील करने का काम नहीं किया।

गुलाम नबी के इस्तीफे के बाद मनीष तिवारी भड़के, कहा -

मैं पार्टी का सदस्य हूं किरायेदार नहीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। गुलाम नबी आजाद ने शुक्रवार को सोनिया गांधी के नाम चिट्ठी लिखकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद राज्यसभा सांसद मनीष तिवारी ने अपनी पार्टी को फिर एकबार नसीहत देते हुए कहा कि जी-23 ने जो कांग्रेस सुप्रीमो को पार्टी की स्थिति को लेकर चिट्ठी लिखी थी, अगर उस पर ध्यान दिया गया होता तो आज ऐसी स्थिति नहीं आती। मनीष तिवारी ने कहा कि मैं इस पार्टी का किराएदार नहीं, बल्कि सदस्य हूं। उन्होंने कहा कि दो साल पहले हम में से 23

नेताओं ने सोनिया गांधी को पत्र लिखा था और कहा था कि पार्टी की स्थिति चिंताजनक है और इस पर गंभीरता ध्यान दिया जाये। उस पत्र के बाद कांग्रेस सभी विधानसभा चुनाव हार गयी। अगर कांग्रेस और भारत एक जैसे सोचते हैं तो लगता है कि दोनों में से किसी एक ने अलग सोचना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि 1885 से मौजूद कांग्रेस पार्टी और भारत के बीच दरार आ गयी है। मुझे लगता है कि 20 दिसम्बर 2020 को सोनिया गांधी के आवास पर हुई बैठक में सहमति बन गयी होती तो यह स्थिति नहीं आती। कांग्रेस सांसद आगे कहते हैं कि गुलाम नबी आजाद के पत्र के गुण-दोष में मैं नहीं जाना चाहता। वह इसके बारे में समझाने की सबसे अच्छी स्थिति में होंगे।

सोनाली फोगाट हत्याकांड में पीएम समेत चार गिरफ्तार

- पीए सुधीर, दोस्त सुखविंदर को 10 दिन की पुलिस कस्टडी

फतेहाबाद (एजेंसी)। हरियाणा के हिसार से भाजपा नेता और टिकटॉक स्टार सोनाली फोगाट की मौत के मामले में गोवा पुलिस ने कर्लीज क्लब के मालिक और एक ड्रग पैडलर को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में सुधीर सांगवान और सुखविंदर समेत चार की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने कर्लीज क्लब के बाथरूम से ड्रग्स भी बरामद किया है। इस बात की पुष्टि गोवा के आईजी ओमवीर बिश्नोई ने की है। कोर्ट ने सुखविंदर सिंह और सुधीर सांगवान को 10 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा है। इस बीच गोवा कांग्रेस भी पूरे मामले में पुलिस और भाजपा पर हमलावर हो गयी है। कांग्रेस की गोवा इकाई के नेता माइकल लोबो ने आरोप लगाया है कि पुलिस सोनाली फोगाट हत्याकांड को रफा-दफा करने की कोशिश कर रही है ऐसे में इस केस की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

रेप-ब्लैकमेलिंग की जांच के लिए हरियाणा जायेगी गोवा पुलिस : सोनाली फोगाट मर्डर केस की जांच के लिए गोवा पुलिस की एक टीम हरियाणा आयेगी। गोवा के डीजीपी जसपाल सिंह ने बताया कि सोनाली के परिजन ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि सुधीर सांगवान ने तीन साल पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस दौरान सुधीर ने उसकी एक वीडियो बना ली थी। इस वीडियो के आधार पर ही सुधीर सोनाली को ब्लैकमेल करता था। सोनाली के परिजन ने आरोप लगाया था कि सुधीर ने धमकी दी थी कि अगर सोनाली ने यह बात किसी को बतायी तो वह उसका कैरियर खराब कर देगा।

सुधीर-सुखविंदर ने सोनाली को ड्रग्स देने की बात कबूली

गोवा के डीजीपी जसपाल सिंह के अनुसार सुधीर और सुखविंदर ने कबूल किया है कि उन्होंने 22 अगस्त की रात सोनाली को जबरदस्ती ड्रग दी। उन्हें लिक्विड में मिलाकर केमिकल दिया गया। ड्रग की ओवरडोज से सोनाली की तबीयत बिगड़ी तो दोनों उन्हें वॉशरूम में ले गये। दोनों सोनाली के साथ दो घंटे वॉशरूम में ही बैठे रहे।

गलती से बुलेट लेकर एयरपोर्ट पहुंचा टीचर, कोर्ट ने एक महीने तक बच्चों को एक्स्ट्रा क्लास देने की सुनाई सजा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में एक सरकारी स्कूल का टीचर गलती से अपने साथ लाइव कार्ट्रिज लेकर इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंच गया। एयरपोर्ट प्रबंधन ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट 1959 के सेक्शन 25 के तहत इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पुलिस स्टेशन पर एफआईआर दर्ज करायी गयी। मामले की सुनवाई के दौरान जज ने टीचर का पक्ष जानने के बाद एफआईआर को खारिज कर दिया और उसे बच्चों को एक्स्ट्रा क्लास देने की सजा सुनायी। दरअसल, टीचर ने एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान उसने कोर्ट को बताया था कि एयरपोर्ट पर उसके पास से जो कार्ट्रिज बरामद हुआ वह उसे 2008-09 में चमोली उत्तराखंड में सड़क पर पड़ा हुआ मिला था, जब वह स्कूल में पढ़ाई ही कर रहा था। तब से यह कार्ट्रिज उसके पास है और वह गलती से उसे एयरपोर्ट लेकर चला गया था। टीचर का पक्ष जानने के बाद जस्टिस जसमीत सिंह ने टीचर को आदेश दिया कि वह अपने स्कूल में एक महीने तक कमजोर बच्चों को एक्स्ट्रा क्लास में पढ़ायेंगे। जस्टिस ने डायरेक्टोरेट ऑफ एजुकेशन को इस इलाके के प्राइमरी क्लास के कमजोर बच्चों की लिस्ट बनाने का निर्देश दिया है। वहीं, स्कूल के प्रिंसिपल को भी कहा गया है कि वे स्कूल में एक कमरे की व्यवस्था करायें जहां पर रोजाना दो घंटे की एक्स्ट्रा क्लास लगायी जायेगी। इसमें सभी कोविड प्रोटोकॉल्स का पालन किया जाना जरूरी होगा। जज ने कहा कि एजुकेशन ऑफिसर और प्रिंसिपल को इस बात को सुनिश्चित करना होगा कि आदेश का पालन हो रहा है।

सीएम के खिलाफ शिकायत पर राज्यपाल नहीं ले सकेंगे फैसला

- केरल में भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई से बचने के लिए सरकार ने राज्यपाल की शक्तियां की कम
- विधानसभा की विचार समिति ने लोकायुक्त संशोधन विधेयक को किया पारित

तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)। केरल के तिरुअनंतपुरम में भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई से बचने के लिए सरकार ने राज्यपाल की शक्तियां कम कर दी हैं। इस बारे में विधानसभा की विचार समिति ने लोकायुक्त संशोधन विधेयक को पारित कर दिया है। संशोधन के तहत मुख्यमंत्री के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत होने पर राज्यपाल के पास फैसला लेने का अधिकार नहीं होगा। यह अधिकार अब विधानसभा को दे दिया गया है। जबकि मंत्रियों के खिलाफ रिपोर्ट आने पर मुख्यमंत्री फैसला लेंगे और विधायकों के खिलाफ शिकायत का फैसला विधानसभा अध्यक्ष लेंगे। हालांकि, जनसेवक के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत होने पर अपीलीय अधिकारी कौन होगा, इसका फैसला नहीं हुआ है।

संशोधन विधेयक पर विधानसभा में होगी चर्चा : संशोधन विधेयक पर 29 अगस्त को विधानसभा में भी चर्चा होनी है। बता दें कि ये फैसला उस समय हुआ, जब खुद मुख्यमंत्री विजयन पर राज्य के फंड के दुरुपयोग का आरोप लगा। उच्च शिक्षा मंत्री आर बिंदू के खिलाफ भी आरोपों सहित लोकायुक्त के समक्ष सरकारी अनियमितताओं के बारे में कई शिकायतें हैं। ऐसे में सरकार राहत खोजने में जुटी हुई थी। विश्लेषकों का मानना है कि विजयन को अपनी सदस्यता जाने का डर था, इसी कारण संशोधन लाये।

विपक्ष ने संशोधन को संविधान का उल्लंघन बताया

राज्य के कानून मंत्री पी राजीव ने इस कदम को सही ठहराते हुए कहा कि सरकार लोकायुक्त को न्यायिक प्रणाली के बजाय एक जांच तंत्र के रूप में देखती है। कोई भी जांच एजेंसी सजा तय नहीं कर सकती है। वहीं, विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने कहा कि यह संशोधन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के खिलाफ है। ये संविधान का उल्लंघन है। साथ ही न्यायपालिका का भी।

राज्यपाल ने कहा- पारित बिलों पर नहीं करेंगे हस्ताक्षर : विधेयक पास होने के बाद सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव बढ़ सकता है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान इस बारे में पहले ही वाम सरकार को चेतावनी दे चुके हैं। उन्होंने कहा था कि वह विधानसभा द्वारा पारित उन विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे, जो संविधान की भावना और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ जाते हैं।